# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

haribhoomi.com भोपाल, शनिवार 8 मार्च 2025


जीवन देने वाली 108 एंबुलेंस बनी मासूम की मौत की वजह

ऐसे में हम अपनी बच्चियों को भला कैसे बचा सकेंगे? महिला दिवस पर समाज इसका जवाब दे

# बीच रास्ते में ऑक्सीजन खत्म, तड़पकर मासूम बच्ची की मौत



## एंबुलेंस का ड्राइवर मौके से पर्चा लेकर फरार हुआ, परिजनों ने लगाया गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते एक तीन साल के मासूम बच्ची की मौत हो गई। बच्ची को गुना अस्पताल से भोपाल रेफर किया गया था। परिजन 108 एंबुलेंस में लेकर जा रहे थे लेकिन उसमें रखे ऑक्सीजन सिलेंडर में ऑक्सीजन ही नहीं थी। परिजनों का कहना है कि एंबुलेंस का ड्राइवर रेफर पर्चा और अन्य जरूरी कागज लेकर फरार हो गया। दरअसल, गुना ▶▶ शेष पेज 2 पर



### दूसरा सिलेंडर भी खाली था

*ओंकार ने बताया कि वे एंबुलेंस से बच्ची को लेकर भोपाल जा रहे थे, तभी ब्यावरा से 5 किमी पहले ही सिलेंडर में ऑक्सीजन खत्म हो गई। जब उन्होंने वहां मौजूद कर्मचारियों को इस बात की जानकारी दी तो उन्होंने एंबुलेंस में रखा दूसरा ऑक्सीजन सिलेंडर लगाया। उस सिलेंडर में पहले से ही गैस खत्म थी। कुछ देर बाद बच्ची की तबीयत और बिगड़ने लगी। सिविल अस्पताल ब्यावरा पहुंचे तो डॉक्टरों ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया।*

### सामान फेंककर भाग गया चालक

*बच्ची के परिजनों ने आरोप लगाया कि 108 एंबुलेंस का चालक उनके कपड़े और अन्य सामान फेंककर वहां से चले गए। गाड़ी में रखा जरूरी कागज वे ले गए। परिजनों ने कार्रवाई की मांग की है। घटना की सूचना मिलने पर देहात थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर मामला जांच में लिया है। शव का पीएम कराया गया है। ब्यावरा देहात थाने के एएसआई बीएल मवासे ने बताया कि बच्ची की मौत की सूचना अस्पाल से मिली थी। जिसके बाद अस्पताल पहुंचकर मर्ग कायम कर बच्ची के शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया है।*


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### युवक की हत्या से तनाव पुलिस का हाई अलर्ट



**सीहोर।** जिले में एक युवक की चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी गई, जिससे इलाके में तनाव फैल गया। हत्या के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। दुकानों को जबरन बंद करवा दिया और आगजनी कर विरोध जताया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जिले के एसपी दीपक कुमार शुक्ला भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कार्रवाई शुरू की।

### गोहत्या से आक्रोश शहर बंद का ऐलान



**दमोह।** यहां गोहत्या का मामला सामने आने से तनाव फैल गया। सीता बावड़ी इलाके के एक घर में गाय काटे जाने की सूचना पर हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने छापा मारा, जहां कसाइयों ने उन पर गोली चला दी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने तीन आरोपियों को रंगे हाथों हिरासत में लिया और मृत गाय का पोस्टमॉर्टम कराया, जिसमें पता चला कि गाय चार-पांच माह की गर्भवती थी।

बदले सुर : राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सख्ती के बाद चीन को याद आई भारत की 'दोस्ती'

# कहा-ड्रैगन-हाथी मिलकर दुनिया बदल सकते हैं, हम लड़ें नहीं, आओ साथ चलें



अब तक भारत की ओर से चीन के इस बयान पर कोई जवाब नहीं दिया गया

चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने कहा कि यह समय है, जब दिल्ली और बीजिंग को साथ मिलकर काम करना चाहिए



फाइल फोटो

नई दिल्ली ▶▶ बीजिंग

अमेरिका के साथ ट्रेड वार और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से 20 फीसदी टैरिफ लगाए जाने के ऐलान से चीन परेशान हो गया है। यही नहीं चीन ने अब भारत की तरफ दोस्ती का हाथ बढ़ाया है। चीन का कहना है कि यदि भारत और हम एक-दूसरे से मुकाबले की बजाए साथ आ जाएं तो दुनिया के व्यापारिक समीकरण ही बदल सकते हैं। चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने शुक्रवार कहा कि यह समय है, जब दिल्ली और बीजिंग को साथ मिलकर काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एकाधिकार और पावर पॉलिटिक्स का मुकाबला हमें साथ मिलकर करना चाहिए। नेशनल पीपुल्स कांग्रेस की मीटिंग के बाद वांग ने कहा कि ड्रैगन और एलिफेंट को साथ डांस करना चाहिए। फिलहाल, यही सबसे सही चीज है। वांग यी ने कहा कि हमें एक दूसरे से मुकाबला करने की बजाए मजबूती से सहयोग करना चाहिए। इससे हमारे परस्पर हितों के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि यदि एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं साथ आ जाएंगी तो फिर ग्लोबल साउथ का भविष्य उज्ज्वल होगा। उन्होंने कहा कि वैश्विक संबंधों में लोकतांत्रिक प्रक्रिया का विकसित होना जरूरी है। अब तक भारत की ओर से चीन के इस बयान पर कोई जवाब नहीं दिया गया है। वहीं, गुरुवार को ही विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा था कि भारत सरकार चीन के साथ अच्छे रिश्ते रखने की पहल कर रही है। चीन के नियंत्रण में आने वाले तीर्थस्थानों तक डायरेक्ट फ्लाइट्स और पत्रकारों की आवा-जाही पर बात हो रही है।

**चीन बोला- एकाधिकार और पावर पॉलिटिक्स का मुकाबला हमें साथ मिलकर करना चाहिए**

एशिया की दो सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाएं साथ आ जाएंगी तो ग्लोबल साउथ का भविष्य उज्ज्वल होगा

### दिल्ली के साथ हमारे संबंधों में सुधार हुआ

चीनी विदेश मंत्री ने यह बात तब कही, जब उनसे भारत के साथ संबंधों को लेकर सवाल पूछा गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली के साथ हमारे संबंधों में सुधार हुआ है। बीते एक साल में हमने रिश्ते सुधारे हैं। सीमाओं से सेनाएं हटी हैं और शांति बहाल हुई है। इसके अलावा बीते साल अक्टूबर में पीएम नरेंद्र मोदी से चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग की मुलाकात हुई थी।

### हम तैयार हैं... ट्रंप के ट्रेड वार पर चीन ने भी स्वीकार किया चैलेंज

मंगलवार को ही ट्रंप ने एक आदेश पर साइन किया, जिसके तहत चीन से होने वाले आयात पर टैरिफ 20 फीसदी तक किया जाना है। ट्रंप ने कहा कि चीन से नशीली दवा फेंटानिल की सप्लाई कम नहीं हो रही है। ऐसे में उससे निपटने के लिए ही यह फैसला लिया गया है। इस पर दवाब देते हुए अमेरिका में चीन के दूतावास ने कहा कि यदि अमेरिका जंग ही चाहता है, चाहे टैरिफ, ट्रेड या फिर कोई और हो तो हम उसके लिए भी तैयार हैं।

### सीमा विवाद के आधार पर द्विपक्षीय संबंध तय न हों

चीनी विदेश मंत्री ने कहा कि हमें देखना होगा कि सीमा विवाद के आधार पर द्विपक्षीय संबंध तय न हों। उसे अलग नजरिए से देखा जाए। चीन और अमेरिका के बीच टैरिफ वार जारी है। अमेरिका की सत्ता पर डोनाल्ड ट्रंप ने काबिज होते ही कई सख्त फैसले लिए हैं। चीन, कनाडा, मेक्सिको और भारत जैसे देशों पर डोनाल्ड ट्रंप टैरिफ बढ़ाना चाहते हैं।

सीएम ने कहा कि तालाब का जल्द सर्वे कराएं



# भोपाल के बड़े तालाब के संरक्षण के लिए तत्काल ही सख्त कदम उठाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल के बड़े तालाब के आसपास हो रहे अवैध अतिक्रमण पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सख्त रुख अपनाने का निर्णय लिया है। उन्होंने अधिकारियों से साफ कर दिया कि भोपाल का बड़ा तालाब हमारी समृद्ध धरोहर का हिस्सा है, सर्वे कराकर इसके संरक्षण के लिए जरूरी कदम उठाएं। सभी जिम्मेदार अधिकारी भोपाल तालाब के आस-पास हो रही निर्माण गतिविधियों के प्रति सतर्क रहें और ऐसे लोगों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मुख्यमंत्री निवास में हुई पर्यावरण विभाग की समीक्षा बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि बड़े तालाब के आस-पास हो रहे अवैध निर्माण और सीहोर से बड़े तालाब में आने वाले जल को अवरूद्ध करने वाली संरचनाओं के विरूद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

- औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाले डिस्चार्ज का प्लांट में ही हो ट्रीटमेंट

बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, एसीएस (मुख्यमंत्री) डॉ. राजेश राजौरा, सचिव पर्यावरण नवनीत मोहन कोठारी तथा अन्य अधिकारी मौजूद थे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की नदियों तथा अन्य जल संरचनाओं को प्रदूषण से मुक्त रखने के लिए इनके आस-पास की औद्योगिक इकाइयों के प्रति सतर्क रहने की जरूरत है। यह सुनिश्चित करें कि औद्योगिक इकाइयों के उनके यहां से निकलने वाले डिस्चार्ज का अपने प्लांट में ही ट्रीटमेंट करें। बड़े होटलों पर भी यह यही व्यवस्था लागू हो। मुख्यमंत्री ने सिंहस्थ-2028 के दृष्टिगत क्षिप्रा तथा कान्ह ▶▶ शेष पेज 2 पर

### नदियों के आस-पास हो रही खनन गतिविधियों को नियंत्रित करें

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जल संरचनाओं में जल जीवों, जल वनस्पतियों की स्थिति और जल की गुणवत्ता के अध्ययन के लिए विश्वविद्यालयों को भी साथ जोड़ा जाए। नदियों के आस-पास हो रही खनन गतिविधियों को नियंत्रित करना जरूरी है। इसके साथ ही खनन के बाद छोड़े दिए गए गड्ढों को भरने के लिए नगरीय निकाय और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का दायित्व निर्धारित करें। खनन के बाद छूटे स्थानों को तालाब के रूप में विकसित किया जा सकता है, इससे आस-पास के क्षेत्र के जल स्तर में भी सुधार होगा।

शादी के बाद महिला की पढ़ाई जारी रखने के पक्ष में नहीं था सुसराल पक्ष

# पत्नी को पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर करना मानसिक क्रूरता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर




हाई कोर्ट की इंदौर बेंच ने कहा है कि किसी महिला को उसके पति द्वारा पढ़ाई छोड़ने के लिए मजबूर करना और महिला पर किसी ऐसे व्यक्ति के साथ रहने के लिए दबाव डालना मानसिक क्रूरता की श्रेणी में आता है जो न तो शिक्षित है और न ही खुद में सुधार के प्रति उत्सुक है। उच्च न्यायालय ने एक महिला की गुहार पर उसके पति के साथ उसकी शादी को कानूनन रद्द करते हुए यह टिप्पणी की। इस महिला ने उच्च न्यायालय में शाजापुर के कुटुम्ब न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ अपील की थी, जिसमें पति से ▶▶ शेष पेज 2 पर






ग्रामीण शासन में महिलाओं के वास्तविक नेतृत्व को बढ़ावा देने

# पंचायती राज मंत्रालय ने 'सरपंच पति' संस्कृति के खिलाफ शुरू की बड़ी मुहिम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

यह अभियान मंत्रालय के सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का हिस्सा



महिला दिवस विशेष

पंचायती राज मंत्रालय ने ग्रामीण शासन में महिलाओं के वास्तविक नेतृत्व को बढ़ावा देने और सरपंच पति संस्कृति को खत्म करने के लिए एक नई मुहिम की शुरुआत की है। इस प्रथा में चुनी हुई महिला प्रतिनिधियों की जगह उनके पति या पुरुष रिश्तेदार फैसले लेते हैं, जिससे महिलाओं के संवैधानिक अधिकार कमजोर पड़ते हैं।

इस अभियान के तहत, मंत्रालय ने द वायरल फीवर के साथ मिलकर डिजिटल सामग्री तैयार की है, जो पंचायत व्यवस्था में महिलाओं की भूमिका को लेकर जागरूकता बढ़ाएगी। इस पहल की पहली कड़ी असली प्रधान कौन? का प्रीमियर 4 मार्च 2025 को हुआ। यह फिल्म लोकप्रिय वेब सीरीज पंचायत के आधार पर बनाई गई है और इसमें नीना गुप्ता, चंदन रॉय और फैसल मलिक जैसे प्रसिद्ध कलाकार शामिल हैं। इस फिल्म को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में प्रदर्शित किया गया, जहां देशभर से आई 1,200 महिला पंचायत प्रतिनिधियों ने इसे देखा। फिल्म की कहानी एक महिला ग्राम प्रधान के नेतृत्व को दर्शाती है, जो अपने गांव के विकास के लिए ठोस फैसले लेती है।

### दो और फिल्में जल्द ही जारी होंगी

*यह अभियान मंत्रालय के सशक्त पंचायत नेत्री अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य पंचायतों में चुनी हुई महिला नेताओं को प्रशिक्षण और समर्थन देना है, ताकि वे अपने संवैधानिक अधिकारों और जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निभा सकें। यह अभियान पंचायतों में महिलाओं की वास्तविक भागीदारी को मजबूत करने और उनके अधिकारों को छीनने वाली प्रथाओं को समाप्त करने के लिए शुरू किया गया है। मंत्रालय इस अभियान के तहत दो और फिल्में जल्द ही जारी करेगा। पहली फिल्म डिजिटल पारदर्शिता पर आधारित होगी, जो दिखाएगी कि कैसे तकनीक ग्रामीण शासन को बेहतर बना सकती है। दूसरी फिल्म स्वयं का राजस्व स्रोत पर केंद्रित होगी, जो पंचायतों के लिए आर्थिक स्वतंत्रता के महत्व को समझाएगी। इन आगामी प्रस्तुतियों में दुर्गेश कुमार और बुल्लू कुमार जैसे कलाकार भी शामिल होंगे, जो मंत्रालय के मिशन को बढ़ाने में मदद करेंगे।*




अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

# विकास की धुरी बन रही प्रदेश की सशक्त नारी



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

द्वारा

1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को ₹ 1552.73 करोड़

26 लाख बहनों को सिलेंडर रीफिलिंग राशि ₹ 55.95 करोड़ का अंतरण



स्व-सहायता समूह सम्मेलन

(सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थल)
क्षेत्रीय सम्मेलन का शुभारंभ

राज्य स्तरीय पुरस्कार वितरण

8 मार्च, 2025 । पूर्वाह्न 11:00 बजे । कुशाभाऊ ठाकरे सभागार, भोपाल

D-11208/24

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @JansamparkMP JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं

haribhoomi.com | भोपाल, शनिवार 8 मार्च 2025




## पंचकूला में वायुसेना का जगुआर फाइटर जेट क्रैश

# सूझबूझ को सैल्यूट... पायलट विमान को जमीन की किसी भी बस्ती से ले गया दूर जंगल में, ताकि कोई जनहानि न हो

विमान ने प्रशिक्षण उड़ान के लिए अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

पंचकूला के एक गांव में वायुसेना का फाइटर जेट क्रैश हो गया। हादसे से पहले पायलट ने पैराशूट से छलांग लगा दी जिससे उनकी जान बच गई। फाइटर जेट पूरी तरह से जल गया है और इसके टुकड़े आसपास बिखरे हुए हैं।

स्थानीय लोगों ने पायलट को जंगल से निकाला और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है। घटना पर वायुसेना की प्रतिक्रिया भी आई है। मोरनी के बालदवाला गांव के पास यह हादसा हुआ। पंचकूला जिले के रायपुररानी के एसएचओ ने बताया कि पंचकूला जिले के पहाड़ी इलाके में भारतीय वायुसेना का विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। पायलट ने विमान को जमीन पर किसी भी बस्ती से दूर ले गया ▶▶ शेष पेज 2 पर

◆ पायलट ने पैराशूट की मदद से बचाई अपनी जान





### बागडोगरा में वायुसेना का एएन-32 विमान क्रैश, बाल-बाल बचे क्रू मेंबर्स

दूसरी घटना पश्चिम बंगाल के बागडोगरा में हुई। यहां भारतीय वायुसेना का एएन-32 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट आपात लैंडिंग के दौरान क्रैश हो गया। वायुसेना के अधिकारियों के मुताबिक विमान में सवार सभी क्रू मेंबर्स सुरक्षित हैं। वायुसेना की टीमें मौके पर पहुंचकर विमान को सुरक्षित हटाने का काम कर रही हैं। अधिकारियों ने इस घटना की विस्तृत जानकारी नहीं दी है। एक ही दिन दो घटनाएं वायुसेना की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाती हैं?


inh 24x7

छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें

TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## ख़बर संक्षेप

### आज लाड़ली बहनों के खातों में आएगी राशि



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर लाड़ली बहना योजना में 1250 रुपए के हिसाब से 1.27 करोड़ लाभार्थी महिलाओं के खाते में अंतरण करेंगे। सीएम यादव कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर से लगभग 1552.73 करोड़ रुपए की राशि का सिंगल क्लिक से महिलाओं को सौगात देंगे।

### महिलाओं के हाथों में पीएम मोदी की सुरक्षा



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर गुजरात के नवसारी जिले में एक विशाल कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इस अवसर पर पीएम मोदी के कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था की कमान महिला पुलिस कर्मियों के हाथों में होगी। वहीं, सोशल मीडिया अकाउंट्स भी महिलाएं ही संभालेंगी।

### आईएफएस अफसर ने कूदकर दी जान



**नई दिल्ली।** दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में एक आईएफएस अधिकारी ने खुदकुशी कर ली है। बताया जा रहा कि अफसर कई दिनों से किसी बात को लेकर परेशान चल रहे थे। जिसका वह इलाज भी करवा रहे थे। अफसर ने शुक्रवार को बिल्डिंग से कूदकर अपनी जान दी है। अधिकारी का नाम जितेंद्र रावत बताया जा रहा है और वे उत्तराखंड के रहने वाले थे।

## बड़ी टिप्पणी : भ्रष्टाचार मामले में सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी

# 'भाड़े के हत्यारों' से भी ज्यादा खतरनाक हैं भ्रष्ट नेता-अफसर

समाज की प्रगति में बाधा डालने वाला एकमात्र कारक है **भ्रष्टाचार**

*ऐतिहासिक समानताएं दर्शाते हुए शीर्ष अदालत ने ब्रिटिश राजनेता एडमंड बर्क के शब्दों का हवाला दिया कि सामान्य रूप से भ्रष्ट लोगों के बीच, स्वतंत्रता लंबे समय तक नहीं टिक सकती, और इस बात पर दुख जताया कि भ्रष्टाचार अपने सुप्रलेखित परिणामों के बावजूद अनियंत्रित बना हुआ है*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार की कड़ी आलोचना की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सरकार और राजनीतिक दलों के उच्च स्तरों पर बैठे भ्रष्ट तत्व समाज के लिए भाड़े के हत्यारों से भी ज्यादा खतरनाक हैं।

जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस आर महादेवन की पीठ ने कहा कि यदि विकासशील देश के समाज को कानून और व्यवस्था के लिए किराए के हत्यारों से भी बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो वह सरकार और राजनीतिक दलों के उच्च पदों पर बैठे भ्रष्ट तत्वों से है। ऐतिहासिक समानताएं दर्शाते हुए शीर्ष अदालत ने ब्रिटिश राजनेता एडमंड बर्क ▶▶ शेष पेज 2 पर

*भ्रष्टाचार मुक्त समाज के लिए रिहाई से इनकार करने में संकोच न करें अदालतें*

*आर्थिक अशांति होती है और जनता का विश्वास टूटता है इस भ्रष्टाचार से*



### अदालतों को दिए निर्देश

#### अभियुक्त की स्वतंत्रता से कर दें इनकार

कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि अभियुक्त की स्वतंत्रता के प्रति अत्यधिक आग्रहपूर्ण श्रद्धांजलि कभी-कभी सार्वजनिक न्याय के उद्देश्य को पराजित कर सकती है। साथ ही कहा कि यदि किसी अभियुक्त को स्वतंत्रता से वंचित करने से भ्रष्टाचार मुक्त समाज सुनिश्चित होता है, तो अदालतों को ऐसी स्वतंत्रता से इनकार करने में संकोच नहीं करना चाहिए। उनकी याचिका को खारिज करते हुए शीर्ष अदालत ने कहा कि निर्दोषता की धारणा एक महत्वपूर्ण सिद्धांत है, लेकिन अग्रिम ▶▶ शेष पेज 2 पर

#### जो दलालों के माध्यम से मूल्वान चीजें लेते हैं वे भी दंडनीय

पीठ ने आगे स्पष्ट किया कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत अभियोजन के लिए रिश्वत का वास्तविक आदान-प्रदान आवश्यक नहीं है। फैसले में कहा गया है कि वे सरकारी कर्मचारी जो सीधे तौर पर रिश्वत नहीं लेते हैं, बल्कि बिचौलियों या दलालों के माध्यम से लेते हैं, और वे लोग जो उन लोगों से मूल्यवान चीजें स्वीकार करते हैं जिनके साथ उनका आधिकारिक लेन-देन है या होने की संभावना है, वे भी दंडनीय हैं।

#### और, क्या कहा कोर्ट ने?

**भ्रष्टाचार को अक्सर दंड से मुक्त होकर पनपने दिया जाता है**

भ्रष्टाचार की जड़ जमाए प्रकृति की निंदा करते हुए पीठ ने कहा कि यदि किसी से पूछा जाए कि वह एकमात्र कारक क्या है जिसने हमारे समाज की समृद्धि की ओर प्रगति को प्रभावी रूप से अवरुद्ध कर दिया है, तो निस्संदेह वह भ्रष्टाचार है। कोर्ट ने कहा कि भ्रष्टाचार को अक्सर दंड से मुक्त होकर पनपने दिया जाता है, विशेष रूप से उच्च पदस्थ व्यक्तियों के बीच, जिसके कारण आर्थिक अशांति और जनता का विश्वास टूटता है। पीठ ने कहा कि यदि भ्रष्टाचार के बारे में जो कुछ भी आम धारणा है उसका एक अंश भी सच है, तो यह सच से बहुत दूर नहीं होगा कि उच्च पदस्थ लोगों द्वारा दंड से मुक्त होकर किए जा रहे व्यापक भ्रष्टाचार के कारण ही इस देश में आर्थिक अशांति पैदा हुई है।

## जबलपुर से ग्रीन कॉरिडोर से भेजे ऑर्गन

# ब्रेनडेड बुजुर्ग ने इंदौर, भोपाल के मरीजों को दिया जीवनदान



चौधरी के परिजन ने दी अंगदान की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/भोपाल

मानवता की मिसाल पेश करते हुए भेड़ाघाट निवासी 54 वर्षीय पूरनलाल चौधरी, जो बिल्डिंग मजदूर का काम करते थे, उनके अंगदान ने कई जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन दिया है। नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के सुपर स्पेशलिटी अस्पताल में भर्ती पूरनलाल का इलाज के दौरान ब्रेनडेड घोषित किया गया। चिकित्सकों की प्रेरणा और परिवार की सहमति से बुजुर्ग के अंगदान की प्रक्रिया पूरी की गई। एक किडनी जबलपुर के निजी अस्पताल और दूसरी ▶▶ शेष पेज 2 पर

## सिंघाना में हृदय विदारक घटना

# नहर में डूबने से 2 बच्चों की मौत खबर सुन पिता को हार्ट अटैक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार



पिता की भी हुई अस्पताल में मौत

मनावर थाना अंतर्गत सिंघाना पुलिस चौकी के ग्राम अजंदीकोट के पास ओंकारेश्वर नहर में बड़ी घटना घटी। इसमें दो बच्चों की नहर में डूबने से मौत हो गई।

गुरुवार को दोपहर करीब 3 बजे सिंघाना से आधा किलोमीटर दूर अजंदी रोड पर स्थित ओंकारेश्वर परियोजना की नहर में चार बच्चे नहाने के लिए पहुंचे थे। जैसे ही दोनों बच्चे नहर में छलांग लगाई वह डूबने लगे इसके बाद नहर के किनारे खड़े दो बच्चे घबरा गए और दौड़ते हुए अपने घर गए। सूचना मिलते ही सैकड़ों लोग नहर के पास पहुंच गए। करीब शाम 6 बजे बाद बच्चों के शव ▶▶ शेष पेज 2 पर

## मथुरा में लट्ठमार होली की धूम



### उत्सव देखने पहुंचे लाखों श्रद्धालु

**मथुरा।** रंगों का त्योहार होली हर साल फाल्गुन माह की पूर्णिमा तिथि को मनाई जाती है। इस साल होली 14 मार्च को है। भगवान कृष्ण की नगरी मथुरा और उसके आस-पास के क्षेत्रों में होली का उत्सव खास होता है। बरसाना की लट्ठमार होली देश ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में प्रसिद्ध है। यह 40 दिनों तक मनाया जाता है। होली की शुरुआत राधा रानी की जन्मस्थली बरसाना से होती है। इस साल लट्ठमार होली ▶▶ शेष पेज 2 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

## कार्तिकेय और अमानत शादी के बंधन में बंधे

# शिवराज ने बेटा-बहू को शादी में दिलाया 8वां वचन



एजेंसी ▶▶ जोधपुर

मप्र पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के बड़े बेटे कार्तिकेय की शादी अमानत बंसल के साथ हो गई है। दोनों ने शादी के पवित्र बंधन में बंधते हुए सात फेरे लिए। इसके बाद मामा शिवराज ने बेटा-बहू को आठवां वचन दिलाया। शादी की रस्में जोधपुर के उम्मेद भवन पैलेस में पूरी हुई हैं। सात फेरे लेने के बाद मामा ने बेटे बहू को आठवें वचन के तौर पर पर्यावरण की सुरक्षा की जिम्मेदारी दी। इसे कार्तिकेय और अमानत ने स्वीकार भी किया।

शिवराज ने कहा कि हमको दोनों परिवारों का मान सम्मान बनाते हुए औरों के लिए भी जीना है। सम्मान की ▶▶ शेष पेज 2 पर

## मां ने लिखा इमोशनल पोस्ट

# पत्नी से प्रताड़ित निशांत त्रिपाठी ने लगाई फांसी



मां ने लिखा- 37 हजार से अधिक महिलाओं को न्याय दिलवाया

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अतुल सुभाष की तरह 41 वर्षीय अभिनेता निशांत त्रिपाठी ने अपनी पत्नी पर उत्पीड़न का आरोप लगाकर सुसाइड कर लिया। निशांत त्रिपाठी का शव मुंबई के विले पार्ले स्थित एक होटल में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। निशांत अपने सुसाइड नोट में पत्नी और उसकी मौसी को आत्महत्या का जिम्मेदार बताया।

निशांत द्वारा सुसाइड किए जाने के एक दिन बाद, उनकी मां नीलम चतुर्वेदी ने एक लंबा और इमोशनल ▶▶ शेष पेज 2 पर

## 21, 22 एवं 23 मार्च को होगी

# बेंगलुरु में संघ की 3 दिवसीय अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा



- वर्ष 2024-25 का कार्यवृत्त रखा जाएगा
- आयोजन-अभियानों की रूपरेखा भी होगी तैयार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा इस साल बेंगलुरु में 21, 22 एवं 23 मार्च 2025 को आयोजित की जाएगी। संघ की कार्य पद्धति में यह निर्णय करने वाली सर्वोच्च इकाई है तथा इसका आयोजन प्रतिवर्ष होता है।

यह बैठक बेंगलुरु के चन्नेनहल्ली में स्थित जनसेवा विद्या केंद्र परिसर में होगी। बैठक में गत वर्ष ▶▶ शेष पेज 2 पर

## अब धीरे-धीरे बढ़ेगा दिन और रात का तापमान, दिन में बढ़ा दो से तीन डिग्री पारा

# होली तक दिन के साथ रातें भी हो जाएंगी गर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल और जबलपुर में ठंड बढ़ने के साथ प्रदेश के 13 शहरों में पारा दस डिग्री सेल्सियस से नीचे जाने के बाद शुक्रवार को तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

जबकि, गुरुवार को भोपाल और जबलपुर में पारा 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया था। राजगढ़, उमरिया-खजुराहो समेत 13 शहरों में तापमान 6 से 9.8 डिग्री तक रहा। अब प्रदेश के आसपास कोई भी सिस्टम सक्रिय नहीं होने की वजह से दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होगी। मौसम वैज्ञानिक वेदप्रकाश सिंह ने बताया कि पिछले 2-3 दिन से उत्तरी हवा आने से प्रदेश में ठंड का असर ▶▶ शेष पेज 2 पर

पिछले 2-3 दिन से उत्तरी हवा आने से प्रदेश में ठंड का असर



शाहपुरा झील

### इंदौर और उज्जैन में बढ़ेगा पारा

इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग में रात का तापमान सामान्य से 2-3 डिग्री अधिक होगा, जबकि गुजरात के ऊपर साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम की वजह से भोपाल, जबलपुर, सागर, रीवा, शहडोल, ग्वालियर और चंबल संभाग में तापमान सामान्य 15-17 डिग्री तक रहेगा। वहीं, अधिकतम तापमान इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, चंबल और सागर संभाग में सामान्य से बढ़े रहेंगे। पश्चिमी और दक्षिणी हिस्से में बादल जरूर छाए रहेंगे।

### अप्रैल-मई सबसे ज्यादा गर्म रहेंगे

मौसम विभाग ने इस साल अप्रैल और मई में सबसे ज्यादा गर्मी पड़ने का अनुमान जताया है। इन दो महीने के अंदर ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, रीवा, शहडोल और सागर संभाग के जिलों में पारा 45 डिग्री के पार पहुंच सकता है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और नर्मदापुरम संभाग भी गर्म रहेंगे।

महिला दिवस पर विशेष

हरिभूमि



भोपाल से मधुरिमा राजपाल की रिपोर्ट


भावना टोकेकर ने कहा कि जब 39 साल की एज में मुझे पावर लिफ्टिंग का क्रेज हुआ और मैं एशियन खेलने के लिए मुझे रशिया जाना था, लेकिन उसमें तीन-चार लाख रुपए खर्च होते। क्योंकि, इससे पहले मैं एक हाउसवाइफ थी और मूड चेंज के लिए जिम जाना शुरू किया। ऐसा इसलिए क्योंकि 40 साल की उम्र में मेरी स्किन में दवा के साइड इफेक्ट की वजह से सूजन आ गई थी और फिर पावर लिफ्टिंग से बॉडी स्ट्रेंथ बढ़ने से होने वाले फायदों के बारे में जानने के बाद मैंने इसे कंटीन्यू रखने का मन बनाया।

**भावना टोकेकर ने 39 साल में शुरू की पावर लिफ्टिंग**

एशियाई पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में चार स्वर्ण पदक जीत चुकी हैं भावना

# हाउस वाइफ थी, मूड चेंज करने जिम का रुख किया और बन गईं शक्तिमान







### दिमाग में सिर्फ सफलता की बात चलती है

उन्होंने कहा कि पहली बार 2019 में रूस के चेल्याबिंस्क में एडब्ल्यूपीसी/डब्ल्यूपीसी की एशियाई पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप में मैंने चार स्वर्ण पदक जीते। लेकिन जब आप पावर लिफ्टिंग या किसी भी कॉम्पिटीशन में भाग लेते हो तो दिमाग में सिर्फ सफलता की बात चलती है कि आपको यह करना ही है और गोल एचीव करना है और तब रैफरी आपको ओके कर देता है तब आपको रियालाइज होता है कि आपने कर लिया। उस दस सेकंड में आपको अपनी सालों की मेहनत याद आती है और गोल अचीव होने के बाद दिमाग में सुकून और सफलता का अहसास होता है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। भावना ने कहा कि अभी मेरा पिछला गोल्ड हैदराबाद में 80 केजी बेंच प्रेस में रिकॉर्ड बनाया और गोल्ड जीता। साथ ही ब्रिटेन के मैनचेस्टर में विश्व पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप (मास्टर्स) में उन्होंने चार नए वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाकर सभी को चौंका दिया था।

### भावना ने बनाए ये रिकॉर्ड

भावना टोकेकर ने 50-54 एज ग्रुप प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने स्क्वाट में 102.5 किग्रा के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया। पिछला रिकॉर्ड 90 किग्रा था। बेंच प्रेस्ड में 80 किलोग्राम का वजन उठाया, पिछला रिकॉर्ड 40 किग्रा था। फिर 132.5 किग्रा (पिछला रिकॉर्ड 105 किग्रा) का डेडलिफ्ट पूरा किया। उनका कुल 315 किग्रा भार उठाना भी एक विश्व रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि अगस्त में यूएसए में इंटरनेशनल पावर लिफ्टिंग चैंपियनशिप है उसके लिए खुद को तैयार कर रही हूं।

### एक हाउसवाइफ से वर्ल्ड चैंपियन बनना मेरे और बच्चों के लिए गर्व का विषय

मध्यप्रदेश के विदिशा जिले की जन्मी भावना टोकेकर ने बड़ी उम्र में मिसाल कायम की है। भावना ने कहा कि मेरी इस सफलता में परिवार का पूरा योगदान है क्योंकि मेरे पति श्रीपद टोकेकर भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन रह चुके हैं। कारगिल युद्ध में वीरता के लिए वायु सेना पदक भी जीता था। साथ ही मेरे दो बच्चे हैं, उन्होंने हमेशा मुझे मोटिवेट किया और कहा कि मम्मी आप कर सकती हो। जब पहली बार मैंने पावर लिफ्टिंग में गोल्ड जीता तो बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं था। आज दोनों हॉस्टल में हैं और मुझे मोटिवेट करते रहते हैं। दोनों ही अपने रूम मेट्स और फ्रेंड्स को बताते हैं कि मेरी मम्मी वर्ल्ड चैंपियन हैं तो यह उनके लिए भी और मेरे लिए भी प्राउड का विषय है कि एक हाउसवाइफ से मैं एक वर्ल्ड लेवल चैंपियन बन पाई हूं।

---

भोपाल से प्रवीण सक्सेना की रिपोर्ट

**अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाडी पूनम तत्ववादी (56)**

## कोई घबराहट नहीं थी, फुल कॉन्फिडेंट थी, मुझे पता था कि, बस मैं ही जीतूंगी

**भोपाल।** इंटरनेशनल शटलर, राजधानी भोपाल की विक्रम अवार्डी शटलर पूनम तत्ववादी ने लगातार 11वीं बार मास्टर्स नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप जीतकर कीर्तिमान स्थापित किया है। एकल फाइनल में शीर्ष वरीयताधारी पूनम ने छत्तीसगढ की संगीता राजगोपालन को 18-21, 21-16 (रिटायर्ड) से हराकर लगातार 11वीं बार एकल खिताब अपने नाम किया। जब उनसे पूछा कि जब मैच का फाइलन पॉइंट खेला जाना था तब आपके मन में क्या चल रहा था तो उन्होंने बताया कि वे फुल कॉन्फिडेंट थीं, मन में कोई घबराहट नहीं थी, उन्होंने कहा कि मुझे पता था कि मैं ही जीतूंगी और फाइनल पॉइंट जीतकर खिताब अपनी झोली में डाल लिया। पूनम तत्ववादी मास्टर्स में लगातार 9 बार की नेशनल चैंपियन रही हैं। इसके पहले पूनम 40 वर्ष वर्ग में एक, 45 वर्ष वर्ग में लगातार पांच तथा 50 वर्ष वर्ग में 5 बार नेशनल चैम्पियन बनी हैं। वहीं पंचकुला (हरियाणा) में संपन्न 46वीं मास्टर्स नेशनल बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में पूनम ने 55 वर्ष वर्ग में एकल व युगल खिताब जीते। यहीं उन्होंने 11वीं बार मास्टर्स का खिताब जीता और युगल वर्ग में पूनम ने संगीता राजगोपालन के साथ मिलकर बलविंदर कौर सापरा-सुजेन की जोडी को सीधे गेमों में 21-11, 21-11 से पराजित कर दोहरी सफलता अर्जित की थी। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश के सबसे बड़े खेल सम्मान विक्रम पुरस्कार (1993) से अलंकृत पूनम 10 वर्ष की उम्र से निरंतर बैडमिंटन खेल रही हैं। उन्होंने स्पोर्ट्स कोटे के अंतर्गत 4 दिसंबर 1989 को बैंक ऑफ इंडिया में कार्यभार ग्रहण किया। पूनम ने 2022 में बैंक की रातीबड़ शाखा से बतौर वरिष्ठ शाखा प्रबंधक के पद से वीआरएस लिया है।



### मोहाली में मनवाया लोहा

गत वर्ष योनेक्स-सनराइज महाराजा अग्रसेन ऑल इंडिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट में 55 वर्ष वर्ग में महिला एकल का खिताब अपने नाम किय और उम्र को मात देते हुए अपना लोहा मनवाया। यह टूर्नामेंट मोहाली (पंजाब) में खेला गया था। इसके साथ ही सरगुन अरोरा के साथ इसी वर्ग के महिला युगल में वे उपविजेता भी रहीं। पूनम तत्ववादी अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाडी हैं। वे तीन बार वर्ल्ड मास्टर्स बैडमिन्टन चैम्पियनशिप में कॉस्य पदक जीत चुकी हैं। इनमें 1986 में भारत बनाम यूएसएसआर में भारत का प्रतिनिधित्व किया और अंडर-15 में तीसरा स्थान पाया। वहीं बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन द्वारा मलेशिया में 2004 में आयोजित टूर्नामेंट में एकल और युगल में कांस्य पदक। इसी प्रकार 2006 में ताइवान खेले गए टूर्नामेंट में कांस्य पदक प्राप्त किया।

### पाई हैं कई उपलब्धियां

राष्ट्रीय स्तर पर हुए टूर्नामेंट में 1983 से 1992 तक मप्र का प्रतिनिधित्व किया। वहीं, अखिल भारतीय महिला उत्सव 1993 में रजत पदक पाया। इसके साथ ही 45 वर्ष से अधिक उम्र के वर्ग में एकल एवं युगल की लगातार पांच साल तक विजेता रही हैं। इस तरह उन्होंने कुल 16 राष्ट्रीय अवार्ड अपने नाम किए हैं। इसके अलावा राज्य सतर पर अंडर 15 में एक बार एकल और युगल की विजेता रही हैं। वहीं अंडर 18 में एकल में दो बार विजेता और एक बार रनरअप, युगल में दो बार की विजेता। इसी प्रकार 1996 में महिला एकल में एक बार विजेता और चार बार रनर अप रही हैं। इसके अलावा बैंक स्तर पर भी पूनम ने अनेकों उपलब्धियां अर्जित की हैं।

---

**कबड्डी खिलाड़ी फातिमा बानो (50): देश की पहली मुस्लिम महिला कुश्ती कोच**

## ढाक दांव लगाया और विरोधी पहलवान को यूं....कर दिया था चारों खाने चित

**भोपाल।** फातिमा बानो ने कबड्डी खेलकर अपने खेल करियर की शुरुआत की , जिसमें उन्होंने तीन राष्ट्रीय पदक जीते। करीब 50 साल की फातिमा का जन्म सैयद नसरुल्ला के घर हुआ था जो बीएचएल में काम करते थे और उनकी मां निशा बाने एक गृहिणी थीं। वर्ष 1997 में, अपने कबड्डी कोच की सलाह पर वे पंजाब के पटियाला चली गईं और एक पहलवान के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया। अपने कोच शाकिर नूर के मार्गदर्शन में उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में भाग लिया और पुरस्कार जीते। साल 1997 में जब उन्होंने हैदराबाद में पहला नेशनल गोल्ड जीता तो फातिमा ने बताया कि मैडल मिलते ही मेरी खुशी का ठिकाना न था। एक खास मुकाम हासिल कर लिया था। अंतिम समय में विरोधी पहलवान को उन्होंने कुश्ती का ढाक दांव लगाया और चारों खाने चित कर दिया था। उन्होंने बताया कि ये दांव भी धोबी पछाड़ की ही तरह होता है, इसमें हाथ पकड़कर नहीं विरोधी खिलाड़ी को बाजू से पूरी तरह से ग्रिप में लेकर पछाड़ लगानी होती है।



### परिवार का अंदर तक तोड़ देने वाला विरोध भी सहा

पांच भाई-बहनों में चौथी फातिमा को कुश्ती अपनाने की वजह से परिवार का अंदर तक तोड़ देने वाला विरोध भी सहना पड़ा। तीन बहनों ने उनका घर पर आना-जाना बंद करवा दिया। ऐसे में सहारा थे तो शौहर शाकिर नूर जो उनके गुरु भी हैं। उन्होंने फरवरी 2004 में सीनियर फीमेल रेसलिंग इंटरनेशनल टूर्नामेंट के लिए कोलोरॉडो स्प्रिंग (यूएसए), जनवरी 2004 में ही एशियन जूनियर फीमेल रेसलिंग चैंपियनशिप अलमेटी (कजाकिस्तान), अगस्त 2004 में कैडेट फीमेल रेसलिंग, एशिया चैंपियनशिप बिशकेक (किर्गिस्तान), जून 2016 में एशियन जूनियर फीमेल रेसिलिंग चैंपियनशिप मनीला (फिलीपींस), अगस्त 2017 में जूनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप फिनलैंड का दौरान किया और कुश्ती के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया।

### अमेरिका, कज़ाकिस्तान और किर्गिस्तान के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षित किया

फातिमा अपने खर्च पर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 20 खिलाड़ियों की ताकत जुटाने वाली देश की पहली मुस्लिम महिला कोच बनीं। 2003 में उन्होंने भोपाल में सरकार द्वारा दी गई जमीन पर अपना कुश्ती रिंग शुरू किया। उन्हें मासिक वेतन के रूप में चार हज़ार भारतीय रुपए भी दिए जाते थे। वे बच्चों और किशोरों - लड़के और लड़कियों को प्रशिक्षित करती हैं। उन्होंने उन्होंने गीता-बबीता फोगट और साक्षी मलिक समेत संयुक्त राज्य अमेरिका, कजाकिस्तान और किर्गिस्तान के खिलाड़ियों को भी प्रशिक्षित किया है । आज भी वे 20 से 25 खिलाड़ियों को नियमित प्रशिक्षण दे रही हैं।

---

**16 साल बाद अंतरराष्ट्रीय जूडो में वापसी की**

## खेलने की कोई उम्र नहीं होती...कुछ भी हो जाए मुझे गोल्ड तो लेना ही है

एक समय बिटूट का वजन 122 किग्रा हो गया था और सांस की गंभीर बीमारी ने भी जकड़ लिया था पर हिम्मत नहीं हारी, बिट्टू शर्मा ने खेल से बदला अपना और दूसरों का करियर, आज खुद के खेल पर ध्यान देते हुए कपिल परमार जैसे नए खिलाड़ियों का भी संवारा खेल।

**जूडो खिलाड़ी बिट्टू शर्मा (50)**



**भोपाल।** कभी खेल के मैदान में जाने से पहले उसे सोचना पड़ता था, लेकिन अपनी मेहनत और लगन से न केवल वो खुद खेल रही हैं, बल्कि अपने जैसे अन्य खिलाड़ियों की रोल मॉडल बन गई हैं। हम बात कर रहे हैं रेलवे डीएसपी बिट्टू शर्मा भटेले की। बिट्टू शर्मा भटेले ने बताया कि जब 9 साल बाद 26 से 30 दिसंबर 2019 तक पुणे में आयोजित पुणे में सीनियर राष्ट्रीय कुरास चैंपियनशिप के हैवीवेट वर्ग में गोल्ड मेडल जीतने से खेलों में वापसी की थी। ये गोल्ड मैडल जीतने के चंद सेकंड पहले ही उनके मन में चल रहा था कि कुछ भी हो जाए इस प्रतियोगिता का गोल्ड मेडल तो उन्हें जीतना ही है, क्योंकि इस मेडल से ही उनकी खेलों में सही वापसी साबित होगी। मेरठ की रहने वाली इस जूडो खिलाड़ी ने मप्र को अपनी कर्मभूमि बनाया है, खेल के मैदान में सफलता के झंडे गाड़ने के बाद उन्होंने पुलिस की नौकरी में भी खासी ख्याति प्राप्त की है। खेल मैदान छोड़ने के 16 साल बाद लॉस एंजिलिस में वेटरन वर्ल्ड टूर्नामेंट खेलते हुए शानदार वापसी कर उन्होंने साबित कर दिया कि खेलने की कोई उम्र नहीं होती है, जब तक आप जीवट है और शरीर में जान है आप खेल जारी रख सकते हो।

### शुरुआत में परिवार से नहीं थी खेलने की अनुमति

बिट्टू ने बताया कि मेरठ में पिता और भाई पहलवानी करते थे, लेकिन मेरे लिए खेलने पर पाबंदी थी। बड़ी मुश्किल से मुझे खेलने की अनुमति मिली, शुरुआत मैंने हॉकी से की। हॉकी में एक जूनियर टूर्नामेंट खेलने के बाद लगा कि टीम गेम्स की जगह व्यक्तिगत खेल पर फोकस करना चाहिए। तब मैंने जूडो को चुना था। 1994 में ग्वालियर में एनआईपीई में कोर्स करने आई। तीन साल तक मप्र में जूडो खेलने का अच्छा मौका मिला। इसी आधार पर मुझे मप्र की टीम में खेलने का मौका मिला। इस दौरान मैंने मप्र के लिए राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीते और उसी समय मुझे पुलिस में नौकरी करने का मौका मिला। पुलिस में नौकरी करते हुए भी मैंने मप्र और मप्र पुलिस के लिए खेलना जारी रखा। उन्होंने बताया कि वे अब तक भारत को लगभग 3 स्वर्ण, 3 रजत और 5 कांस्य अंतर्राष्टीय जूडो पदक दे चुकी हैं एवं राष्ट्रीय स्तर पर 12 स्वर्ण पदक भी शामिल हैं । बिट्टू का कहना है कि इंडोनेशिया एशियन गेम्स 2018 में कुराश खिलाड़ियों के पदकों ने मुझे इस खेल की तरफ आकर्षित किया।

### शादी के बाद स्थिति बदली

2004 में शादी के बाद खेलों से दूरी बना ली, एक साल बाद बेटी के जन्म के बाद खेल पूरी तरह से छूट गया और बीमारियों ने घेर लिया था, एक समय मेरा वजन 122 किग्रा हो गया था और सांस की गंभीर बीमारी ने भी जकड़ लिया था। उस समय सोचती थी कि मैं खेलों में वापसी कर भी पाउंगी कि नहीं। चिकित्सकों ने भी मुझसे खेल छोडने की बात कही थी, तभी एक सीनियर डॉक्टर ने कहा कि आपको खेल ही इस समयस्या से बाहर निकाल सकता है। इसके बाद मैंने पीछे मुडकर नहीं देखा। सबसे पहले अपन वजन करने का प्रयास किया और सफलता भी मिली, एस दौरान मैंने 30 किग्रा भार काम किला और राष्ट्रीय कुराश स्पर्धा में भाग लिया और पदक भी जीता था।

### दृष्टिबधितों के लिए पति के साथ घर में खोला सेंटर

बिट्टू ने 2008 में मप्र राज्य जूडो अकादमी में बतौर कोच प्रवेश किया। मैंने अपना पूरा ध्यान अकादमी पर केंद्रित कर दिया था। बिट्टू ने अपने पति प्रवीण भटेले के साथ अपने घर पर ही द ब्लिस ब्राइट अकादमी की स्थापना की और कई खिलाड़ियों को जीवन संवार दिया।

**लॉस वेगास में अंतरराष्ट्रीय वेटरन चैंपियनशिप में पाया सातवां स्थान**

बिट्टू शर्मा भटेले ने अमेरिका के लॉस वेगास में आयोजित हुई वर्ल्ड वेटरन जूडो चैंपियनशिप में सातवां स्थान पाया। शर्मा ने 78 से अधिक भार वर्ग में भागीदारी की थी। यह 16 साल बाद उनकी अंतरराष्ट्रीय जूडो में उनकी वापसी थी, मामूली अंतर से वे कांस्य पदक से वंचित रह गई थीं। कुछ ही दिन पहले उनके घुटने की सर्जरी हुई थी।

---

**माउंटेनेयर ज्योति रात्रे (56): 48 वर्ष की आयु में पहाड़ चढ़ना सीखा था**

## एवरेस्ट की चोटी से 10 मीटर पहले आंखों में थे आंसू

**भोपाल।** राजधानी की माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली करीब 56 वर्षीय महिला ज्योति रात्रे ने गत वर्ष 19 मई 2024 को एवरेस्ट फतह किया था। इसके साथ ही वे अंटार्कटिका के माउंट विन्सन तक पहुंचने वाली सबसे उम्रदराज पहली महिला भी हैं। उन्होंने बताया कि जब वे माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाली ही थीं कि वे बेहद भी भावुक हो गईं और उनकी आंखों में आंसू आ गए और वे भाव शून्य हो गई थीं यानि एक ब्लैक आउट सा छा गया था। यूं लगा जैसे सब कुछ मिल गया हो। 48 वर्ष की आयु में पहाड़ चढ़ना सीखने वाली ज्योति को लगा कि आखिर उनकी कई साल की मेहनत सफल जो होने वाली थी। ज्योति ने बताया कि उनका माउंट एवरेस्ट की चोटी तक पहुंचने का ख्वाब इसके भी एक साल पहले यानि 2023 में ही पूरा हो जाता, लेकिन वे एक बर्फीले तूफान की वजह से मात्र 600 मीटर से ही वापस लौट आई थीं। उन्होंने बताया कि इस तूफान में 18 लोगों को उन्होंने मरते हुए देखा है। वहीं इस हादसे में 5 लोग मिसिंग भी थे। इसलिए उन्होंने अपने शेरपा को एक व्यक्ति की खोज में भेज दिया था जो इस सफर में उनके साथ ही था। इसके बाद उन्होंने अपना अभियान वहीं रोक दिया और लौट आईं।



### माउंट पर जितना चढ़ना मुश्किल, उतना ही उतरना भी

ज्योति ने बताया कि किसी भी माउंट पर जितना चढ़ना मुश्किल होता है, उतना ही उतरना भी उससे कहीं ज्यादा मुश्किल होता है। उन्होंने बताया कि जैसे ही आप नीचे उतरते हैं बड़े बड़े डक नजर आने लगते हैं। उन्होंने बताया कि मेरे साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ। मैं भय से भर गई थी। एक बार तो लगता था कि पता नहीं अपने परिवार से दोबारा भी मिल पाऊंगी या नहीं। बस भगवान से यही प्रार्थना करती रही कि मुझे बचा लें और अपने परिवार से दोबारा मिला दे।

### विन्सन माउंट बेहद रोचक रहा

ज्योति ने बताया कि अंटार्कटिका के विन्सन माउंट तक पहुंचने का सफर उनका बेहद ही रोचक रहा है। उन्होंने बताया कि जब मैंने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विन्सन (4892 मीटर) पर चढ़ाई की योजना बनाई, तो यह एक सपने को साकार करने जैसा था। यह यात्रा केवल एक शारीरिक चढ़ाई नहीं थी, बल्कि मानसिक और भावनात्मक दृढ़ता की भी परीक्षा थी। ये अभियान उन्होंने इसी साल 7 जनवरी को पूरा किया है। इसके लिए वे दिसंबर में वहां गई थीं। उन्होंने बताया कि इस दुर्गम माउंट पर मप्र से अभी तक कोई नहीं गया है क्योंकि वहां का तापमान माइनस में काफी नीचे तक होता है। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि अंटार्कटिका में 6 माह का दिन और 6 माह की ही रात होती हैं।

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



महिला बॉडी बिल्डर आभा कंजुर ने 'हरिभूमि' से खास बातचीत में साझा किए अनुभव



वंदना ठाकुर ने मिस इंडिया बॉडी बिल्डर का खिताब अपने नाम किया

*स्त्री हूं, मैं शक्ति हूं, दिव्य कृति और सृष्टि हूं...महिलाओं के लिए इस सूत्र संदेश का सार यही है कि नारी नारायणी है, काली है, दुर्गा है यानी शक्ति की प्रतीक। मौजूदा समय में ताकत की पर्याय बनी इन महिलाओं ने अपनी शक्ति के भरोसे देश-दुनिया में अपना लोहा मनवाया है। शक्ति स्वरूपा इन महिलाओं ने ऐसे काम किए हैं जो कभी पुरुषों के पर्याय थे। बॉडी बिल्डिंग, रेसलिंग, कबड्डी से लेकर हर उस खेल में अपना दम दिखाया और साबित किया कि कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है, जहां पुरुषों का ही एकाधिकार रह गया हो। उन्होंने यह भी साबित किया कि उनकी उड़ान छोटी नहीं है, उनके हौसले के आगे आसमां ही छोटा पड़ रहा है। इस उड़ान में उम्र भी महज एक आंकड़ा ही साबित हो रही है। इनमें कई ऐसी हैं जिनकी शक्ति 50 बरस की उम्र में भी अवार्ड दिला रही है। महिला दिवस के अवसर पर हरिभूमि ऐसी ही शक्तियों की गौरव-गाथा को सामने रख रहा है, ताकि उनके ओज और संघर्ष से हासिल मुकाम से नई पीढ़ी न सिर्फ वाकिफ हो सके, बल्कि उनसे प्रेरणा लेकर खुद भी इस गौरव-गाथा का हिस्सा बन सके।*

## इच्छाशक्ति को बनाया अपनी ताकत, पावर गेम्स में एकाधिकार खत्म

# ऐसा लगाया दम तोड़ा पुरुषों का भ्रम



## 8 मार्च अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

### लड़कियों के लिए मसल्स गेम्स बड़ी चुनौती

## रोक-टोक को नजरअंदाज कर बनी नंबर वन



ललित राठौड़ ▶▶| रायपुर

महिलाओं के शरीर के मजबूत मसल्स और बाइसेप्स की तस्वीरें अक्सर आकर्षक लगती हैं, लेकिन जब कोई महिला किसी बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में बिकिनी पहनकर मंच पर खड़ी होती है, तो समाज का नजरिया बदल जाता है। बॉडी बिल्डिंग करना महिलाओं के लिए आसान कार्य नहीं है। इसके बावजूद, समाज की गलत सोच से पार पाकर भी महिला को अपनी सोच को सकारात्मक बनाए रखना होता है। यह कहना है शहर की 26 वर्षीय आभा कुजुर का, जो पिछले चार वर्षों से बॉडी बिल्डिंग कर रही हैं। 'हरिभूमि' से विशेष बातचीत में आभा ने अपने अनुभव साझा किए। उनका कहना था, किसी भी लड़की के लिए बॉडी बिल्डिंग करना आसान नहीं होता, लेकिन सबसे कठिन कार्य परिवार को यह बात समझाना था।

जब 2022 में मैंने बॉडी बिल्डिंग करने का मन बनाया, तो मेरे माता-पिता ने पूरा साथ दिया, लेकिन समाज के अन्य वर्गों की आलोचनाओं का सामना भी करना पड़ा।

### कभी हिम्मत नहीं हारी

आभा बताती हैं कि शरीर मजबूत होने से लोग आपका सम्मान करने लगते हैं, जबकि जब शरीर कमजोर होता है, तो समाज और लोग महिलाओं को उसी नजरिए से देखते हैं। कई लड़कियां अब भी बॉडी बिल्डिंग नहीं करतीं, क्योंकि समाज का गलत नजरिया उन्हें देखता है। जब मैंने बॉडी बिल्डिंग की शुरुआत की, तो मुझे बहुत कम समर्थन मिला। माता-पिता को छोड़कर किसी ने मेरा साथ नहीं दिया। समाज के तानों और नकारात्मक टिप्पणियों के बावजूद मैंने हार नहीं मानी, क्योंकि बॉडी बिल्डर बनने के पीछे सालों की कठिन मेहनत छिपी थी। कुछ लोगों के गलत सोचने के बावजूद मेहनत को व्यर्थ नहीं जाने दे सकती थी। जब पहली बार प्रतियोगिता में भाग लेने वाली थी, तब 20 दिन पहले ही मेरी मां का निधन हो गया था। इस मुश्किल घड़ी में मन टूट चुका था, लेकिन मैंने खुद को संभाला और मानसिक रूप से तैयार होकर उस प्रतियोगिता में भाग लिया।

### वजन बढ़ाने के लिए गई थी जिम

आभा जिम में ट्रेनर हैं। 2022 में शरीर बहुत ही पतला हो चुका था और कई प्रयासों के बाद भी वजन नहीं बढ़ रहा था। तब मैं जिम ज्वॉइन किया और वहां बॉडी बिल्डिंग करते हुए लड़के को देखती थी, जिससे प्रेरित होकर मैंने भी बॉडी बिल्डिंग करने का मन बनाया। कोच सुमित की मदद से 8 महीने तक मेहनत की और प्रतियोगिता के लिए अपने शरीर को तैयार किया। इसके बाद, 2023 में पहली बार मिस छत्तीसगढ़ का खिताब अपने नाम किया। आभा अब तक पांच बार मिस छत्तीसगढ़ का टाइटल जीत चुकी हैं।

### जीवन कठिन बन जाता है...

आभा बताती हैं कि जब कोई लड़की बॉडी बिल्डिंग करने का निर्णय लेती है, तो उसका जीवन कई पहलुओं से प्रभावित हो जाता है। शादी, परिवार, समाज और दोस्तों तक पर इसका असर पड़ता है। यह क्षेत्र पुरुषों से ज्यादा जुड़ा हुआ माना जाता है, जिससे महिलाओं के लिए यह और भी चुनौतीपूर्ण बन जाता है। आभा का कहना है कि अगर कोई लड़की इस क्षेत्र में आना चाहती है, तो उसे अच्छे इरादों के साथ आत्मविश्वास से भरे कदमों से आगे बढ़ना चाहिए। समाज की बातों से निराश नहीं होना चाहिए, बल्कि अपने सपनों की ओर पूरी मेहनत और समर्पण के साथ बढ़ते जाना चाहिए। सिर्फ खुद पर विश्वास रखने से ही वो हर मुश्किल को पार कर सकती है और अपने सपनों को पूरा कर सकती है।

### बेंगलूरु की रहने वाली अर्पिता मैडी अपने नाम कर चुकी हैं कई नेशनल और इंटरनेशनल टाइटल

## बॉडी फिट, लाइफ हिट, देश को मेडल, खुद को सुकून

रुचि वर्मा ▶▶| रायपुर

उम्र के पांचवें दशक में प्रवेश करते ही लोग जीवन में हताश होने लगते हैं। नई शुरुआत करना उन्हें एक कठिन चुनौती लगता है। रोजमर्रा की तरह जिंदगी को ढोते जाते हैं, विशेषकर महिलाएं। शादी के बाद उनकी जिम्मेदारियां कई गुना बढ़ जाती हैं। खुद के कॅरियर और शौक के लिए वक्त निकालना उनके लिए जटिल हो जाता है। लेकिन इन सबके बीच ऐसी महिलाएं भी हैं, जो घर-परिवार की जिम्मेदारी निभाते हुए कार्यक्षेत्र में अपना लोहा मनवा रही हैं और इसके साथ ही अपनी फिटनेस व खेल के जरिए लोगों को स्वस्थ शरीर, खुद से प्यार करने और अपने शौक को जिंदा रखने का संदेश दे रहे हैं।



### मिस केरल, मिस बेंगलुरू, मिस कर्नाटक के टाइटल

40 वर्षीय अर्पिता बेंगलुरू की रहने वाली हैं। उम्र का यह आंकड़ा सुनते ही आपके ख्याल में महिलाओं की जो छवि सामने आएगी, अर्पिता उससे बिल्कुल उलट हैं। इंटरनेशनल बॉडी बिल्डर और वेट लिफ्टर अर्पिता अपने नाम कई खिताब कर चुकी हैं। फिटनेस ओलंपियाड से लेकर 58 किलोवर्ग में होने वाली राष्ट्रीय स्पर्धाओं में विजेता रही हैं। बॉडी बिल्डिंग स्पर्धा के अंतर्गत होने वाली मिस केरल, मिस बेंगलुरू और मिस कर्नाटक का टाइटल अपने नाम कर चुकी हैं। उनका यह सफर अब भी जारी है। अपनी कहानी साझा करते हुए अर्पिता ने बताया कि उन्होंने स्नातक की डिग्री हासिल की है। घर से कोई भी व्यक्ति खेल या फिटनेस सेक्टर में नहीं है। वे घर की पहली स्पोर्ट्सपर्सन हैं।

नई दिल्ली से कविता जोशी की रिपोर्ट

न रहने के लिए घर, न खाने के लिए दो वक्त की पूरी रोटी, न पहनने-ओढ़ने के लिए बराबर कपड़े। लेकिन, इन तमाम दुश्वारियों के बावजूद मां को देखकर मिला एक हौसला ही था कि जिंदगी में कुछ ऐसा जरूर करना है जो बाकी के लिए मिसाल बन जाए। इन चंद पंक्तियों में छिपी है एक साधारण सी साइकिल से कई बार अकेले भारत भ्रमण कर चुकी देश की जानी-मानी एकल साइक्लिस्ट मध्यप्रदेश की रहने वाली 26 वर्षीय आशा मालवीय के जीवन की पूरी कहानी। जो आज न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया में करोड़ों महिलाओं को अपने घर की चाहरदीवारी लांघकर आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दे रही हैं।



## 'आशा' बनी करोड़ों महिलाओं की 'आशा'




# आपको हार सामने नजर आए लेकिन, हौसला नहीं खोना है...

मधुरिमा राजपाल ▶▶| भोपाल

नेशनल बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप 2025 में महिला बॉडी बिल्डिंग कैटेगरी में गोल्ड मेडल जीतकर मिस इंडिया बॉडी बिल्डर का खिताब अपने नाम किया। वंदना ठाकुर इससे पहले मालदीव में भारतीय बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन (आईबीबीएफ) द्वारा आयोजित 15वें वर्ल्ड बॉडी बिल्डिंग और फिजिक स्पोर्ट्स चैंपियनशिप 2024 में कांस्य पदक भी जीत चुकी हैं। उन्होंने कहा कि जब मैं यह चैंपियनशिप कर रही थी, तभी मेरा कॉम्पटीशन चार बार की विनर हरियाणा की बॉडी बिल्डर के साथ था और उन्हें हरा पाना शायद नामुमकिन था, लेकिन उनको हराकर मेरा जीतना मेरे लिए बेहद मायने रखता है, क्योंकि जब आपको हार सामने नजर आए बावजूद इसके आपके बुलंद हौसले आपको जीत की कगार पर पहुंचा दें तो इसकी व्याख्या शब्दों में नहीं की जा सकती। लेकिन, अभी मेरी जर्नी खत्म नहीं हुई है अभी मुझे और भी बहुत कुछ करना है।



### मेरा जीवन ही संघर्षों से भरा हुआ था

*मप्र के इंदौर की रहने वाली वंदना ठाकुर ने कहा कि मेरा जीवन ही संघर्षों से भरा हुआ था, क्योंकि बहुत छोटी थी तब कारगिल वार में मेरे पिता शहीद हो गए थे, उसके बाद मां को कैंसर हुआ और वे भी नहीं रहीं। घर में मैं अकेली ही लड़की थी, इसके बाद जैसे-तैसे मेरी पढ़ाई हुई। मुझे अपनी पढ़ाई के लिए छोटी सी गुमठी भी चलानी पड़ी। दसवीं तक की पढ़ाई की और उसके बाद मुझे क्रिकेट खेलने का शौक लगा, मैंने क्रिकेट भी खेला। उन्होंने कहा कि मैंने क्रिकेट ज्वॉइन किया, लेकिन क्रिकेट किट खरीदने के लिए भी मेरे पास पैसे नहीं थे, तो मैं क्रिकेट छोड़ दिया। उन्होंने कहा कि इसके बाद मैंने जिम ज्वॉइन किया और वहां पर मुझे पावर लिफ्टिंग के बारे में पता चला और फिर पावर लिफ्टिंग में ही में लग गई, जिसमें मैंने स्टेट और नेशनल लेवल तक गोल्ड जीता और इंटरनेशनल के लिए मैंने दिल्ली में जाकर खेला, क्योंकि 2017 में इंटरनेशनल कॉम्पिटीशन दिल्ली में ही हुआ था, जिसमें मैंने गोल्ड जीता।*

### लोगों ने मजाक भी उड़ाया



वंदना कहती हैं कि इसके बाद बॉडी बिल्डिंग के बारे में मुझे पता चला, लेकिन जब मैंने इसमें जाने का सोचा तो लोगों ने मजाक उड़ाया कि महिला हो इसमें जाकर क्या करोगी, लेकिन मुझे पता था कि कुछ ऐसा करना है कि जिससे लग पाए कि मैं एक आर्मी मैन की बेटी हूं और मैंने ठान लिया कि इसी में कुछ करना है और बॉडी बिल्डिंग की शुरूआत की। इसके बाद बीच में कोरोना भी आया, जिसमें मैंने बच्चों को ट्यूशन पढाकर जैसे-जैसे चैंपियनशिप के लिए पैसे जमा किए। और इसमें भी मैंने गोल्ड जीता। इस चैंपियनशिप के बीच में मेरी लेग इंजुरी भी हो गई थी। जिस वजह से डॉक्टर ने मुझे कंप्लीट बेड रेस्ट के बारे में बोला और फिर भी मैंने हार नहीं मानी और एशिया लेवल पर सिल्वर और वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रांज मेडल जीता और 2025 में इंडिया की मिस बॉडी बिल्डर बनी।

### इतनी चुनौतियों के बाद पढ़ाई कैसे पूरी की?

पांचवीं कक्षा तक गांव के सरकारी स्कूल में पढ़ाई करते वक्त मेरी मां के एक परिचित ने हमें कुछ मदद दी। मैं पढ़ने में अच्छी थी, इसलिए जो मदद मिली वो बहुत का काम कर गई। दसवीं में पहुंची तो पढ़ाई के साथ थोड़ा-बहुत नौकरी करना शुरू किया। मेरे स्कूल के पास बाइक का कुछ काम होता था, वो किया। फिर एक प्राइवेट नौकरी के साथ-साथ स्नातक और परास्नातक की डिग्री ले ली है।

### सबसे ज्यादा चुनौती कहां आई?

कुल 17 हजार 500 किमी की मेरी यात्रा का सबसे चुनौतीपूर्ण चरण लेह-लद्दाख में देखने को मिला। जहां मैंने खारदूंगला, बारालाचा और उर्मिंगला जैसे अत्यधिक ऊंचाई पर स्थित कुल 11 दर्रों को पार किया। इन जगहों पर ऑक्सीजन की काफी कमी थी, मेरी साइकिल नॉर्मल थी, कई बार टूटी, मैं गिरी भी लेकिन फिर जैसे-तैसे मैंने साइकिल खुद से ठीक की। कभी इतनी दिक्कत होती थी, रास्ता इतना मुश्किल होता कि उसमें साइकिल चल ही नहीं पाती थी तब मैं अपनी साइकिल हाथ से उठाकर ही आगे बढ़ती थी। शुरुआत में मेरे पास कोई सपोर्ट नहीं था। लेकिन बाद में मुझे सेना की मदद मिली, मेरी यात्रा के पड़ाव में रुकने के लिए उन्होंने सहायता की। यात्रा में मैं दिन रात दोनों समय साइकिल चलाती हूं।

सुरक्षा के लिए जहां से गुजरती हूं वहां के पुलिस स्टेशन को सूचित करती हूं, वो मुझे यात्रा मार्ग में सुरक्षा प्रदान करते हैं। कन्याकुमारी से सियाचिन पहुंचने के बाद जब मैं दिल्ली पहुंची थी तो नवंबर-2024 में मेरी तीनों सशस्त्र सेनाप्रमुखों से मुलाकात हुई थी, सभी ने मुझे सम्मानित भी किया था। व्यक्तिगत रूप से मैं मध्यप्रदेश के रीवा के सैनिक स्कूल का दौरा कर चुकी हूं। जिनके दो पूर्व छात्रों में से एक हमारे नौसेनाप्रमुख एडमिरल डीके त्रिपाठी और दूसरे सेनाप्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी हैं।

### शुरुआती जीवन कैसा था?

मैं मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के नाटाराम गांव की रहने वाली हूं। मेरे परिवार में मेरी मां और एक छोटी बहन है। जीवन की शुरुआत ही परेशानियों से हुई, मैं दो या तीन साल की रही होंगी तभी मेरे पिता का देहांत हो गया। परिवार में मैं, मेरी मां और एक बहन थे। रहने के लिए एक झोपड़ी, घर नहीं जिसे चारों तरफ से पॉलीथिन से ढका गया था। मेरी मां हम दोनों बहनों को पालने के लिए मजदूरी करती थी। उनके पास पहनने के लिए पैरों में चप्पल तक नहीं थी, लेकिन किसी तरह से मजदूरी कर जो पैसा मिलता। उससे ही गुजारा होता। मुझे आज भी याद है कि कभी हम एक वक्त के खाने का जुगाड़ गांव में किसी से मांग कर करते थे तो कभी खाने को कुछ नहीं मिलता था।

### जीवन में किससे प्रेरणा मिली?

मेरे जीवन की सबसे बड़ी प्रेरणा मेरी मां हैं। उन्होंने ही मुझे पाल-पोसकर इतना बड़ा किया है। मां को देखकर लगता था कि अगर उन्होंने अपने जीवन में कभी हार नहीं मानी तो मैं क्यूं मानू। हमें अपने जीवन में ये हमेशा याद रखना चाहिए कि हमारे हर निर्णय के लिए हम ही जिम्मेदार होंगे, दूसरा कोई नहीं। जब भी कोई काम करे तो सबसे पहले अपने मन की सुनें, दुविधा में कोई काम हाथ में नहीं लेना चाहिए। जब मैं अकेले साइकिल से भारत भ्रमण पर निकल रही थी तो मुझे पता था कि ये निर्णय मेरा है और इसे पूरा भी मुझे ही करना होगा। एक बार कोई मुश्किल काम हाथ में लेने के बाद जब वो पूरा होता है तो उसका अपना ही मजा होता है।

### देश की महिलाओं को क्या संदेश देना चाहेंगी?

साइकिल चलाना सिर्फ मेरी रुचि नहीं बल्कि इससे मैं अपने देश, दुनिया की महिलाओं को जागरूक करना चाहती हूं। क्योंकि आज भी महिलाएं ये सोचती हैं कि उन्हें घर से बाहर जाने के लिए किसी की मदद की जरूरत है। वो अकेले कहीं नहीं जा सकती हैं, सुरक्षा को लेकर खतरा है। मुझे इसी सोच को बदलना था कि महिलाएं ये नहीं कर सकतीं, वो नहीं कर सकतीं। मैं अपने संदेश में यही कहूंगी कि जिंदगी में जो भी करें, पूरे विश्वास से करें, अपने मन की आवाज को सुने, सफलता जरूर मिलेगी। रही बात साइकिल से देश घूमने की तो इससे जितना स्वास्थ्य को फायदा होता है, उतना गाड़ियों से संभव नहीं है। साइकिल चलाकर हम शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से फिट रहते हैं।

### यात्रा में कैसा दिखा अपना देश?

यात्रा में मैंने सबसे ज्यादा मौसम के बदलाव महसूस किए हैं। ये मेरे लिए एक बड़ी चुनौती भी रहे। जब मैंने पिछले साल जून में कन्याकुमारी से सियाचिन तक अपनी साइकिल यात्रा शुरू की तो कन्याकुमारी में मौसम बिलकुल अलग था, उससे आगे बढ़ने पर कुछ और फिर अंत में लेह, लद्दाख और सियाचिन आते-आते पूरा नजारा ही बदल गया। उसने मेरी भारत को देखने की पूरी सोच ही बदल दी। आज जब मैं महिलाओं के सशक्तिकरण को लेकर अपना संदेश देती हूं तो उसमें भी कहती हूं कि पहले जैसे कहते थे भारत मतलब कश्मीर से कन्याकुमारी तक, लेकिन अब इसे कहिए कन्याकुमारी से सियाचिन तक। नॉट ओनली कश्मीर तक उससे आगे भी हमारा भारत है।

**मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम**
पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल
फोन: +91 7554027100, 2774340/42, www.mpstdc.com
क्रमांक 109/यांत्रिकी/पविनि/25 दिनांक : 07.03.2025

**निविदा सूचना नं. 55/2025_STDC_407919_1**

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:-** मंगला देवी कागपुर एवं खेड़ापति मंदिर कागपुरा जिला विदिशा में अनुरक्षण एवं विकास कार्य (द्वितीय आमंत्रण)। (4 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 55.84 लाख

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते हैं। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 26.03.2025 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।
म.प्र. माध्यम/119116/2025 **कार्यपालन यंत्री**

**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
**Water Work Department**
Municipal Corporation Rest House, Shyamla Hills, Bhopal Office Telephone No. 0755-2701663, 2701669
No 40 W.W.D./2025 NOTICE INVITING e-TENDER Bhopal, Dated- 05.03.2025
Second - Call

Online Tender are invited on website http://mptenders.gov.in for following works. Document can be purchased on website from 05.03.2025 and online submission till 20.03.2025.

Corrigendum for above NIT shall not be published separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website. Detailed NIT and other information can be seen on website http://mptenders.gov.in.

| S. No. | Tender No | Name of Work | Probable Amount of Contract | Earnest Money Deposit | Cost of Tender Document | Completion of Period |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 6 |
| 1 | 2025_UAD _399357_2 | Construction of Additional Room and Toilet Near Clear Water Pump House and Paving Block in Premises At water treatment plant khatpura M.P. | 22,50,313.00 | 16,877.00 | 5000.00 | 120 days including Rainy Season |

T.N. 1437/024/025
Executive Engineer, Water Works Department
Municipal Corporation, Bhopal

**कार्यालय का नाम - कृषि यंत्री, कृषि अभियांत्रिकी संभाग- जबलपुर**

निविदा विज्ञप्ति (प्रथम आमंत्रण)
( सुरक्षा व्यवस्था हेतु पंजीकृत संस्थाओं से निविदा आमंत्रित करने बावत् )
क्रमांक/ई-9/कौ.वि./ टेण्डर/2024-25/346 दिनांक- 06 March 2025
// निविदा सूचना //

संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री जबलपुर के केंद्र का नाम कौशल विकास केन्द्र जबलपुर स्थित कौशल विकास प्रशिक्षण अंतर्गत सुरक्षा व्यवस्था हेतु दो वर्ष की अवधि के लिए निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य तथा संस्थाओं की पात्रता का पूर्ण विवरण ई.ओ.आई. प्रपत्र कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।

| निविदा क्रमांक | विवरण | निविदा प्रपत्र जारी / क्रय करने की प्रारंभ तिथि | निविदा प्रपत्र का मूल्य रूपये | धरोहर राशि रूपये | निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 346 | संभागीय कार्यालय कृषि यंत्री के केन्द्र का नाम कौशल विकास केन्द्र जबलपुर स्थित कौशल विकास केन्द्र परिसर की संपूर्ण सुरक्षा व्यवस्था के लिये सुरक्षा एजेन्सी के चयन हेतु निविदा आमंत्रण | 07/03/2025 | 2000/- | 200000/- | 27/03/2025 |

(1) इच्छुक व्यक्ति निविदा प्रपत्र तथा निविदा की शर्तों की प्रति संभागीय कृषि यंत्री, कृषि अभियांत्रिकी संभाग, व्हीकल फेक्ट्री रोड अधारताल जबलपुर (म.प्र.) 482004 कार्यालय से दि. 07.03.2025 से निर्धारित मूल्य रु. 2000/- का नगद भुगतान कर प्राप्त कर सकते हैं।
(2) डाक से निविदा प्राप्त करने हेतु कृषि यंत्री जबलपुर के नाम से रु. 2000/- का बैंक ड्राफ्ट तथा पचास रुपये की डाक टिकिट लगा लिफाफा, निविदाकार के पूर्ण पते सहित भेजना होगा।
(3) निविदा का अनुमानित मूल्य राशि रु. 30 लाख (राशि रु. तीस लाख) 02 वर्ष की है।
(4) निविदा प्रपत्र डाक द्वारा दिनांक 20.03.2025 तक क्रय किया जा सकेगा।

कृषि यंत्री
कृषि अभियांत्रिकी संभाग, जबलपुर
G-23950/24 " स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता "



# महिला दिवस के मौके पर री-रिलीज हुई 'हाईवे'

**मुंबई।** पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड की कुछ चुनिंदा फिल्मों को फिर से सिनेमाघरों में रिलीज किया जा रहा है। इसी कड़ी में अब महिला दिवस के मौके पर 2014 में आई आलिया भट्ट की फिल्म 'हाईवे' 7 मार्च से सिनेमाघरों में फिर से दस्तक दे दी है। निर्माताओं ने इंस्टाग्राम पर फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'इस महिला दिवस पर स्वतंत्रता और शक्ति की यात्रा पर निकलें। नाडियाडवाला ग्रैंडसन एंटरटेनमेंट परिवार निडर महिलाओं की भावना का जश्न मनाता है। इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी ये फिल्म 7 मार्च से 13 मार्च तक वूमेंस डे वीक में पीवीआर और आइनॉक्स सिनेमाघरों में देखने को मिलेगी। 'हाईवे'के री-रिलीज के बारे में बात करते हुए फिल्म के प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला ने कहा, 'हाईवे' हमारी सबसे पसंदीदा फिल्मों में से एक है और आज भी इसे बहुत प्यार मिलता है।

# निक खाने में तो मालती फोन में बिजी



**लॉस एंजिल्स।** प्रियंका चोपड़ा हाल ही पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी के साथ फैमिली डिनर के लिए गईं। लेकिन इस दौरान मालती की हरकतों ने ध्यान खींच लिया। टेबल पर जहां निक जोनस, प्रियंका और बाकी लोग बाते करनें और खाने में बिजी थे, वहीं मालती फोन में बिजी दिखीं। 3 साल की मालती फोन पर अपना फेवरेट कार्टून देख रही थी, और उसी में खोई थी। प्रियंका की इस फैमिली डिनर डेट की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं।

फैंस नन्ही मालती पर भी खूब प्यार लुटा रहे हैं। प्रियंका, निक और मालती की ये तस्वीरें न्यू यॉर्क के एक रेस्टोरेंट की हैं, जिन्हें एक फैन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है।

# निर्देशन में रखने जा रहीं कदम........



**मुंबई।** अपनी अलग अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेत्री राधिका आप्टे जल्द ही फिल्म 'कोट्या' से निर्देशन में डेब्यू करने जा रही हैं। राधिका आप्टे ने कई बॉलीवुड फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी की है। उन्होंने पिछले कुछ सालों में 'पैडमैन', 'अंधाधुन', 'मोनिका' और 'माय डार्लिंग' जैसी फिल्मों में बेहतरीन काम किया है। अब राधिका आप्टे एक्शन-फंतासी फिल्म के साथ निर्देशन में कदम रखने जा रही हैं। खबरों के मुताबिक राधिका आप्टे की फिल्म 'कोट्या' एक हिंदी/मराठी एक्शन-फंतासी है। इसमें एक प्रवासी नौजवान की कहानी दिखाई गई है। नायक एक गन्ना काटने वाला शख्स है।

## जैकेट का शेष

### बीच रास्ते में ऑक्सीजन...

जिले के धरनावदा गांव की साढ़े 3 साल की बच्ची को तेज बुखार आने पर परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया था। बच्ची के दादा ओंकार सिंह कुशवाहा ने बताया कि अस्पताल में उनकी पोती हर्षिता के इलाज में डॉक्टरों ने लापरवाही बरती। उन्होंने बताया कि शुक्रवार सुबह 6:40 पर बच्ची की हालत ज्यादा बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे भोपाल रेफर कर दिया।

### भोपाल के बड़े तालाब...

नदी के जल की गुणवत्ता की निरंतर मॉनिटरिंग तथा इस संबंध में जनजागृति के लिए विशेष गतिविधियां चलाने के निर्देश भी दिए गए।

### पत्नी को पढ़ाई ...

तलाक लेने की उसकी अर्जी खारिज कर दी गई थी। महिला ने उच्च न्यायालय में दायर अपील में कहा कि उसकी शादी शाजापुर जिले के एक व्यक्ति से वर्ष 2015 में हुई थी और तब उसने 12वीं उत्तीर्ण की थी। महिला के मुताबिक वह शादी के बाद भी अपनी पढ़ाई जारी रखना चाहती थी, लेकिन उसके ससुराल पक्ष के लोग इसके सख्त खिलाफ थे। महिला अपने विवाह के कुछ ही दिन बाद मायके लौट आई थी और उसने पति से तलाक लेने की अर्जी कुटुम्ब न्यायालय में दायर की थी, लेकिन अदालत ने उसकी अर्जी खारिज कर दी थी और उसे पति के साथ दाम्पत्य संबंधों की बहाली का आदेश दिया था।

उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ के न्यायमूर्ति विवेक रूसिया और न्यायमूर्ति गजेंद्र सिंह ने मामले के तथ्यों और दोनों पक्षों की दलीलों पर गौर के बाद कुटुम्ब न्यायालय के फैसले को निरस्त करते हुए महिला की अपील मंजूर कर ली।

इसके साथ ही, महिला के पति के साथ 10 साल पहले हुई उसकी शादी को हिंदू विवाह अधिनियम के प्रावधानों के तहत रद्द कर दिया। अदालत ने अपने फैसले में इस तथ्य को भी रेखांकित किया कि विवाह के बाद पिछले 10 वर्ष की अवधि के दौरान महिला और उसका पति जुलाई 2016 में केवल तीन दिनों तक साथ रहे हैं और पत्नी के लिए यह अनुभव एक बुरा सपना था जिसके बाद वे कभी एक-दूसरे के साथ नहीं रहे। युगल पीठ ने अपने फैसले में अमेरिकी दार्शनिक जॉन डेवी के इस मशहूर कथन का हवाला भी दिया,''शिक्षा का मतलब सिर्फ जीवन की तैयारी करना नहीं है, बल्कि शिक्षा खुद जीवन है।'

## पेज एक का शेष

### सूझबूझ को सैल्यूट...

वायुसेना ने कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया और जमीन पर किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है। भारतीय वायुसेना के अधिकारी ने बताया कि विमान ने प्रशिक्षण उड़ान के लिए अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी। पायलट पैराशूट से उतरकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहा। दुर्घटना की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। हालांकि, माना जा रहा है कि विमान तकनीकी खराबी के कारण हादसे का शिकार हुआ है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विमान लहराते हुए पेड़ों से टकराता हुआ जंगल के बीच एक खाई में गिरा था। विमान के गिरते ही उसमें आग लग गई और वह कई टुकड़ों में बंट गया। विमान के टुकड़े आसपास के क्षेत्रों में बिखरे पाए गए हैं। दुर्घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन, पुलिस और वायुसेना के अधिकारी मौके पर पहुंचे। क्षेत्र को सील कर दिया गया है और राहत एवं बचाव कार्य जारी है। वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है।

### सूझबूझ को सैल्यूट...

और जमीन पर किसी के हताहत होने या घायल होने की कोई खबर नहीं है।

### वायुसेना ने कोर्ट ऑफ...

एवं बचाव कार्य जारी है। वायुसेना ने दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए कोर्ट ऑफ इंक्वायरी का आदेश दिया है।

### 'भाड़े के हत्यारों' ...

के शब्दों का हवाला दिया, सामान्य रूप से भ्रष्ट लोगों के बीच, स्वतंत्रता लंबे समय तक नहीं टिक सकती, और इस बात पर दुख जताया कि भ्रष्टाचार अपने सुप्रलेखित परिणामों के बावजूद अनियंत्रित बना हुआ है।पीठ ने ये सख्त टिप्पणियां पंजाब सरकार में ऑडिट इंस्पेक्टर देविंदर कुमार बंसल की अग्रिम जमानत खारिज करते हुए कीं। बंसल पर एक ग्राम पंचायत द्वारा किए गए विकास कार्यों के ऑडिट के बदले रिश्वत मांगने का आरोप है।

### अभियुक्त की ...

जमानत देने के लिए यह एकमात्र आधार नहीं हो सकता। इसने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में शासन में जनता का भरोसा बनाए रखने की जरूरत व्यक्तिगत स्वतंत्रता से अधिक महत्वपूर्ण है।

### ब्रेनडेड बुजुर्ग ने ...

किडनी एयर एंबुलेंस से इंदौर के हॉस्पिटल भेजी गई। वहीं, लिवर को भोपाल भेजा गया। इस खास ऑर्गन डोनेशन के लिए स्वास्थ्य विभाग और पुलिस प्रशासन की मदद से शहर में दो ग्रीन कॉरिडोर बनाए गए। इसमें एनएससीबी मेडिकल कॉलेज से जबलपुर के एक निजी अस्पताल और एनएससीबी मेडिकल कॉलेज से डुमना विमानतल तक इंदौर जाने के लिए बनाया गया। इन ग्रीन कॉरिडोर के माध्यम से एक किडनी जबलपुर के निजी अस्पताल और दूसरी किडनी एयर एंबुलेंस से इंदौर के हॉस्पिटल भेजी गई।

### नहर में डूबने से 2 ...

को नहर से बाहर निकाला गया। जिन्हें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिंघाना लाया गया जहां पर बच्चों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक बच्चों में 15 वर्ष आतिफ पुत्र अमजद खान और 12 वर्षीय मोहम्मद हनीफ पुत्र इस्लामुद्दीन निवासी सिंघाना शामिल थे। जब आतिफ की मौत की खबर जैसे ही उसके पिता अमजद को लगी वह गहरे सदमे में आकर हार्ट अटैक से गिर पड़े। परिवार के लोग उन्हें बड़वानी स्वास्थ्य केंद्र इलाज के लिए लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने भी मृत घोषित कर दिया।

### पत्नी से प्रताड़ित...

पोस्ट लिखा है। मां नीलम ने अपनी बहू अपूर्वा पारिख और उनकी मौसी प्रार्थना के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस ने इस मामले में अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं की है। इस बीच, अपने बेटे निशांत का अंतिम संस्कार करने के बाद मां नीलन चतुर्वेदी ने फेसबुक पर एक लंबी और इमोशनल पोस्ट लिखी। नीलम चतुर्वेदी ने फेसबुक पर लिखा कि आज मैं खुद टूट चुकी हूं और एक जिंदा लाश की तरह महसूस कर रही हूं। मैंने सोचा था कि मेरा बेटा मेरा अंतिम संस्कार करेगा, लेकिन क्या हुआ। मेरी बेटी प्राची को अपने बड़े भाई का अंतिम संस्कार करना पड़ा। मैंने 16 साल की उम्र से लेकर 45 सालों तक पूरी शिद्दत और ईमानदारी के साथ महिलाओं के अधिकारों, समाज में लैंगिक समानता लाने और भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई है। मैंने सखी केंद्र और अन्य माध्यमों से 46 हजार से अधिका पीड़ित महिलाओं की मदद की, 37 हजार से अधिक महिलाओं को न्याय दिलाया।

### मथुरा में लट्ठमार ...

शनिवार को मनाई जाएगी। लट्ठमार होली सिर्फ एक खेल नहीं, बल्कि श्रीकृष्ण और राधा की प्रेम कहानी की झलक है। मथुरा के बरसाना में राधारानी (लाडलीजी) मंदिर में शुक्रवार को लड्डूमार होली खेली गई। भक्तों पर लड्डू बरसाए गए। हुरियारों ने जमकर अबीर-गुलाल उड़ाए। इससे पहले सज-धजकर राधा-रानी की सखियां बरसाना से होली का निमंत्रण लेकर नंदगांव पहुंचीं। फिर नंदगांव में सखियों ने नृत्य किया। सीएम योगी भी बरसाना पहुंचे।

### शिवराज ने बेटा...

बात करते हुए कहा कि इसका एक साकार स्वरूप है, पर्यावरण। आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती सुरक्षित छोड़ें, इसके लिए अपने जन्मदिन पर, शादी की सालगिरह पर, हमारे पूर्वजों की स्मृति में और आने वाले नन्हें-मुन्हें बच्चों के जन्मदिन पर आपको पेड़ लगाने हैं। मामा ने आठवां वचन बोलते हुए कहा, स्वीकार है। इसके जवाब में बेटे-बहू ने कहा कि स्वीकार है। कार्तिकेय और अमानत को आठवें वचन के रूप में प्रकृति की सेवा का वचन दिलाया। आने वाली पीढ़ियों के लिए धरती सुरक्षित रहे, इसलिए दोनों बच्चों ने अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ सहित अन्य मंगल अवसरों पर पौधरोपण का संकल्प लिया है।

### बेंगलुरु में संघ की...

2024-25 का कार्यवृत्त रखा जाएगा तथा उस पर समीक्षात्मक चर्चा के साथ ही विशेष कार्यों का निवेदन भी होगा। आगामी विजयादशमी (दशहरा) 2025 को संघ कार्य के सौ वर्ष पूरे हो रहे हैं इस निमित्त विजयादशमी (दशहरा) 2025 से 2026, यह संघ शताब्दी वर्ष माना जाएगा। बैठक में शताब्दी वर्ष के कार्य विस्तार की समीक्षा के साथ-साथ आगामी शताब्दी वर्ष के विभिन्न कार्यक्रमों, आयोजन एवं अभियानों की रूपरेखा तैयार की जाएगी। बैठक में राष्ट्रीय विषयों पर दो प्रस्तावों पर विचार होगा। साथ ही संघ शाखाओं द्वारा अपेक्षित सामाजिक परिवर्तन के कार्यों सहित विशेष रूप से पंच परिवर्तन के प्रयासों की चर्चा अपेक्षित है। हिंदुत्व जागरण सहित देश के वर्तमान परिदृश्य के विश्लेषण एवं करणीय कार्यों की चर्चा भी बैठक की विषय सूची में शामिल है। बैठक में संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले तथा सभी सह सरकार्यवाह एवं अन्य पदाधिकारियों सहित कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहेंगे। बैठक में मुख्य रूप से निर्वाचित प्रतिनिधि, प्रांत व क्षेत्र स्तर के 1480 कार्यकर्ता शामिल होंगे। बैठक में संघ प्रेरित विविध संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, महामंत्री एवं संगठन मंत्री भी उपस्थित रहेंगे।

### होली तक दिन...

देखने को मिल रहा था। शुक्रवार से उत्तरी हवाओं का प्रभाव कम हो गया है। जिससे हवा की रफ्तार कम हुई है। वहीं, दिशा भी बदलेगी। ऐसे में ठंड का असर कम होने लगा है। पंद्रह मार्च के बाद कुछ शहरों में दिन का पारा 40 डिग्री और रात में 18 डिग्री से अधिक पहुंच सकता है।

आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
**हरिभूमि क्लासीफाइड**
संपर्क सूत्र : 9407279644

**आवश्यक सूचना**
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यावस्थापक

**फायनेन्स**
फाइनेंस- जनधन लोन आधारकार्ड से पर्सनल, बिजनेस, प्रॉपर्टी, लेबर कार्ड, इश्रम कार्ड, मार्कशीट, कृषि पर 100000/- से 500000/- तक 2% ब्याज, 50% छूट संपर्क मोबाइलः- 7042858951.
R-10/03/25

**नाम परिवर्तन**
मैं, विजय कुमार उपाध्याय, आयु वयस्क, आत्मज श्री रामनाथ उपाध्याय, निवासी मकान नम्बर सी-42, सेक्टर-सी, सौभाग्य नगर, तहसील हुजूर, जिला भोपाल (म.प्र.) मेरा पुत्र अविनाश उपाध्याय (AVINASH UPADHYAY) है जो कि सत्र 2023 में कक्षा 10वीं में ST. PAUL CO-ED SCHOOL, ANAND NAGAR BHOPAL (M.P.) का छात्र था। जिसका अनुक्रमांक 19115223, मेरे पुत्र को प्राप्त केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी अंक सूची में त्रुटिवश मेरी पत्नी के नाम की स्पेलिंग POONAM UPADHYAY अंकित हो गई है, जबकि मेरी पत्नी के आधार कार्ड में उनके नाम की स्पेलिंग पूनम उपाध्याय (PUNAM UPADHYAY) अंकित है, जो कि सत्य एवं सही है। मैं अपनी स्वयं की जिम्मेदारी पर मेरी पत्नी के नाम की स्पेलिंग POONAM UPADHYAY के स्थान पर PUNAM UPADHYAY अंकित करवाना चाहता हूँ शपथ पत्र क्रमांक CU 971488

**छोटा लिंग निराश क्यों?**
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 75 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 7-8 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढ़ाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
ब्रेस्ट टोनर क्रिम
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-14/02/25 to 18/4/25- not-feb, 16,23,26 not= march-2,9,13,14,15,16,23,30,31, April- 6,13

हरिभूमि **भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

**प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर**
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644


नये दागों का आना तुरन्त बंद
**सफेद दाग** गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

## राशिफल

**मेष** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। परिवार की सुख-सुविधाओं के लिए खर्च बढ़ेंगे। रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा।

**वृष** – मन प्रसन्न तो रहेगा। परन्तु बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है।

**मिथुन** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क** – परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। भाइयों से मतभेद हो सकते हैं। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**सिंह** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। किसी मित्र के सहयोग से सम्पत्ति में किया गया निवेश लाभप्रद रहेगा। मीठे खानपान में रुचि रहेगी।

**कन्या** – संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन मिल सकता है। लंबे समय से रुके हुए कार्य पूरे होंगे।

**तुला** – वाणी में मधुरता रहेगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। आय में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** – मन परेशान रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। बातचीत में संयत रहें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी।

**धनु** – क्रोध के अतिरेक से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। कारोबार में किसी मित्र के सहयोग से लाभ में वृद्धि होगी।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध से बचें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें।

**कुंभ** – आत्मविश्वास तो भरपूर रहेगा। परन्तु आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें। धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। धार्मिक आयोजनों में हिस्सा लेंगे।

**मीन** – मन प्रसन्न रहेगा। कर्मक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। स्थान परिवर्तन भी हो सकता है। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

## शब्द पहेली - 5800



**बाएँ से दाए-**
1.दयालु.उदार-5
4.गगन,आकाश-4
7.सरिता-2
8.चोगा,गाऊन-3
9.छुट्टी,अवकाश-2
10.आबे हयात,काबा कूप-4
11.रिहा-2
13.खाना,भोजन करना-3
14.जिद-2
15.हिम्मत,बल-3
17.कारागार-2
19.रइसे आजम,सूरी-5
22.दुत्कारना,डांटना-5
25.सराबोर-2
26.भोर,सवेरा-3
28.मूल्य,कीमत-2
29.महीन,बहुत छोटा-3
30.फूंक,दम,सुट्टा -2
32.झंकार,प्रतिध्वनि-4
34.उष्णता,ज्वर-2
36.ओट,चिलमन-3
37.छोटा टुकड़ा-2
38.सराबोर,सना हुआ-4
39.निर्माता,रचना करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1.कैदी,बंधक-2
2.मुलायम-3
3.यात्री पोत,तैरता होटल-5
4.उर्दू में अभिवादन-3
5.पिटाई,चोट-2
6.नाजुकता-4
7.नया जीवन-5
10.मर्यादा-4
12.खाली,रिक्त-2
16.लाईन,पंक्ति-3
17.गर्मी का महीना-2
18.उदर-2
20.दीनहीन,दरिद्र-3
21.लश्कर,फौज-2
22.नष्ट,अद्वैतभाव-2
23.व्यवसाय,धंधा-4
24.नाम रखना -2,3
25.होशियार-5
26.सुर आलाप-2,2
27.अधिकार-2
31.प्रतिज्ञा-3
33.आकांक्षा,अभिलाषा-3
35.राह,मार्ग-2
37.टैक्स,हाथ-2

**शब्द पहेली - 5799 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5810

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5809 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 8 मार्च 2025

रमज़ान मुबारक
इफ्तार 06.32 शाम (शनि)
सहरी 05.11 सुबह (रवि)



नगर निगम भोपाल की अनूठी पहल, ढूंढा पॉलिथीन का विकल्प

## दस रुपए का सिक्का मशीन में डालते ही निकलेगा कपड़े का थैला, भोपाल के 10 स्थानों पर लगेंगे क्लॉथ बैग एटीएम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

राजधानी में पॉलिथीन पर प्रतिबंधित लगाया है। शहर की बाजारों में पॉलिथीन उपयोग करने पर भारी जुर्माने का प्रावधान है। पॉलिथीन के स्थान पर लोग जरूरत पड़ने पर बाकायदा कॉटन बैग का उपयोग कर सकें, इसलिए भोपाल नगर निगम ने पॉलिथीन का विकल्प ढूंढ निकाला है और प्रथम चरण में न्यूमार्केट सहित भोपाल के 10 स्थानों पर पहली बार क्लाथ बैग एटीएम इंस्टॉल कर रही है। इसी के चलते शुक्रवार को महापौर मालती राय, नगर निगम परिषद अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने न्यूमार्केट व्यापारी महासंघ अध्यक्ष नानक सिंह दुआ, पार्षद आरती राजू अनेजा, पार्षद बृजुला सचान सहित मार्केट के व्यापारियों की मौजूदगी में क्लाथ बैग एटीएम मशीन का शुभारंभ किया।

जिसमें मार्केट में बिना थैला लिए खरीदारी करने पहुंचने वाले ग्राहकों को पॉलिथीन की झंझट से मुक्ति मिलेगी और क्लाथ बैग एटीएम मशीन 10 रुपए का सिक्का डालते ही कपड़े का थैला प्राप्त हो जाएगा।

न्यू मार्केट में महापौर, परिषद अध्यक्ष ने किया शुभारंभ

बिना थैला लिए खरीदारी करने मार्केट पहुंचे ग्राहकों को राहत



### निगम की अनूठी पहलः सूर्यवंशी

भोपाल नगर निगम परिषद् अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी ने बताया कि राजधानी को पॉलिथीन मुक्त बनाने के प्रयास में यह निगम की अनूठी पहल है। नगर निगम ने जना बैंक के सहयोग से प्रथम चरण में न्यूमार्केट सहित शहर विभिन्न 10 स्थानों में यह क्लाथ बैग एटीएम मशीन स्थापित की जा रही है। सूवंशी ने बताया कि न्यूमार्केट में दो क्लाथ बैग एटीएम मशीन बजरंग चौक और क्वालिटी रेस्टारेंट के पास लगाई गई है, जबकि बोट क्लब-जोन 21 में एक, संजोग अपार्टमेंट, कोलार रोड-जोन 18 में 1 मशीन, प्रगति पेट्रोल पंप, एमपी नगर-जोन 1 में एक मशीन, बिट्टन मार्केट-जोन 1 में एक मशीन, दस नंबर मार्केट-जोन 1 में एक मशीन, उड्डु के सामने-जोन 8 में एक मशीन, चंचल स्वीट्स-जोन 01 और विजय मार्केट- जोन 14 में एक-एक क्लाथ बैग एटीएम मशीन लगाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि झोला एटीएम वेंडिंग मशीन को इस तरह बनाया गया है कि 10 रुपए सिक्का डालकर इससे झोला प्राप्त किया जा सकता है।

### बाजार में कपड़ों के झोले नजर आएंगेः दुआ

नगर निगम भोपाल की इस अनूठी पहल पर न्यूमार्केट व्यापारी महासंघ के अध्यक्ष नानक सिंह दुआ ने कहा कि पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए सड़कों में जनता से प्लास्टिक मुक्त के लिए नगर प्रशासन की यह सराहनीय पहल है। बाजार में अब कपड़ों के झोले नजर आएंगे। बाजारों और सड़कों पर कपड़े के झोले को लेकर जनता को जागरूक किया जा रहा था।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**भोपाल।** प्रदेश की तहसील एवं जिला अदालतों के साथ ही राजधानी की जिला अदालत में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव न्यायिक मजिस्ट्रेट सुनीत अग्रवाल ने बताया कि इस लोक अदालत में दीवानी, आपराधिक, पारिवारिक, चेक बाउंस, भरण पोषण, मोटर दुर्घटना दावा क्लेम केस, बिजली विभाग से सम्बंधित केस, नगर निगम के वसूली योग्य मामले, राजस्व के मामले, यातायात के ई-चालान एवं बीएसएनएल सहित अन्य विभागों के प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा।

### एमपी एपीकॉन की 30वीं सेरेमनी आज

**भोपाल।** एमपी एपीकॉन की तीसवीं सेरेमनी शनिवार को दोपहर साढ़े 12 बजे शाहपुरा स्थित एक निजी अहोटल में आयोजित की गई है। कार्यक्रम के आर्गनाइजर सेक्रेटरी डॉ. पंकज मनोरिया ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा और स्वास्थ्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल शामिल होंगे। वहीं सम्मानित अतिथि कार्डियोलॉजी सोसायटी के प्रेसीडेंट डॉ. केहली होंगे। वहीं एसो. ऑफ फिजीशियन ऑफ डियां के पूर्व अध्यक्ष केके प्रतीक एवं जर्नल ऑफ एसो.ऑफ फिजीशियन डॉ. मंगेश तिवास्कर मुंबई विशेष अतिथि होंगे।

### आज महिलाएं करेंगी ट्रेनों का संचालन

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विशेष पहल की गई है। महिला दिवस पर भोपाल-बिलासपुर एक्सप्रेस (गाड़ी संख्या 18235) को पूरी तरह महिला स्टाफ द्वारा संचालित किया जाएगा। यह ट्रेन भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर 5 से सुबह 10:15 बजे रवाना होगी। इस ऐतिहासिक क्षण में ट्रेन के लोको पायलट, सहायक लोको पायलट, ट्रेन प्रबंधक (गार्ड) महिलाएं होंगी। यह पहल रेलवे में कार्यरत महिलाओं की दक्षता, क्षमता और कार्यकुशलता को दशार्ने का एक उत्कृष्ट उदाहरण होगी जिसे अपर मंडल रेल प्रबंधक रश्मि दिवाकर हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी।

दो भाइयों के साथ की थी आधा दर्जन से अधिक लोगों ने मारपीट

## न्यू मार्केट में दुकान के बाहर काउंटर लगाने वाले दुकानदारों में हुआ विवाद

*बजरंगियों ने घेरा टीटी नगर थाना, पुलिस ने की आनन-फानन में कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

न्यू मार्केट में दुकान के सामने फुटपाथ पर दुकान लगाने की बात को लेकर विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर समुदाय विशेष के लोग इकट्ठा हो गए और दो दुकानदारों के साथ जमकर मारपीट की। मामला थाने पहुंचा और पुलिस ने मामूली धाराओं में एफआईआर कर दोनों पक्षों को समझाइश देकर छोड़ दिया। इस पर बजरंगियों को गुस्सा फूट गया। बजरंगी शुक्रवार दोपहर इकट्ठा हो गए और टीटी नगर थाने का घेराव कर दिया। घेराव होने के बाद पुलिस ने आनन फानन में आरोपियों के खिलाफ एक और मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया, तब जाकर बजरंगियों का गुस्सा शांत हो सका।

पुलिस के अनुसार कोटरा सुल्तानाबाद निवासी 33 साल के भारत जाटव अपने भाई धीरज जाटव के साथ न्यू मार्केट में कपड़े की दुकान लगाते हैं। उन्होंने शिकायत करते हुए बताया कि 4 मार्च की दोपहर वह दुकान पर थे। इस दौरान पास ही दुकान लगाने वाले अरसलन और हमजा से उनकी कहासुनी बढ़ गई। कहासुनी होने के बाद मारपीट होने लगी। मारपीट बढ़ने पर अरसलन और हमजा ने अपने साथियों के साथ मिलकर उनसे जमकर मारपीट की। टीटी नगर पुलिस ने भारत जाटव की शिकायत पर मारपीट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया था।

**खास बातें**

- एक और मामला दर्ज होने के बाद माने बजरंगी
- पुलिस ने दिया जल्द गिरफ्तारी का भरोसा
- लोगों ने की दुकानों से अतिक्रमण हटाने की मांग



दुकानदार से मारपीट के खिलाफ टीटी नगर पुलिस थाने के सामने प्रदर्शन करते व्यापारी।



### हिंदू संगठन बोला, युवतियों और महिलाओं से करते हैं बदतमीजी

विश्व हिंदू परिषद के विभागीय अध्यक्ष जीवन शर्मा ने बताया कि विवाद केवल मारपीट का ही नहीं है। यहां समुदाय विशेष के लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। वे न्यू मार्केट में आने वाली युवतियों और महिलाओं को कमेंट्स भी करते हैं। अतिक्रमण यहां से हटना चाहिए। अतिक्रमण हटाने और मारपीट के दोषियों पर सख्त कार्रवाई करने उनका जुलूस निकालने के लिए थाने का घेराव किया गया है।

मारपीट की शिकायत पर पुलिस ने मंगलवार को ही प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर दी थी। पीड़ित पक्ष का कहना है कि उनके साथ जाति सूचक शब्दों का प्रयोग किया गया है। पुलिस ने शिकायत मिलने पर पांच आरोपियों के खिलाफ एट्रोसिटी एक्ट का मामला दर्ज कर लिया है। अतिक्रमण की कार्रवाई के लिए नगर निगम को चिट्ठी लिखी गई है। नगर निगम की कार्रवाई में पुलिस साथ रहेगी।
**सुधीर अरजरिया**, थाना प्रभारी, टीटी नगर

### जमानती धारा होने के कारण छोड़ा

मारपीट की साधारण धारा होने के कारण अरसलन और हमजा को छोड़ दिया गया। छूटने के बाद अरसलन और हमजा समेत वहां दुकान लगाने वाले अरबाज सोहिल ओर अरहन गुरुवार शाम भारत जाटव को मिले और जाति सूचक शब्द कहने लगे। वे कहने लगे कि ले हम छूटकर आ गए तू हमारा कुछ नहीं बिगाड़ सकेगा। पूरा प्रकरण हिंदू संगठन को पता चला तो वह थाने के सामने इकट्ठा हो गए और हंगामा करने लगे।

कॉल सेंटर का मास्टर माइंड अफजल गया जेल

## गिरफ्तारी से पहले बिगड़ी एएसआई की तबीयत, किसी अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

फर्जी कॉल सेंटर के मास्टर माइंड अफजल खान को ऐशबाग पुलिस ने शुक्रवार को कोर्ट में पेश कर दिया। कोर्ट ने उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया। पुलिस रिमांड के दौरान उसने बताया कि अपनी बेटी साहिबा, पत्नी जायद बेगम, साला मोइन खान और वसीम खान के साथ मिलकर तीन साल से कॉल सेंटर चला रहा था। पूछताछ के बाद पुलिस ने उसकी पत्नी-सालों को भी ठगी के मामले में आरोपी बनाया लिया। कॉल सेंटर का फर्जीवाड़ा पकड़ाने के बाद डील करने वाले निलंबित एएसआई पवन रघुवंशी की तबीयत बिगड़ गई। गिरफ्तारी से बचने वह किसी निजी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस की टीमें अस्पताल का पता लगाने में जुटी हुई हैं। निलंबित टीआई जितेन्द्र गढ़वाल, एएएसआई मनोज सिंह, धर्मेंद्र की जांच के बाद गिरफ्तारी तय होगी। प्रारंभिक तौर पर यह सब आरोपी हैं।

22 फरवरी को एटीसी कंपनी के कॉल सेंटर में ऐशबाग पुलिस ने छापा मारा था। इस कार्रवााई के 7वें दिन पुलिस ने अफजल और बेटी साहिबा पर मामला दर्ज किया था। अफजल के परिवार के लोगों के नाम नहीं आएं, इसके लिए उसके साले ने टीकमगढ़ से पार्षद अंशुल जैन के जरिए डील शुरू की थी। मंगलवार रात अंशुल ने पांच लाख रुपए लाइन अटैच एएसआई को उसके घर के पास दिया था।

अफजल की पत्नी और सालों को भी पुलिस ने बनाया ठगी का आरोपी, अफजल के साथ मिलकर करते थे काम



### 25 लाख में सभी को बचाने की थी डील

लाइन अटैच एएसआई पवन की पार्षद अंशुल जैन उर्फ मोना से फोन पर बात हुई थी। अंशुल ने उसे अफजल की पत्नी और साले को बचाने की कीमत पूछी थी। तब पवन ने कहा कि आज शाम तक 25 लाख रुपए पहुंचा दो, सबको बचा लूंगा। मोना उस समय भोपाल में ही था। पुलिस अधिकारियों ने दावा किया कि पार्षद पैसा देकर फरार हो गया था। इसके बाद पवन के घर पर रेड मारी गई थी।

## विधानसभा सत्र कल से, धरना और प्रदर्शन रहेंगे प्रतिबंधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी 10 मार्च से शुरू हो रहे विधानसभा सत्र के मद्देनजर पुलिस कमिश्नर हरिनारायणाचारी मिश्र ने सुरक्षा और व्यवस्था को लेकर नए सिरे से दिशा निर्देश जारी किए हैं। यह आदेश 24 मार्च तक प्रभावी रहेगे। इस दौरान विधानसभा और उसके आसपास के इलाकों में जुलूस, प्रदर्शन और सार्वजनिक सभाओं पर पूरी तरह से रोक लगा दी गई है। सत्र के दौरान विधानसभा परिसर के 5 किमी के दायरे में भारी वाहनों और तांगा-बैलगाड़ियों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहेगा।

पुलिस कमिश्नर ने विधानसभा और आसपास के क्षेत्रों में प्रदर्शन और जुलूस पर पाबंदी लगा दी है। इनमें लिली टॉकीज से 7वीं बटालियन, बाणगंगा से राजभवन, जिंसी से पुरानी जेल, स्लाटर हाउस से बोर्ड ऑफिस तक, झरनेश्वर मंदिर से रोशनपुरा तक, पॉलिटेक्निक से सीएम निवास, नई विधानसभा से राजभवन और अन्य प्रमुख स्थानों तक के सभी मार्ग को प्रतिबंधित किया गया है।

### सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम

पुलिस प्रशासन ने सत्र के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। विधानसभा परिसर और उसके आसपास के इलाकों में सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ा दी गई है। साथ ही, पुलिसकर्मियों की संख्या भी बढ़ाई गई है ताकि किसी भी स्थिति को तुरंत नियंत्रित किया जा सके। पुलिस ने सभी से सहयोग की अपील की है ताकि सत्र शांतिपूर्वक और सुचारू रूप से संपन्न हो सके।

## 11 से काचीगुडा-मदार स्पेशल ट्रेन, आरकेएमपी पर रहेगा स्टॉपेज

**भोपाल।** दक्षिण मध्य रेलवे ने होली के मौके पर यात्रियों की सुविधा के लिए काचीगुडा और मदार के बीच विशेष ट्रेन सेवा की घोषणा की है। यह ट्रेन भोपाल मंडल के रानीकमलापति स्टेशन पर हाल्ट लेकर चलेगी।

जानकारी के अनुसार ट्रेन नंबर 07701 काचीगुडा से 11 और 16 मार्च 2025 को रात साढ़े 11 बजे रवाना होगी। ये अगले दिन दोपहर 12:50 बजे मदार पहुंचेगी। अगले दिन रात्रि 22:45 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में ट्रेन नंबर 07702 मदार से 13 और 18 मार्च को शाम 4:05 बजे चलेगी। अगले दिन सुबह 05 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी। ये विशेष ट्रेन दोनों दिशाओं में मप्र के आरकेएमपी, नीमच, खंडवा, सीहोर आदि स्टेशनों पर रुकेगी।

400 रजिस्ट्री हुई रीशेड्यूल, छुट्टी के दिन भी खुलेंगे पंजीयन दफ्तर

रजिस्ट्री की तादाद बढ़ने से स्लॉट संख्या बढ़ाकर हुई 900

## एक दिन में रिकॉर्ड 500 रजिस्ट्री विभाग को 48 करोड़ की आमदनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले तीन दिन से पंजीयन विभाग के सर्वर में एरर आने की वजह से अटकीं रजिस्ट्रियां शुक्रवार को हो गईं, जिससे शाम तक जिले के परी बाजार, आईएसबीटी और बैरसिया दफ्तर में पांच सौ रजिस्ट्री दर्ज की गईं, जिसमें 400 रजिस्ट्री रीशेड्यूल वाली हैं। एक दिन में रिकार्ड रजिस्ट्री होने से पंजीयन विभाग को करीब 48 करोड़ रुपए की आमदनी हुई है।

वित्तीय वर्ष का आखिरी महीना मार्च में पंजीयन दफ्तरों में प्रापर्टी के खरीदारों की रजिस्ट्री कराने के लिए भीड़ उमड़ना शुरू हो गई है। पिछले तीन दिन से सर्वर ठप होने की वजह से 400 से अधिक रजिस्ट्रियां अटक गई थीं। जब शुक्रवार को सर्वर ने रफ्तार पकड़ी तो एक ही दिन में 500 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई हैं। अब यह सिलसिला इस पूरे महीने जारी रहेगा। साथ ही अवकाश के दिन भी शनिवार को पंजीयन दफ्तर खोले जाएंगे।



### 80 से डेढ़ करोड़ तक के सौदे

साल के अंतिम महीनों में 80 लाख से लेकर डेढ़ करोड़ तक के सौदे किए जा रहे हैं। यही वजह है कि 500 रजिस्ट्रियों से लगभग 48 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। रजिस्ट्री में लोग फ्लैट, प्लॉट और फार्म हाउस की खरीदारी ज्यादा कर रहे हैं। दरअसल, शहरी सीमा पर नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्र में नए वित्तीय वर्ष 2025-26 में प्रापर्टी के दाम बढ़ाए जा सकते हैं। इस वजह से इन क्षेत्रों में जमकर खरीदारी हो रही है।

### एक दिन में हो सकेंगी 900 रजिस्ट्री

परी बाजार, आइएसबीटी और बैरसिया के पंजीयन कार्यालयों में सुबह 10 से शाम छह बजे तक प्रापर्टी की रजिस्ट्री की जा रही हैं। इन तीनों कार्यालय में 13 सब रजिस्ट्रार हैं, लेकिन तीन की जगह रिक्त होने से अभी 10 ही काम कर रहे हैं। प्रत्येक सब रजिस्ट्रार के पास 90 स्लॉट होने से इस तरह 900 स्लाट हैं।

31 मार्च को खत्म हो जाएगा टेंडर

## एक अप्रैल से 303 और 307 रूट की 16 बसें होंगी बंद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पिछले डेढ़ साल से छह रूटों पर लो-फ्लोर बसें बंद है। लंबे समय से 70 सीएनजी बसें चल नहीं रही है। वहीं अब एक अप्रैल से 303 और 307 रूट पर चलने वाली 8-8 लो-फ्लोर बसों का संचालन भी बंद हो जाएगा। दरअसल, ऐसा इसलिए क्योंकि 31 मार्च को उक्त दोनों रूट पर लो-फ्लोर बसों को चलाने वाली बस आपरेटर श्री दुर्गामा का टेंडर खत्म हो रहा है। यह अनुबंध 7 साल का था। इसके चलते दोनों रूट के करीब एक लाख से अधिक यात्रियों को आवाजाही में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा।

### 150 बसों का हो रहा संचालन

वर्तमान में 150 बसों का संचालन हो रहा है। वहीं, बीसीएलएल के डायरेक्टर मनोज राठौर का कहना है कि शहर में मुश्किल से 50-60 बसें चल रही हैं। अगले छह महीने में शहर में चलने वाली सभी लो-फ्लोर बसों के पहियों पर ब्रेक लग सकता है, क्योंकि पुराने बस आपरेटरों के अनुबंध समाप्त हो रहे हैं। नई टिकट कलेक्शन के लिए एजेंसी नहीं मिल रही है। बीसीएलएल एजेंसी के लिए अब तक करीब आधा दर्जन बार निविदा निकल चुका है, लेकिन कोई भी एजेंसी टेंडर प्रक्रिया में भाग नहीं ले रही है।

हूटर मुहिमः दूसरे दिन की गई लाल, पीली बत्ती लगी गाड़ियों की जांच

## अपेक्स बैंक न्यू मार्केट चौराहे के पास मंत्री की गाड़ी से उतारा हूटर!

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में हूटर मुहिम के बीच माननीयों की गाड़ियां चर्चा में हैं। प्रदेशभर में हूटर लगे वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस की कार्रवाई जारी है। दूसरे दिन शुक्रवार को इस अभियान के बीच लाल, पीली बत्ती लगी गाड़ियों में कई मंत्री और विधायकों की गाड़ियों की जांच की गई। इस दौरान मंत्रियों की सरकारी गाड़ी, विधायकों के साथ नेताओं के वाहनों में भी हूटर लगे हुए मिले। जिनको यातायात पुलिस ने उतरवा दिया।

समय दोपहर करीब एक बजे स्थान अपेक्स बैंक न्यू मार्केट चौराहे के पास हूटर व नियम विरोध संचालित वाहनों को लेकर यातायात पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान एमपी 02 जेडए 0899 नंबर की गाड़ी निकल रही थी। जिस पर हूटर लगा था। इस दौरान पुलिस ने गाड़ी रोककर हूटर को निकाल दिया। यह गाड़ी मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की बताई जा रही है। हालांकि पुलिस का कहना है कि वाहन मंत्री का नहीं था।

यातायात पुलिस ने उतरवाए कई सरकारी गाड़ियों से हूटर, 87 प्रकरण किए दर्ज



### तय सीमा से कई गुना अधिक होती है आवाज

यातायात अधिकारियों के अनुसार, अनधिकृत हूटरों से निकलने वाली आवाज तय सीमा से कई गुना ज्यादा होती है। एक परिवहन अधिकारी ने कहा कि इनकी अत्यधिक ध्वनि अन्य चालकों को चौंका सकती है, जिससे व्यस्त सड़कों पर संभावित टक्कर हो सकती है। इसके अलावा, ये अचानक तेज आवाजें वरिष्ठ नागरिकों, छोटे बच्चों और अस्पताल के मरीजों के लिए विशेष रूप से समस्याग्रस्त हैं जिन्हें शांतिपूर्ण वातावरण की आवश्यकता होती है।

### हूटर के खिलाफ अभियान

पुलिस नियमित रूप से अनधिकृत हूटरों वाले वाहनों के खिलाफ अभियान चलाती है और जुमार्ना लगाती है। लेकिन समस्या यहीं खत्म नहीं होती। पुलिस का कहना है कि लोग जुर्माना भरने के बाद फिर से हूटर लगवा लेते हैं। हूटर बेचने वाले दुकानदार और गाड़ियों को मॉडिफाई करने वाले गैराज भी इस गैरकानूनी धंधे में लगे हुए हैं।

### मंत्री की नहीं सरकारी थी गाड़ी

मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर के वाहन का चालान बनाए जाने की बात पर पुलिस ने कहा कि जिस वाहन का चालान बनाया गया है, वह मंत्री का नहीं, बल्कि एक सरकारी गाड़ी थी। वहीं पुलिस का यह भी कहना है कि शुक्रवार को दिनभर में 87 वाहनों पर कार्रवाई की गई।

### राशन सप्लाई करने वाला वाहन चालक बोला-कभी हूटर की पड़ती है जरूरत



अपेक्स बैंक न्यू मार्केट चौराहे के पास चेकिंग के दौरान यातायात पुलिस को एक राशन दुकानों में खाद्य सामग्री पहुंचाने वाले वाहन में हूटर लगा मिला। जब पुलिस ने वाहन रोककर चालक से पूछा कि आपको इसकी क्या जरूरत क्यो इसको लगवाया। वाहन चालक बोला-कभी कभी जल्दी राशन पहुंचाने के लिए इसकी जरूरत पड़ती है।

# सोराई स्टेशन पर एक-दूसरे पर चढ़ गईं ट्रेन की बोगियां, हर ओर मची चीख-पुकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोराई स्टेशन पर ट्रेन की बोगियां एक-दूसरे पर चढ़ गईं थीं। सूचना मिलते ही एनडीआरएफ और रेलवे की बचाव टीम मौके पर पहुंची। सुबह 11:20 बजे गार्ड ने सोराई स्टेशन को सूचना दी कि एक यात्रा स्पेशल गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई है और इसमें कई यात्रियों के हताहत होने की आशंका है।

स्टेशन मास्टर ने तुरंत यह सूचना रेलवे कंट्रोल रूम को दी, जिसके पश्चात कंट्रोल रूम ने 5 हूटर (सायरन) बजाकर भोपाल रेलवे स्टेशन से दुर्घटना राहत गाड़ी एवं चिकित्सा यान को रवाना किया। राहत बचाव टीम ने मौके पर पहुंचकर टूल्स से कोच काटकर घायलों को बाहर निकाला गया। जिन्हें तत्काल इलाज उपलब्ध कराया गया। दरअसल यह ट्रेन हादसे के संभावित हालात में बचाव कार्य और घायलों की मदद करने के लिए माकड्रिल थी। इस अभ्यास का उद्देश्य रेलवे हादसों की बढ़ती घटनाओं के मद्देनजर आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया सुनिश्चित करना था।

**भोपाल रेल मंडल और एनडीआरएफ ने किया मॉकड्रिल**

### स्थानीय प्रशासन से ली मदद



रेल मंडल व एनडीआरएफ के साथ स्थानीय प्रशासन के साथ मिलकर रेलवे ने सफलतापूर्वक एक्सरसाइज किया है। दरअसल, संभावित दुर्घटना की परिस्थितियों को सजीव रूप देने के लिए दो कोचों, एक स्लीपर कोच और एक जनरल कोच को दुर्घटनाग्रस्त दिखाया गया। एसी कोच को डिरेल कर जीएस कोच को उसके ऊपर रखा गया, जिससे एक गंभीर दुर्घटना का दृश्य तैयार किया गया। दुर्घटना राहत गाड़ी के मौके पर पहुंचने के बाद, रेलवे और एनडीआरएफ की टीम ने संयुक्त रूप से बचाव कार्य शुरू किया। यात्रियों को बाहर निकालने के लिए खिड़कियों के शीशे तोड़े गए, दरवाजों एवं छत को काटा गया। रस्सियों और स्ट्रेचर की सहायता से फंसे हुए यात्रियों को बाहर लाया गया। विशेष रूप से, बोगी के नीचे फंसे यात्रियों को एयरबैग की सहायता से लिफ्ट कर निकाला गया।

### घायलों को दी तुरंत मेडिकल सुविधा



रेलवे मेडिकल टीम एवं डॉक्टरों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को तुरंत प्राथमिक उपचार प्रदान किया। अटल बिहारी वाजपेयी सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय, विदिशा के डॉक्टरों की टीम ने भी इस अभ्यास में भागीदारी की, जिसमें स्थानीय डॉक्टरों एवं चिकित्सा विशेषज्ञों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रीन कॉरिडोर बनाकर गंभीर रूप से घायल यात्रियों को शीघ्र अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया गया। भोपाल मंडल के पीआरओ नवल अग्रवाल ने बताया कि रेलवे और एनडीआरएफ के इस संयुक्त अभ्यास से हमारी आपदा प्रबंधन क्षमता का बेहतर आकलन हुआ है। इस अभ्यास से सभी विभागों के बीच तालमेल को मजबूती मिली है, जिससे वास्तविक दुर्घटना के समय त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया दी जा सकेगी।

## खबर संक्षेप

### ओस्टियोआर्थराइटिस और प्रत्यारोपण पर सीएमई आज

**भोपाल।** शनिवार को महिला दिवस के अवसर पर गांधी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) में घुटने के जोड़ के ओस्टियोआर्थराइटिस और प्रत्यारोपण पर सीएमई का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष अस्थि रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशीष गोहिया और आयोजन सचिव डॉ. अभिषेक पाठक ने बताया कि सीएमएई में मुख्य अतिथि आईएएस डॉ. सलोनी सिदाना, डीन डॉ. कविता एन सिंह और अधीक्षक डॉ. सुनीत टंडन हैं। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य मुख्यत बढ़ती उम्र के साथ होने वाले घुटने के ओस्टियो आर्थराइटिस के प्रति जागरुकता को बढ़ावा देना है।

### हम तकनीकी शिक्षा को समृद्ध बनाने की दिशा में क्रियाशील हैं: मंत्री परमार

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इंदर सिंह परमार ने इंदौर स्थित गोविंदराम सेकसरिया प्रौद्योगिकी एवं विज्ञान संस्थान (एसजीएसआईटीएस) को, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) द्वारा दस वर्षों के लिए स्वायत्तता का दर्जा मिलने पर हर्ष व्यक्त किया है। मंत्री परमार ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में, प्रदेश विकसित एवं समृद्ध मध्यप्रदेश संकल्पना की सिद्धि की ओर सतत आगे बढ़ रहा है। राज्य सरकार, शिक्षा के क्षेत्र में प्रदेश को अग्रणी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। परमार ने कहा कि राज्य सरकार, विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में, गुणवत्तापूर्ण एवं रोजगारपरक तकनीकी शिक्षा प्रदान करने की दिशा में अग्रसर है।

### बिल्डर शर्मा की 2.36 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच, कई ठिकानों पर मारा था छापा

**भोपाल।** आयकर विभाग की बेनामी संपत्ति विंग ने त्रिशूल कंस्ट्रक्शन कंपनी के संचालक राजेश शर्मा और ग्रुप की 2.36 करोड़ की प्रॉपर्टी अटैच कर ली है। यह प्रॉपर्टी अब राजेश शर्मा और उसके सहयोगी बेच नहीं सकेंगे। इसके पहले आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेटिंग विंग भी शर्मा की कई प्रॉपर्टी अटैच कर चुकी है। प्रॉपर्टी अटैच करने की अलग-अलग कार्रवाई की गई है। हाल ही में आयकर विभाग ने कस्तूरबा नगर में राजेश शर्मा की तीन मंजिला इमारत को भी अटैच कर लिया है। केवल मकान की वैल्यू 1.80 करोड़ रुपए है।

### लीकेज सिलेंडर में दीए से भड़की थी आग, बुजुर्ग मां के बाद बेटे की मौत

**भोपाल।** बागसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित आशाराम नगर में शिवरात्रि की दोपहर दोपहर घर में चल रही पूजन के दौरान गैस सिलेंडर से गैस रिसने से हादसा हो गया था। इस हादसे में एक ही परिवार 11 लोग गंभीर रूप से झुलस गए थे। इसमें पूजा करने वाले पंडित समेत हलवाई भी शामिल है। झुलसे सभी लोगों को एम्स में इलाज चल रहा है। झुलसने के कारण शिवरात्रि के दो दिन बाद 28 फरवरी को परिवार के बुजुर्ग महिला की मौत हो गई थी। शुक्रवार को तबीयत बिगड़ने के बाद 56 साल के बेटे नवल किशोर की भी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस ने बताया कि अन्य का इलाज चल है।

## विभिन्न समाजों में अलग-अलग व्यंजन बनाने की है परंपरा

# होली पर गुझिया-पूरनपोली, मीठी रोटी और फ्रूट कैडाई जैसे पारंपरिक व्यंजनों की घुलेगी मिठास




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

होली पर्व पर रंग-गुलाल लगाने की परंपरा तो सभी समाजों में एक सी है, लेकिन पूजा पद्धति और इस दिन बनने वाले व्यंजन-पकवान कुछ विशेष होते है। साथ ही समाजों में अलग-अलग व्यंजन बनाने की परंपरा है। बावजूद इसके सभी समाजों के लोग अपने-अपने तरीके से रंगोत्सव का आनंद उठाते हैं। होली पर लोग गुझिया आदि पकवानों का स्वाद लेते हैं। इस बार होली 14 मार्च की है। अब सिर्फ सात दिन शेष है। तो कई समाज के लोगों द्वारा होली की तैयारियां शुरू कर दी है।

### महाराष्ट्रीयन समाज : पांच प्रकार की सब्जी और चटनी का भोग



मराठी परिवारों में आमतौर पर होली का त्योहार रंगत लिए हुए ही मनाया जाता है। महाराष्ट्रीयन कुनबी पाटिल समाज के सुनील पाटिल ने बताया होलिका दहन के पूर्व होली को नारियल और चने चिरौंजी का प्रसाद चढ़ाया जाता है। इस दिन घरों में विशेष रूप से गुझिया बनाए जाएंगे। पांच प्रकार की सब्जी, चटनी आदि बनाकर घर में भगवान को व शाम के समय होली को इसका भोग लगाया जाता है।

### गुजराती समाज : होली पर बनती है विशेष खिचड़ी



गुजराती परिवारों में होली एवं रंगपंचमी का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं। गुजराती समाज के अध्यक्ष संजय पटेल ने बताया कि होली की पूजा करने के लिए श्रीफल, अगरबत्ती, कुंकू, चावल एवं गेहूं की बाली के साथ पूजा और दर्शन करते हैं। छोटे बड़ों को रंग-गुलाल का तिलक लगाकर उनके पांव छूकर आशीर्वाद लेते हैं। इस दिन सभी घरों में विशेष रूप से खिचड़ी बनाई जाती है। इसके अलावा फाफड़ा, जलेबी के साथ ही पूरी-श्रीखंड, छोले का लुत्फ उठाते हैं।

### बंगाली समाज : होलिका दहन स्थल के साथ घरों में है पूजन की परंपरा



बंगाली समाज के रूपेश भट्टाचार्य ने बताया कि इस दिन होलिका दहन स्थल पर पूजा करने के साथ ही घरों में गुरु पूजन की परंपरा है। कई घरों में तुलसी के पौधे को रंगीन पानी से नहलाकर बताशा अर्पित करते हैं। शकर का खिलौना और भुनी पीली मटर को चाशनी में पकाकर तैयार फ्रूट कैडाई बनाकर बांटी जाती है। ज्यादातर महिलाएं लाल बार्डर वाली सफेद साड़ी पहनती हैं। धूमधाम से होली का त्योहार मनाया जाएगा।

### सिख समाज : घरों में बनते हैं छोले भटूरे, मक्के की रोटी



सिख समाज (खालसा) का होली को होल्ले महल्ला का रूप गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज ने प्रदान किया। गुरु तेग बहादुर गुरुद्वारा संकेत नगर के प्रधान हरदीप सिंह सैनी ने बताया कि होल्ले महल्ला पर गुरुद्वारा साहिब में विशेष दीवान सजते हैं। गुरुद्वारे में समाज के लोग परंपरा निभाते हुए दीवान सजाएंगे। बाहर से कोई सगंत आएगी। घरों में पंजाबी व्यंजन बनाए जाते हैं, इनमें लस्सी शामिल रहती है। व्यंजनों में मक्के की रोटी, छोले भटूरे, मखनी दाल व पराठे बनाए जाते हैं।

## हाई पॉवर कमेटी की बैठक में डॉक्टरों ने कहा: स्वास्थ्य के क्षेत्र में समाप्त होना चाहिए प्रशासकीय दखल अंदाजी

- वल्लभ भवन में हुई प्रमुख सचिव के साथ पहली हाई पॉवर कमेटी की बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल।

प्रदेश के डॉक्टरों की मांगों और समस्याओं के निकाकरण के लिए बनाई गई हाई पॉवर कमेटी की पहली बैठक शनिवार को वल्लभ भवन में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव की अध्यक्षता आयोजित हुई। बैठक में कमेटी में शामिल चिकित्सक महासंघ के पदाधिकारी शामिल हुए। तीन घंटे चली बैठक में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, श्रम विभाग, गृह विभाग, संविदा चिकित्सक और जूनियर डॉक्टर्स के मूलभूत एजेंडो पर चर्चा हुई।

बैठक में चिकित्सा महासंघ के मुख्य संयोजक डॉ. राकेश मालवीया, संयोजक डॉ. माधव हासानी, डॉ. अविनाश ठाकुर ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रशासकीय दखलअंदाजी को समाप्त करने को कहां। साथ ही डायरेक्टर जनरल हेल्थ सर्विसेस एवं डायरेक्टर जनरल मेडिकल एजुकेशन के पदों को सृजित कर वरिष्ठ चिकित्सकों को नियुक्त करना, शासकीय अस्पतालों में अमानक दवाओं की सप्लाई को पूर्णतः निषेध कर कठोर दंड का प्रावधान किया जाना, चिकित्सकों को स्वीकृत समयमान-चयन वेतनमान को एक माह में क्रियान्वित करने समेत कई लंबित मांगों पर चर्चा की गई।

चिकित्सकों की मांगों पर चर्चा के बाद कमेटी ने आश्वासन दिया कि जल्द ही मुख्यमंत्री के साथ बैठक कर उनको अवगत कराकर निराकरण किया जाएगा। बैठक में आयुक्त तरुण राठी, संचालक डॉ. अरुण श्रीवास्तव, डॉ. राहुल रोकड़े, डॉ. आरसी. वर्मा, डॉ. महेश कुमार, डॉ. दिनेश मडावे, डॉ. आदित्य सक्सेना, डॉ. लोकेश रघुवंशी, डॉ. रिंकू सिलावट, डॉ. कुलदीप गुप्ता, डॉ. अविनाश ठाकुर, डॉ. राजू निदारिया, डॉ. वैभव जैन, डॉ. हर्ष चावरे, डॉ. हेमेंद्र कदम उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य कर्मचारी बोले- सार्थक एप बना मुसीबत, 10 से करेंगे हड़ताल




- जेपी अस्पताल में कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन
- सार्थक एप पर अटेंडेंस नहीं होने पर कर्मचारियों की रुकी सैलरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ अधिकारी कर्मचारियों को सार्थक एप पर अटेंडेंस लगाने की अनिवार्यता से कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल रहा है। सार्थक एप पर अटेंडेंस नहीं होने के कारण जेपी अस्पताल के कई कर्मचारियों की सैलरी रुक गई है।

शुक्रवार को सार्थक एप का विरोध और वेतन नहीं मिलने से नाराज जेपी अस्पताल के कर्मचारियों ने अस्पताल में प्रदर्शन कर नारेबाजी की। मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष महेंद्र शर्मा के नेतृत्व में कर्मचारियों ने ड्यूटी के दौरान काम बंद कर अस्पताल परिसर में एकत्रित होकर प्रदर्शन किया।

प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों ने कहा कि रजिस्ट्रर के साथ-साथ सार्थक एप पर अटेंडेंस लगाने के बाद भी कई कर्मचारियों का वेतन रोक दिया गया है। वहीं जिन कर्मचारियों के पास एंड्राइड मोबाइल नहीं वह सार्थक एप पर हाजरी लगाने नहीं पा रहे हैं। कर्मचारियों के सार्थक एप मुसीबत बन गया है। इसलिए कर्मचारी 10 मार्च से काम बंद हड़ताल करने जा रहे हैं।

### कैसे लगाएं हाजिरी एंड्राइड मोबाइल ही नहीं

सार्थक एप से उपस्थिति अनिवार्य करने से अधिकारी, कर्मचारियों को अनेकों परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जैसे एंड्राइड मोबाइल का कई कर्मचारियों के पास न होना, नेटवर्क की समस्या, एरर आना, अधिकतम कर्मचारियों के पास की पैड मोबाइल का होना, 50 प्रतिशत कर्मचारियों का ग्रामीण क्षेत्रों में सेवाएं देना आदि समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण माह फरवरी का मासिक वेतन रोक दिया गया है।

### ऐसे काम करता है सार्थक एप

सार्थक एप जीपीएस आधारित मोबाइल एप है। इसके जरिए चिकित्सकों व कर्मचारियों की जीपीएस लोकेशन के साथ उपस्थिति दर्ज होती है। साथ ही एक फोटो भी लोकेशन के साथ अपलोड करनी होती है। एप सभी रिकॉर्ड को सर्वर में सेव करता है।

### अधीक्षक बोले: मैंने नहीं सीएमएचओ ने दिए निर्देश

प्रदर्शन के बाद कर्मचारी अधीक्षक डॉ. राकेश श्रीवास्तव से मिलने पहुंचे और सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज कराने में आ रही समस्याओं से अवगत कराया। कर्मचारियों की समस्याओं को सुनने के बाद अधीक्षक ने कहा कि सार्थक एप हाजरी लगाने के निर्देश सीएमएचओ ने दिए है। अगर कुछ समस्या है तो सीएमएचओ से मिलें।

### सोमवार से हड़ताल

कर्मचारियों को सार्थक एप में अटेंडेंस लगाने में कई प्रकार की परेशानी आ रही है। जिसका निवारण किए बगैर फरवरी माह की सैलरी रोक दी गई है। कर्मचारी की समस्याओं से उपमुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव, स्वास्थ्य आयुक्त को ज्ञापन देकर मांग की है कि सार्थक एप पर अटेंडेंस की अनिवार्यता समाप्त की जाए। अगर जल्द ही कोई निर्णय नहीं लिया गया तो 10 मार्च से राजधानी समेत प्रदेश भर के स्वास्थ्य कर्मचरी काम बंद हड़ताल करेंगे।

**महेंद्र शर्मा**
प्रांताध्यक्ष, मप्र लघु वेतन कर्मचारी संघ

## लंबित विभिन्न मांगों के समर्थन में बैंककर्मियों ने किया प्रदर्शन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल




यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के बैनर तले शुक्रवार की शाम को पांच दिवसीय बैंक सप्ताह के मुद्दे पर हुई सहमति का अविलंब क्रियान्वयन किया जाए, नियमित कार्यों की आउटसोर्सिंग बंद की जाए और बैंकों में लाखों रिक्त पदों को अविलंब भरा जाए, पेंशन अपडेशन तथा पेंशन योजना में सुधार आदि मांगों के समर्थन में फोरम की भोपाल इकाई द्वारा अरेरा हिल्स भोपाल स्थित यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के जोनल ऑफिस, अरेरा हिल्स भोपाल के सामने प्रदर्शन किया गया।

इस मौके पर विभिन्न बैंकों की ट्रेड यूनियंस के पदाधिकारियों वीके शर्मा, संजीव मिश्रा, प्रवीण मेघानी, दीपक रत्न शर्मा, दिनेश झा, सुबीन सिन्हा, सुनील सिंह, निर्भय सिंह ठाकुर, के के त्रिपाठी,मोहम्मद नजीर कुरैशी, वीएस रावत, संजय कुदेशिया, संदीप चौबे, संतोष जैन, अम्बरीश नंदा,वी एस नेगी, सुनील सिंह, गुणशेखरन,देवेंद्र खरे, दीपक नायर, जेपी दुबे, संतोष मालवीय, राम चौरसिया आदि मौजूद रहे हैं।

## होटल और ढाबों पर आबकारी ने दी दबिश, शराब की 9 पेटी की जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आबकारी विभाग ने अवैध रूप से शराब परोसने वाले आधा दर्जन से अधिक होटल और ढाबों पर दबिश दी। इस दौरान 40 प्रकरण बनाए गए हैं। इधर, एक अन्य कार्रवाई में देशी-विदेशी शराब की 9 पेटी जब्त की गई है।

जिला आबकारी कंट्रोलर एचएस गोयल ने बताया कि शुक्रवार रात नीलबड़, रातीबड़ क्षेत्र के साक्षी ढाबा, वन माल्ट, हंगरी हट, हाइड आउट, ट्री चैप्टर, वाइट आर्किड सहित अन्य होटल और ढाबों पर कार्रवाई की गई। इस दौरान वहां शराब पी रहे लोग आबकारी टीम को देखकर भागते दिखे। अनाधिकृत रूप से शराब पिलाने के मामले में ढाबा संचालकों और मैनेजरों पर प्रकरण बनाए

### संचालकों और मैनेजरों पर प्रकरण दर्ज



गए है। इस दौरान 31 प्रकरण बनाए गए। इधर, एक अन्य कार्रवाई में बरखेड़ा पठानी क्षेत्र में अलग-अलग जगह दबिश गई। इस दौरान 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया, जिनसे 4 पेटी देसी और 5 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की गई थी।

## 16वें वित्त आयोग के सदस्यों ने सिप्ला लिमिटेड, पीथमपुर का किया दौरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

भारत की प्रमुख फार्मा कंपनी सिप्ला लिमिटेड ने 16वें वित्त आयोग के सदस्यों की पीथमपुर मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी में मेजबानी की। डॉ. केए हमीद द्वारा 1935 में स्थापित सिप्ला लिमिटेड इस वर्ष अपनी 90वीं वर्षगांठ मना रही है। कंपनी ने अब तक 3 बिलियन डॉलर का वैश्विक राजस्व अर्जित किया है और 85 से अधिक देशों में अपनी सेवाएं प्रदान कर रही है। आयोग सदस्य एनी जॉर्ज मैथ्यू, डॉ. मनोज पांडा, डॉ. सौम्या कांति घोष, आयोग के सचिव ऋत्विक पांडे, संयुक्त सचिव केके मिश्रा, कमिश्नर दीपक सिंह और कलेक्टर प्रियंक मिश्रा मौजूद थे।

### सिप्ला के फार्मा क्षेत्र में योगदान पर चर्चा




सिप्ला लिमिटेड के क्लस्टर हेड, आशीष जित्शी के नेतृत्व में आयोजित इस दौरे के दौरान, आयोग के सदस्यों को कंपनी की अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग यूनिट का अवलोकन कराया गया। इस दौरान गुणवत्ता, टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और ग्लोबल हेल्थकेयर मानकों को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया गया।

**भारतीय फार्मास्युटिकल क्षेत्र की अहमियत पर दिया जोर**

इस दौरे ने भारत के आर्थिक विकास और हेल्थकेयर ढांचे में फार्मास्युटिकल क्षेत्र की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित किया। साथ ही, इसने उच्च गुणवत्ता और किफायती दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने में सिप्ला की नेतृत्वकारी भूमिका को भी रेखांकित किया।

## उपलब्ध अवसरों का सही उपयोग करें और कौशल में निखार लाएं : प्रो. जैन

- निटर के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 5 दिवसीय तकनीकी प्रशिक्षण का समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित निटर के सीमेंस सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में 3 मार्च से 7 मार्च तक बीयू के यूआईटी के इंजीनियरिंग और एमएससी के 100 विद्यार्थियों लिए 5 दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न हुआ। बीयू कुलगुरु प्रो. एसके जैन ने कहा कि विद्यार्थी उपलब्ध अवसरों का सही उपयोग करें और कौशल में निखार लाएं, जिससे सफलता मिल सके।

### प्रशिक्षण आपके करियर में एक अहम कदम

निटर निदेशक प्रो. सीसी त्रिपाठी ने सभी छात्रों से कहा कि यह प्रशिक्षण आपके कॅरियर में एक अहम कदम है, और आपको इन तकनीकी क्षेत्रों में अपनी विशेषज्ञता विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। इस प्रशिक्षण से आपको जो तकनीकी कौशल प्राप्त हुआ है, वह आपको ग्लोबल स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने की क्षमता भी प्रदान करेगा।

## बीएमएचआरसी में महिलाओं के लिए 'अहिल्या संस्कृति मेला' का आयोजन

# हमारी संस्कृति में महिलाओं को सर्वश्रेष्ठ स्थान: महापौर राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बीएमएचआरसी में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को 'अहिल्या संस्कृति मेला' का आयोजन किया गया। महापौर मालती राय और बीएमएचआरसी की प्रभारी निदेशक डॉ. मनीषा श्रीवास्तव ने मेले का शुभारंभ किया। मेले में बीएमएचआरसी के कर्मचारियों और उनके परिवारों द्वारा लगाए गए विभिन्न स्टॉलों पर स्वादिष्ट व्यंजन, पारंपरिक मिठाइयां और अन्य आकर्षक वस्तुएं प्रदर्शित की गई। महापौर ने मेले का भ्रमण कर महिला दिवस पर किए जा रहे कार्यक्रमों के लिए डॉ. मनीषा श्रीवास्तव की सराहना की। मालती राय ने कहा कि हमारे देश में हर दिन महिलाओं का सम्मान होता है। हमारी संस्कृति में महिलाओं को सर्वश्रेष्ठ स्थान दिया गया है। विद्या प्राप्त करने के लिए हम मां सरस्वती की पूजा करते हैं, धन प्राप्त करने के लिए मां लक्ष्मी की और शौर्य के लिए मां दुर्गा की उपासना करते हैं। हमें बेटा और बेटी में कभी भेदभाव नहीं करना चाहिए। हमें अपने बेटों को बचपन से ही ऐसे संस्कार देना चाहिए कि वह हर लड़की को अपनी बहन की तरह माने। ऐसा करने से महिलाओं पर होने वाले अत्याचार समाप्त हो जाएंगे।

### एवरेस्ट विजेता ज्योति ने सुनाई सफलता की कहानी



इस अवसर पर एवरेस्ट फतह करने पर्वतारोही ज्योति रात्रे ने अपनी साहसिक यात्रा की प्रेरक कहानी साझा की। ज्योति ने कहा कि पहाड़ हमेशा आपकी शारीरिक और मानसिक दृढ़ता की परीक्षा लेते हैं और सुरक्षित लौटना भी सफलता का ही हिस्सा है। एवरेस्ट की कठिन चढ़ाई को पार करना आसान नहीं था। बेस कैंप से लो कैंप तक 10 किलोमीटर की दूरी तय करना, 25 किलो वजनी स्लेज खींचना और 15 किलो वजनी बैग पीठ पर लादकर चलना बेहद चुनौतीपूर्ण रहा। महापौर मालती राय ने ज्योति रात्रे को बीएमएचआरसी द्वारा सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

### सफल महिलाओं का सम्मान आज

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार मार्च को बीएमएचआरसी में सफल महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। मंत्री कृष्णा गौर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि होंगी। वह अस्पताल के रक्ताधान चिकित्सा विभाग में रेफ्रिजरेटेड सेंट्रीफ्यूज मशीन का लोकार्पण भी करेंगी।

## खबर संक्षेप

### बीएनएचएस और जेएसडब्ल्यू ने लांच की डॉक्यूमेंट्री

**मुंबई।** बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी (बीएनएचएस) ने जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन के सहयोग से अपनी नवीनतम डॉक्यूमेंट्री 'मर्सी फीडिंग- शहरी क्षेत्रों में कबूतरों का खतरा' लांच की। इसमें शहरों में लोगों द्वारा भोजन दिए जाने के कारण आम नीले पत्थर के कबूतरों की आबादी में अनियंत्रित वृद्धि के कारण होने वाली पर्यावरणीय और सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर प्रकाश डाला गया है। जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की अध्यक्ष संगीता जिंदल ने शाम बॉम्बे नेचुरल हिस्ट्री सोसाइटी में बीएनएचएस के अध्यक्ष प्रवीणसिंह परदेशी, आईएएस की उपस्थिति में इस फिल्म का अनावरण किया।

### एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग ट्रांजैक्शन में एक्सिस बैंक

**मुंबई ।** एक्सिस बैंक ने गिफ्ट सिटी आईएफएससी में अपनी इंटरनेशनल बैंकिंग यूनिट (आईबीयू) के माध्यम से एयरक्राफ्ट फाइनेंसिंग ट्रांजेक्शन करने वाला पहला भारतीय बैंक बनने का गौरव हासिल किया है। यह ऐतिहासिक डील टाटा समूह की कंपनी एयर इंडिया की लीजिंग शाखा और पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी एआई फ्लीट सर्विस (एआईएफएस) के लिए की गई। यह उपलब्धि भारत के एविएशन वित्त क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### जॉनसंस बेबी ने शुरू किया नया कैंपेन

**मुंबई।** जॉनसंस बेबी ब्रांड को बेबी स्किन साइंस की गहरी समझ है, यह ब्रांड बेबी की त्वचा की देखभाल के लिए नवाचारों में सबसे आगे रहा है। जॉनसंस बेबी ने बॉलीवुड के नामचीन पिता-पुत्री अनिल और सोनम कपूर के साथ मिलकर अपना नया कैंपेन शुरू किया है, जिसमें उनके साथ-साथ एक बहुत ही प्यारा बेबी फिल्म का मुख्य किरदार निभा रहा है। नयी फिल्म की संकल्पना डीडीबी मुद्रा ने की है।

अब भी सवाल बना हुआ है आखिर कब लागू

# सरकार के लिए परेशानी बनता जा रहा भोपाल का मास्टर प्लान

**तारीख पर तारीख मिलती गई और आगे बढ़ी, ड्राफ्ट भी बना पर जमीन पर नहीं आया मास्टर प्लान**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



सरकार के लिए टेढ़ी खीर बनता जा रहा भोपाल का मास्टर प्लान आखिर कब लागू होगा, यह अब भी सवाल बना हुआ है। तारीख पर तारीख मिलती गई और आगे बढ़ीं, ड्राफ्ट भी बना, लेकिन जमीन पर मास्टर प्लान लागू नहीं हुआ। मास्टर प्लान के देरी होने की वजह यह है की नेताओं में दूर दृष्टि की कमी है, अपने हित के लिए मास्टर प्लान को डिले कर रहे है। यह कहना है विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों का।

**मास्टर प्लान किसी भी बड़े या मध्यम शहर के लिए है जरूरी**

*क्रेडाई भोपाल के पूर्व अध्यक्ष विपिन गोयल ने कहा कि मास्टर प्लान किसी भी बड़े या मध्यम शहर के लिए जरूरी होता है। भोपाल तो फिर भी राजधानी है। शहर में कहां व्यापार होगा, कहां आबादी रहेगी, कहां खेती होगी यह मास्टर प्लान में तय होता है। आज नहीं 30 साल बाद भी विकास कैसे होगा यह भी मास्टर प्लान में तय होता है। इसके लिए मुख्य रूप से शासन जिम्मेदार है, लोगों का हित स्वार्थ इसमें आड़े आता है।*

### अमलीजामा पहनाने से पहले ही आए अड़ंगे

इस संदर्भ में वेस्टर्न ग्रुप के पी.राजू ने कहना है कि देश की सबसे साफ राजधानी प्लानिंग में 20 साल पीछे हैं, क्योंकि 1995 के बाद से भोपाल में मास्टर प्लान लागू ही नहीं हुआ। कई बार ड्राफ्ट बना, सरकारें बदली, लेकिन मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जमीन पर नहीं उतरा। अब तक चार बार भोपाल के मास्टर प्लान का ड्राफ्ट जारी हुआ, लेकिन अमलीजामा पहनाने से पहले ही इतने अड़ंगे आए कि सरकार को न चाहते हुए भी इसे रद्द करना पड़ा। मास्टर प्लान लागू न हो पाने की वजह से भोपाल में मनमाने तरीके से विकास हो रहा है।

**लोगों को आज भी इंतजार**

*कर सलाहकार राजेश जैन ने कहा कि सरकार के लिए टेढ़ी खीर बनता जा रहा भोपाल का मास्टर प्लान आखिर कब लागू होगा यह अब भी सवाल बना हुआ है। भोपाल के लोगों को आज भी इंतजार है राजधानी का सुनियोजित विकास कब होगा। जैन के अनुसार नेता और अधिकारी मिलकर मास्टर प्लान को प्रभावित कर रहे हैं।*

# नौ देशों की महिला राजदूतों ने अडाणी की एनर्जी प्लांट का किया दौरा, प्रोजेक्ट में महिलाओं की भूमिका को सराहा

एजेंसी ▶▶ खावड़ा/मुंद्रा



अडाणी ग्रुप ने गुजरात के खावड़ा और मुंद्रा में एक विशेष कार्यक्रम में लक्जमबर्ग, रोमानिया और स्लोवेनिया सहित नौ देशों की महिला राजदूतों के एक प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। महिला राजदूतों ने यहां नवीकरणीय ऊर्जा और अन्य परियोजनाओं का जायजा लिया लेने का साथ-साथ इसमें महिलाओं की भागीदारी की सराहना की।

प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले पश्चिमी भारत के कच्छ जिले के सुदूरवर्ती क्षेत्र खावड़ा में अडानी ग्रीन एनर्जी के 30 गीगावाट स्वच्छ ऊर्जा संयंत्र में महिला इंजीनियरों के साथ बातचीत की. सभी ने इस बात पर जोर दिया कि कार्यस्थलों पर विविधता किसी देश की आर्थिक विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

**राजदूतों ने किया ईएमसी का दौरा**

*अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से पूर्व सात राजदूतों और दो उच्चायुक्तों ने बंदरगाहों से ऊर्जा तक के क्षेत्र में काम करने वाले अडाणी फाउंडेशन से समर्थित स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) की महिला सदस्यों के साथ भी बातचीत की। अडाणी ग्रुप ने एक बयान में कहाकि राजदूतों ने देखा कि किस तरह अक्षय ऊर्जा परियोजना अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी को सतत विकास के साथ एकीकृत कर रही है, जिसमें ऊर्जा नेटवर्क संचालन केंद्र (ईएनओसी) भी शामिल है, जिसकी देखरेख महिला इंजीनियर कर रही हैं। महिला प्रतिनिधिमंडल ने मुंद्रा बंदरगाह को भी दौरा किया, जो लगभग 11 फीसदी समुद्री सामान और 33 फीसदी कंटेनर यातायात को संभालता है। मुंद्रा बंदरगाह पर आने वाले राजदूतों ने मुंद्रा विशेष आर्थिक क्षेत्र (एसईजेड) में इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर (ईएमसी) का दौरा भी किया, जहां वैश्विक कंपनियां उन्नत विनिर्माण में निवेश कर रही हैं।*

# यूनियन बैंक का 157 स्थानों पर राष्ट्रव्यापी मेगा एमएसएमई

**भोपाल।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने राष्ट्रव्यापी मेगा एमएसएमई आउटरीच अभियान का शुभारंभ किया है। यह अभियान सप्ताहभर चलने वाली पहल है, जिसका उद्देश्य सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को सशक्त बनाना, उद्यमशीलता और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देना है। इस अभियान का शुभारंभ यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की प्रबंध निदेशक एवं सीईओ ए. मणिमेखलै ने किया और वित्तीय सहायता, डिजिटल समाधान और जागरूकता पहलों के माध्यम से एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की एमएसएमई के लिए वित्तीय समावेशन और समग्र समर्थन के लिए प्रतिबद्धता दृढ़ है। इस राष्ट्रव्यापी अभियान के माध्यम से, हमारा लक्ष्य एमएसएमई की वृद्धि और संवहनीयता सुनिश्चित करते हुए प्रौद्योगिकी और सरकारी पहलों द्वारा समर्थित वित्तीय उत्पादों तक निर्बाध एक्सेस प्रदान करना है। हमारा व्यापक उत्पाद सूट ऋण प्राप्त करने में ग्राहक अनुभव को बढ़ाने के लिए डिज़ाइन किया गया है और हम एक सक्षम इकोसिस्टम को बढ़ावा देना जारी रखते हैं जो भारत के एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करता है।

**कम उत्पादन की हवा, त्यौहारी मांग से उछली शक्कर**

# शक्कर में घुली महंगाई की कड़वाहट थोक में 4450 रुपए क्विंटल पहुंची

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

शक्कर उत्पादन में करीब 14 फीसदी की गिरावट की हवा के साथ त्यौहारी और गर्मी की खरीदारी शक्कर में महंगाई की कड़वाहट घुल गई है। स्थानीय थोक जिंस बाजार हनुमानगंज-जुमेराती में शक्कर के थोक भाव क्वालिटीनुसार 4300 से 4450 रुपए क्विंटल पहुंच गए हैं।

कहा जा रहा है कि अब हीट वेव के चलते गन्ने का रस कम हो सकता है और चीनी उत्पादन में तेजी से गिरावट आ सकती है। इससे चीनी की कीमतों में तेजी आ सकती है। संभावना जताई जा रही है कि शक्कर के थोक भाव 50 रुपए किलो के स्तर पर पहुंच जाएंगी। गर्मियों में मांग बढ़ने के साथ-साथ आपूर्ति कम रहने की आशंका है। जिससे बाजार में चीनी की कीमतें नया रिकॉर्ड बना सकती हैं।

**उत्पादन की रफ्तार इस साल काफी धीमी**



*स्थानीय हनुमानगंज बाजार स्थित शक्कर के थोक कारोबारी देवानंद सचदेवा के अनुसार फरवरी 2025 के अंत तक 219 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ है। पिछले साल इसी समय तक यह आंकड़ा 255 लाख टन था यानी इस साल 36 लाख टन कम उत्पादन हुआ है। इस साल अब तक 177 चीनी मिलें बंद हो चुकी हैं, जबकि पिछले साल फरवरी तक सिर्फ 65 फैक्ट्रियां बंद हुई थीं। इसका साफ मतलब है कि उत्पादन की रफ्तार इस साल काफी धीमी रही है। अब मौसम विभाग ने हीट वेव की चेतावनी दी है। जिससे गन्ने में रस की मात्रा तेजी से घट सकती है। अगर ऐसा हुआ तो आने वाले महीनों में चीनी उत्पादन और घट सकता है। कम उत्पादन का असर बाजार में भी दिखने लगा है। अब तक चीनी के दाम 6.5 फीसदी तक बढ़ चुके हैं। अगर उत्पादन में गिरावट जारी रही और हीट वेव ने गन्ने को और नुकसान पहुंचाया। तो चीनी के दामों में और तेजी आ सकती है। कारोबारियों के अनुसार आने वाले समय में गर्मी की बंपर डिमांड शक्कर में निकलेगी। ऐसी में शक्कर में सटोरिए हावी होंगे और शक्कर के दाम 5000 रुपए क्विंटल रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचेगी।*

### एएसी ब्लॉक प्लांट स्थापित करने स्टारबिग ब्लॉक ने किया भूमि का अधिग्रहण

**भोपाल।** देश में एयरेटेड ऑटोक्लेव्ड कंक्रीट (एएसी) ब्लॉक, ईंटें और एएलसी पैनल के सबसे बड़े निर्माताओं में से एक स्टारबिगब्लॉक बिल्डिंग मटेरियल लिमिटेड ने मध्य प्रदेश के इंदौर में भारत का सबसे बड़ा एएसी ब्लॉक प्लांट स्थापित करने के लिए भूमि का अधिग्रहण किया है। कंपनी ने मध्य भारत में एएसी ब्लॉक्स व्यवसाय विस्तार के उद्देश्य से खसरा नंबर 382, 387, 389/2, ग्राम निमरानी, तहसील कसरावद, जिला - खरगोन, मध्य प्रदेश में लगभग 57,500 वर्ग मीटर भूमि को खरीद लिया है। भूमि सौदे के लिए कुल प्रतिफल राशि 6 करोड़ रुपए मय स्टाम्प ड्यूटी है। कंपनी वर्तमान में अहमदाबाद के पास खेड़ा में 250,000 क्यूबिक मीटर प्रति वर्ष की स्थापित क्षमता के साथ एक संयंत्र संचालित कर रही है और कंपनी गुजरात के अधिकांश हिस्से, राजस्थान के उदयपुर तक और मध्य प्रदेश के इंदौर तक सेवा प्रदान कर रही है। नियोजित विस्तार से कंपनी मध्य प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों में मजबूत उपस्थिति स्थापित करने में सक्षम हो रही है।

# पीएनबी की 32 शाखाओं में ऋण मुक्ति शिविर का सफल आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




पंजाब नेशनल बैंक द्वारा शुक्रवार को पीएनबी मंडल कार्यालय के अंतर्गत आने वाले 32 शाखाओं में ऋण मुक्ति शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में पीएनबी, प्रधान कार्यालय, नई दिल्ली से मुख्य महाप्रबंधक संजय वार्ष्णेय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए।

कार्यक्रम भोपाल अंचल के अंचल प्रमुख शैलेंद्र सिंह बोरा की अध्यक्षता में मंडल प्रमुख मनोज ढींगरा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। ऋण मुक्ति शिविर एनपीए उधारकर्ताओं को विशेष छूट प्रदान कर उन्हें ऋण मुक्त करने के उद्देश्य से किया गया। ताकि एनपीए उधारकर्ताओं अपने खातों का निपटान एक मुश्त समझौते के अंतर्गत कराकर न्यायिक व्यवधानों से मुक्ति पा सके। इस कार्यक्रम में एनपीए उधारकर्ताओं को एक मुश्त समझौते के अंतर्गत विस्तृत जानकारी दी गई तथा विशेष छूट के साथ एनपीए खातो का ऑन स्पॉट निपटान किया गया। लगभग 500 खातों का मौके पर निपटान किया गया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मेरी पुत्री का पूर्व नाम दिया डी आर (Diya D R) था। जोकि उसके जन्म प्रमाणपत्र एवं आधार कार्ड में भी अंकित है। जबकि पासपोर्ट में उसका नाम दिया दिव्या रियाज (Diya Divya Riyaz) अंकित हो गया है। अब मैने मेरी पुत्री का नाम दिया डी आर (Diya D R) से परिवर्तित कर दिया डी रियाज (Diya D Riyaz) कर लिया है। जो कि उसकी शैक्षणिक अंक सुची में भी दर्ज है। अब मेरी पुत्री दिया डी रियाज (Diya D Riyaz) पुत्री श्री रियाज इकबाल निवासी- डी-8 74 बंगलों, टी.टी. नगर भोपाल म.प्र. के नाम से ही जानी एवं पहचानी जाती है।

भवदीय
**रियाज इकबाल पुत्र एस्माइल इकबाल**
निवासी- डी-8 74 बंगलों, टी.टी. नगर भोपाल म.प्र.

**Name Change Notice**

I, Shahida Mairaj Siddiqui D/O Mairaj Hasan W/ O Rafi Uddin Siddiqui aged adult, resident of 12 Nadeem road ibrahim pura Bhopal do hereby declare that my name mentioned in revenue records as shahida bee and in passport, UID (adhar) and pancard name written as Shahida Mairaj Siddiqui. So from now and in future I will be known as Shahida Mairaj Siddiqui

Old name - Shahida bee

New name - Shahida Mairaj Siddiqui
D/O Mairaj Hasan
W/O Rafi Uddin Siddiqui

**जाहिर सूचना**

**भूमि खसरा क्रमांक-37, 39, 56, 60, 62, ग्राम पिपलिया हठीला, पटवारी हल्का नम्बर 44, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल म.प्र. के संबंध में**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने 1- श्री नरेन्द्र चौकसे आत्मज श्री लाल सिंह चौकसे, निवासी-वार्ड नं. 05, विवेक जाग्रति, मण्डीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र., 2- श्री लक्ष्मी नारायण मीना आत्मज श्री दौलतराम मीना, निवासी-एमआईजी-बी-70, इन्द्रा नगर, मण्डीदीप, तहसील गौहरगंज, जिला रायसेन म.प्र. 3- श्री बाबूलाल मीना आत्मज श्री गुलाब सिंह मीना, निवासी-27, पटेलपुरा, सीहोर, म.प्र. के संयुक्त स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की पांच किता भूमि खसरा क्रमांक 37 रकबा 0.380 हेक्टेयर, खसरा क्रमांक-39 रकबा 0.440 हैक्टेयर, खसरा क्रमांक-56 रकबा 0.060 हैक्टेयर, खसरा क्रमांक-60 रकबा 0.160 हैक्टेयर, खसरा कमांक-62 रकबा 0.230 हैक्टेयर, इस प्रकार कुल रकबा 1.270 हैक्टेयर अर्थात-3.14 एकड, जो की ग्राम पिपलिया हठीला, पटवारी हल्का नम्बर 44, विकास खण्ड फन्दा, तहसील हुज़ूर, जिला भोपाल म.प्र. में स्थित है, को क्रय करने हेतु बयाना राशि का भुगतान कर अनुबंध पत्र का निष्पादन कर लिया है, यह कि उक्त वर्णित संपत्ति के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, बैंक, फर्म, सरकारी व गैर सरकारी कार्यालय को कोई आपत्ति हो या कहीं दान, बंधक, गिरवी, हस्तांतरण, विक्रय, अनुबंध इत्यादि हो तो वह व्यक्ति अथवा संस्था इस सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में गय दस्तावेज उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा मेरे पक्षकार द्वारा उक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लेगा, ऐसी स्थिति में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

भवदीय **मयंक उपाध्याय** अधिवक्ता
पता- यूजीएफ-04, अलकनंदा काम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल मो. नं. 9826424040

**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा **82 Cr.P.C.** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **1.चंदर भान पुत्रः कदोरी लाल, पताः** वार्ड नं. 1, लहचूरा रोड, हरपाल पुर, छतरपुर, मध्य प्रदेश, **2, सिद्व गोपाल पुत्रः झासी लाल, पताः** गाँव जखा, जिला महोबा, उत्तर प्रदेश, **FIR No. 124/2024, U/s 363/376 IPC,** थानाः केएनके मार्ग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चंदर भान और सिद्व गोपाल** मिल नहीं रहें है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **चंदर भान और सिद्व गोपाल** फरार हो गये हैंया उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहो हैं)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 124/2024, U/s 363/376 IPC,** थानाः केएनके मार्ग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **चंदर भान और सिद्व गोपाल** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **09.04.2025** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
श्री अमित सहरावत
एएसजे–01 (पोक्सो) (उत्तर), कमरा नं. 306, तीसरी मंजिल, जिला कोर्ट, रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

**DP/2838/RD/2025 (Court Matter)**

CanFinHomes Ltd (Sponsor: CANARA BANK) HOME LOANS ✦ DEPOSITS Translating Dreams into Reality

**कैन फिन होम्स लिमिटेड**

प्रथम तल, भारतीय केन्द्रीय बैंक के ऊपर, गोपालगंज सागर, सागर 470001
फोन: 075- 82220456, 7625013262, ई-मेल: sagar@canfinhomes.com
वेबसाइट : www.canfinhomes.com

**मांग सूचना**

वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफेसी अधिनियम) की धारा 13(2) के साथ प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 (नियम) के नियम 3(1) के अधीन

चूंकि अधोहस्ताक्षरी कैन फिन होम्स लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते, सरफेसी अधिनियम के तहत तथा नियम 3 के साथ धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस जारी किया है, जिसमें नीचे सूचीबद्ध उधारकर्ताओं/गारंटरों (जिन्हें आगे 'उक्त ऋणधारक' के रूप में संदर्भित किया जाएगा) से, नोटिस में उल्लिखित राशि को, नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के भीतर, नीचे दिए गए विवरण के अनुसार, चुकाने का आह्वान किया गया है।

उक्त नोटिस डाक अधिकारियों द्वारा बिना वितरित किए वापस कर दिए गए हैं/उधारकर्ताओं द्वारा विधिवत रूप से स्वीकार नहीं किए गए हैं। इसलिए कंपनी अत्यधिक सावधानी के साथ मांग नोटिस (नियम 3 (1) के प्रावधानों के अनुसार) का प्रकाशन कर रही है। इसलिए, नीचे हस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम के अनुसार, उक्त उधारकर्ताओं के अंतिम ज्ञात पतों के परिसर में इन नोटिसों को चस्पा किया गया है।

ऋण की उचित चुकौती के लिए सुरक्षा के रूप में, संबंधित पक्षों द्वारा निम्नलिखित परिसंपत्तियों को कंपनी के पास बंधक रखा गया है, जैसा कि नीचे विस्तार से बताया गया है।

| क्र. सं. | ऋणधारकों का नाम/ जमानतदारों का नाम, पता सहित | मांग के अनुसार दावा राशि* | सुरक्षित संपत्ति का विवरण | एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्वर्गीय देवी सिंह पुत्र कालू राम (ऋणी), दीपा राय पत्नी देवी सिंह (सह-ऋणी) | रु. 864463/- मांग सूचना दिनांक 03.03.2025 को | खसरा सं. 68/1/1/2 वार्ड संख्या 48 पटवारी हल्का नं 64 आरआई सर्किल अंबेडकर वार्ड सागर। उत्तर: वर्षा पटवा का प्लॉट, दक्षिण: तिवारी जी का प्लॉट, पूर्व: अन्य का प्लॉट, पश्चिम: सड़क | 28/02/2025 |

* ऊपर उल्लिखित तिथि से भुगतान की तिथि तक अनुबंधित दरों पर अतिरिक्त ब्याज के साथ देय।

आपको इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर अनुबंधित ब्याज दर के साथ उपरोक्त राशि का भुगतान करने के लिए कहा जाता है, ऐसा न करने पर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को उपरोक्त सुरक्षा लागू करने के लिए सरफेसी अधिनियम के तहत कार्रवाई शुरू करने के लिए बाध्य किया जाएगा। इसके अलावा, उधारकर्ताओं/गारंटरों का ध्यान अधिनियम की धारा 13 (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उनके पास उपलब्ध समय के संबंध में है।

दिनांक: 08/03/2025
स्थान: सागर

एसडी/-प्राधिकृत अधिकारी
कैन फिन होम्स लिमिटेड


## बिजनेस न्यूज

### एलन भोपाल के मधुसूदन व शुभांक ने रचा इतिहास



**भोपाल।** इंडियन नेशनल जूनियर साइंस ओलम्पियाड के परिणामों में एक बार फ़िर एलन भोपाल के स्टूडेंट्स ने श्रेष्ठता साबित कर इतिहास रचा है।एलन भोपाल के एकेडमिक हेड ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि मध्य प्रदेश से इंडियन नेशनल जूनियर साइंस ओलम्पियाड में दो स्टूडेंट्स अगले राउंड के लिए चयनित हुए हैं, ये दोनों एलन भोपाल से हैं। इंटरनेशनल जूनियर साइंस ओलम्पियाड के तीसरे चरण के लिए चयनित मधुसूदन और शुभांक दोनों एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट भोपाल के क्लासरूम स्टूडेंट्स हैं। इससे आगे अब दोनों स्टूडेंट्स कैम्प में शामिल होंगे, जहां से इंडियन जूनियर साइंस ओलम्पियाड टीम का चयन किया जाएगा। इस कैंप में 36 स्टूडेंट्स का चयन किया जाता है, जिसमें 6 स्टूडेंट्स फाइनल के लिए चयनित होते हैं। ऋषिकेश शर्मा ने बताया कि एलन भोपाल में न केवल मेडिकल एवं इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए तैयारी कराई जाती है अपितु विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर के ओलिंपियाड एवं परीक्षाओं की तैयारी पर भी पूरा ध्यान दिया जाता है, जिसका परिणाम प्रतिवर्ष बढ़ते हुए सिलेक्शन हैं। एलन भोपाल के छात्रों द्वारा प्रदर्शित इस शानदार परिणाम से सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के मध्य उत्साह का माहौल है। सभी शिक्षकों ने चयनित छात्रों एवं उनके अभिभावकों के साथ केक काटकर जश्न मनाया तथा उनके उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### ओरिएंटल ग्रुप में एमपीसीएसटी अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस एवं कार्यशाला का आयोजन




**भोपाल।** ओरिएंटल ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन में एमपीसीएसटी अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के द्वितीय दिन मुख्य अतिथियों में डॉ. सुनील कुमार काशव, प्रोफेसर डिपार्टमेंट ऑफ़ फार्मास्यूटिकल साइंस मेडिसिनल और कंप्यूटेशनल केमेस्ट्री, डॉ. हरि सिंह गौर, यूनिवर्सिटी सागर, मध्यप्रदेश ने कृत्रिम होशियारी में दवाइयों की खोज और अनुसंधान नई दवाइयां को विकसित करने की प्रक्रिया के बारे में समझाया और डॉ. प्राप्त देवरापल्ली, एसोसिएट प्रोफेसर क्वींसलैंड ऑस्ट्रेलिया ने कृत्रिम तरीके से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता और भैंसजी की विज्ञान में कितना सहायक के बारे में जानकारी दी। इस अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में दो प्रतिष्ठित फार्मेसी विशेषज्ञों ने अपने ज्ञान एवं अनुभव साझा किया। सम्मेलन में पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। जिसमें विभिन्न कॉलेजों जैसे एनआरआई, सैम कॉलेज बंसल, एलएनसीटी, प्रेस्टीज कॉलेज, राधा रमन कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ बढ़-चढ़कर भाग लिया कार्यक्रम का समापन सफलतापूर्वक पूर्ण सम्पूर्ण हुआ।

### भाभा विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ फार्मेसी में मना राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस

**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय में फैकल्टी ऑफ फार्मेसी द्वारा राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस 2025 का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह विशेष अवसर फार्मेसी शिक्षा के जनक, डॉ. महादेव लाल श्रॉफ की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के डीन, प्रो. (डॉ.) शैलेश कुमार घटुआरी ने इस दिवस के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय फार्मेसी शिक्षा दिवस क्यों मनाया जाता है और इसकी शुरुआत कब हुई। साथ ही, उन्होंने डॉ. एम.एल. श्रॉफ के उल्लेखनीय कार्यों के बारे में सभी को अवगत कराया। इसके पश्चात, छात्र-छात्राओं द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों को सम्मानित किया गया।पोस्टर प्रेजेंटेशन एवं क्विज प्रतियोगिता में विजयी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर फैकल्टी ऑफ फार्मेसी के सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थीगण उपस्थिति रहे। प्रो. रीना शिंदे द्वारा संचालन किया गया, जिन्होंने अपने शानदार एंकरिंग से पूरे आयोजन को ऊर्जावान बनाए रखा। इस सफल आयोजन के लिए भाभा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. दिलीप कुमार डे, सीईओ प्रसाद पिल्लई एवं रजिस्ट्रार डॉ. श्याम पाटकर ने सभी विद्यार्थियों एवं संकाय सदस्यों के प्रयासों की सराहना की।

### मानसरोवर हिनौतिया आलम कैंपस में दो दिवसीय कार्यशाला



**भोपाल।** मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी और नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस के संयुक्त तत्वावधान में मानसरोवर हिनौतिया आलम कैम्पस में रोल ऑफ टैक्सोनॉमी एंड डीएनए बारकोडिंग आइडेंटिफिकेशन एंड वेलिडेशन ऑफ मेडिसिनल प्लांट विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में देशभर से आए विषय विशेषज्ञों ने पौधों की नई प्रजातियां, उनकी पहचान, बारकोडिंग और संरक्षण आदि विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर प्रो. एके भटनागर, पीसीसीएफ रिटायर्ड डॉ. पीसी दुबे, बीएचयू के बॉटनी के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. एनके दुबे, दिल्ली विश्वविद्यालय के बॉटनी विभागाध्यक्ष प्रो. एसबी बब्बर, होलकर साइंस कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी और हॉर्टीकल्चर के विभागाध्यक्ष प्रो. संजय व्यास, मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के प्रो. चांसलर डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय, कुलगुरू डॉ. एएस यादव, रजिस्ट्रार डॉ. पुष्पेन्द्र तिवारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जिसके बाद कुलगुरू डॉ. एएस यादव ने अतिथियों का स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। प्रो. चांसलर डॉ. अरूण कुमार पाण्डेय ने कहा कि मध्यप्रदेश का एक बड़ा क्षेत्र वन से घिरा हुआ है जहां औषधीय पौधे पाए जाते हैं।

### महिला उद्यमियों के 2 लाख से अधिक उत्पादों को अमेजन करेगा प्रदर्शित

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर अमेजन इंडिया ने अपने मार्केटप्लेस पर एक समर्पित स्टोरफ्रंट पेश किया है। इस स्टोरफ्रंट पर महिला उद्यमियों के 2 लाख से अधिक उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला प्रदर्शित की जाएगी। स्वास्थ्यवर्द्धक स्नैक, होम-डेकोर, साड़ी, स्किन-केयर, किचन ऑर्गनाइजर, फैशन, स्पोर्ट्सवेयर और कई अन्य तरह के ये उत्पाद पूरे देश के 100 फीसदी सेवा योग्य पिन कोड पर ग्राहकों के लिए उपलब्ध होंगे। अमेजन इंडिया के बिक्री निदेशक, गौरव भटनागर ने कहाकि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस हमें देश भर में महिला उद्यमियों की कड़ी मेहनत और रचनात्मकता को सम्मानित करने का मौका देता है। हम अपने समर्पित स्टोरफ्रंट के जरिए उन महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला का प्रदर्शन कर रहे हैं, जिन्होंने अपने व्यवसाय को बढ़ाने और स्थानीय परंपराओं को जीवित रखने के लिए ई-कॉमर्स का उपयोग किया है। गौरतलब है कि 2017 में लांच किया गया अमेजन सहेली कार्यक्रम पूरे भारत में महिला उद्यमियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों की दृश्यता और पहुंच बढ़ाता है।

### हाफले ने किया ग्राउंडब्रेकिंग लिक्ट एक्सपीरियंस सेंटर का उद्घाटन

**इंदौर।** हाफले ने अपने नए लिक्ट एक्सपीरियंस सेंटर का शुभारंभ किया। यह भारत में चंडीगढ़ के बाद कंपनी का दूसरा ऐसा सेंटर है। यह सेंटर यूनिको लाइट्स, प्लॉट नंबर 74, स्कीम नंबर 54, पीयू4, सी 21 मॉल के पीछे इंदौर में स्थित है। यह सेंटर आर्किटेक्ट्स, इंटीरियर डिजाइनर्स, लाइटिंग कंसल्टेंट्स, इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रैक्टर्स और उपभोक्ताओं को प्रेरित करने के लिए उन्नत लाइटिंग सॉल्यूशंस की एक व्यापक रेंज प्रस्तुत करता है। सेंटर का उद्घाटन मनीष महाजन, सेल्स डायरेक्टर हाफले साउथ एशिया और मनीष कुमट, प्रिंसिपल डिजाइनर मनीष कुमट डिजाइन सेल द्वारा किया गया। लिक्ट एक्सपीरियंस सेंटर में दो प्रमुख श्रेणियों की लाइटिंग सॉल्यूशंस उपलब्ध हैं। आर्किटेक्चरल लाइटिंग और फर्नीचर लाइटिंग, जो उच्च गुणवत्ता की रोशनी प्रदान करते हैं और इंटीरियर्स की सौंदर्यता एवं कार्यक्षमता को बढ़ाते हैं।

### पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस



**खोरधा।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस,समाज में प्रतिदिन महिलाओं के अमूल्य योगदान को पहचानने की याद दिलाता है। महिलाओं की प्रगति, समर्थन और उत्थान का जश्न मनाने के उद्देश्य से, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधा रोड ने ट्रैफिक कॉलोनी स्थित न्यू ऑफिसर्स क्लब में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया। इस अवसर पर अध्यक्षा गुरसिमरन कौर ने खोरधा रोड मंडल के विभिन्न विभागों में कार्यरत 28 महिला कर्मचारियों को, उनकी ईमानदारी और कड़ी मेहनत के लिए, सम्मानित किया। इस अवसर पर बोलते हुए, पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन खोरधा रोड की अध्यक्षा गुरसिमरन कौर ने खोरधा रोड मंडल की सभी महिला कर्मचारियों को उनकी कड़ी मेहनत और कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए बधाई दी और कहा कि 'महिलाएं समाज की रीढ़ हैं। महिलाओं के सशक्तीकरण से समाज का सशक्तीकरण होगा। इस अवसर पर महिला कर्मचारियों के लिए विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन, खोरधा रोड की सचिव प्रियंका नागवानी ने कार्यक्रम का समन्वयन किया। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह के दौरान पूर्व तट रेलवे महिला कल्याण संगठन/ खोरधा रोडकी कोषाध्यक्ष, नेहा देवांगन तथा अन्य सदस्य उपस्थित रहीं।

### भारत वैल्यू फंड ने वीरा इलेक्ट्रॉनिक्स में 130 करोड़ का निवेश किया

**नई दिल्ली।** कॉन्ट्रैक्ट स्मार्ट टीवी निर्माता वीरा इलेक्ट्रॉनिक्स ने कहा कि उसे भारत वैल्यू फंड (बीवीएफ) से 130 करोड़ रुपए का वित्तपोषण प्राप्त हुआ है, जो उसके प्री-आईपीओ प्लेसमेंट दौर के समापन का प्रतीक है। ताजा वित्तपोषण से वीरा ग्रुप के विस्तार में मदद मिलेगी, जो उत्तर प्रदेश के नोएडा में दो संयंत्रों का संचालन करता है, जिनकी उत्पादन क्षमता सालाना 3 मिलियन टीवी तक है। कंपनी ने कहाकि यह निवेश उसके प्री-आईपीओ प्लेसमेंट दौर के सफल समापन का प्रतीक है। भारत वैल्यू फंड की सीआईओ मधु लूनावत ने कहा कि वीरा का वित्तीय प्रदर्शन प्रभावशाली रहा है और वित्त वर्ष 22-24 के बीच इसकी बिक्री 55 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़कर वित्त वर्ष 24 में 865 करोड़ रुपए तक पहुंच गई।

### युवा भारतीय महिलाओं में बढ़ रही उद्यमशीलता

**नई दिल्ली।** दुनिया भर में खासतौर पर युवा महिलाओं में उद्यमशीलता की भावना तेजी से बढ़ रही है। महिलाएं अपने सपनों को साकार करने, वित्तीय स्वतंत्रता पाने, कार्य और जीवन में संतुलन बनाने और समाज में बदलाव लाने के लिए आगे बढ़ रही हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 2025 से पहले मास्टरकार्ड द्वारा किए गए नए शोध से पता चला है कि भारत की लगभग आधी (45 प्रतिशत) महिलाओं ने अपना खुद का व्यवसाय शुरू करने का विचार किया है। यह प्रवृत्ति खासतौर पर मिलेनियल और जेनरेशन ज़ी की महिलाओं में अधिक देखी जा रही है। मिलेनियल (आयु 29-44) महिलाओं में यह संख्या 46 प्रतिशत है, जबकि जेनरेशन ज़ी की 45 प्रतिशत महिलाओं ने भी व्यवसाय शुरू करने की इच्छा जताई है।

## चिंतन

# महज एक परंपरा नहीं है अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

पूरी दुनिया में 8 मार्च को महिला दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह महज एक परंपरा या औपचारिकता नहीं, बल्कि समाज की उन्नति और विकास की सबसे अहम बुनियाद है। यह सिर्फ एक तारीख नहीं, बल्कि नारी शक्ति के संघर्ष, संकल्प और सफलता का उत्सव है, लेकिन हम इस उत्सव को किस रूप में लेते हैं, ये हमारी मानसिकता पर निर्भर करता है। आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन यह सफर इतना आसान नहीं था। एक समय था जब महिलाओं को न तो शिक्षा का अधिकार था, न ही वोट देने का और न ही उन्हें पुरुषों से बराबरी करने का। इस असमानता के खिलाफ महिलाओं ने आवाज उठाई और 1908 में न्यूयॉर्क शहर में करीब 15,000 महिलाओं ने एक विशाल प्रदर्शन किया। वे कम वेतन, बेहतर काम करने की परिस्थितियां और वोटिंग के अधिकार की मांग कर रही थीं। इस आंदोलन ने पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचा और 1910 में डेनमार्क के कोपेनहेगन शहर में पहला अंतरराष्ट्रीय महिला सम्मेलन हुआ। इस सम्मेलन में जर्मनी की समाजवादी नेता क्लारा जेटकिन ने यह प्रस्ताव रखा कि हर साल एक दिन महिलाओं के अधिकारों और समानता के लिए समर्पित किया जाना चाहिए। इस विचार को कई देशों ने अपनाया और 1911 में पहली बार ऑस्ट्रिया, डेनमार्क, जर्मनी और स्विट्जरलैंड में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। अब हालात वैसे नहीं हैं। महिलाएं बराबरी पर खड़ी हैं। पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर दुनिया को नई रफ्तार दे रही हैं, लेकिन फिर भी लगातार ऐसी खबरें सामने आती रहती हैं जो सोचने पर मजबूर करती हैं कि शायद आज भी हमारे ही बीच ऐसे लोगों को कमी नहीं है जो महिला अधिकारों की बात तो करते हैं, लेकिन उनकी मानसिकता में ज्यादा बदलाव नहीं आया है। बीते दिनों ही महाराष्ट्र के जलगांव से आई भाजपा नेत्री की नाबालिग बेटी के साथ छेड़छाड़ की खबर न केवल हैरान करती है बल्कि महिलाओं की स्थिति पर सवाल भी खड़े करती है।देश के अन्य हिस्सों से भी ऐसी घटनाओं की खबरें आती रहती हैं। ध्यान देने की बात है कि बेटी के साथ कथित छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराने केंद्रीय मंत्री खुद थाने पहुंचीं। हालांकि उन्होंने कहा कि वह थाने में मंत्री या सांसद की हैसियत से नहीं बल्कि एक मां के रूप में आई हैं। लेकिन उन्होंने यह सवाल भी किया कि जब एक केंद्रीय मंत्री और सांसद की बेटी के साथ ऐसा हो सकता है तो आम घरों की लड़कियों की क्या दशा होगी। ध्यान रहे यह इकलौती घटना नहीं है। हर दिनों समाचार पत्रों में ऐसी खबरों की भरमार रहती है। अनिवार्य है कि ऐसे लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन मामला सिर्फ कानून व्यवस्था का नहीं है, समाज की संवेदनशीलता का भी है। परिवार में लड़कों के पालन-पोषण के तौर-तरीकों का भी है। देश के कोने-कोने से ऐसी छेड़छाड़ की खबरें आती रहती हैं और उससे कहीं ज्यादा के बारे में तो पता भी नहीं चलता। ऐसे मामलों को रोकने के लिए कानूनी सख्ती के साथ घर के अंदर भी पहल करनी होगी। लड़कों को कम उम्र से ही बताना होगा कि लड़कियों-स्त्रियों के साथ किस तरह से पेश आना चाहिए। उन्हें अपनी संस्कृति संस्कारों से जोड़ना होगा। हम उस देश के वासी हैं जहां महिला शक्ति को माता का दर्जा प्राप्त है। साल में दो बार नवरात्रें मनाकर महिला शक्ति को पूजते हैं। इसके बावजूद अगर ऐसी घटनाएं सामने आ रही हैं तो हमें तुरंत सजग होना होगा। युवा पीढ़ी को भी सुसंस्कारी बनाना होगा, तभी महिलाओं को सही सम्मान मिल सकेगा।



महिला दिवस
निर्मला भूरिया

# नारी शक्ति है सशक्त समाज की नींव

> नारी शक्ति केवल शब्द नहीं बल्कि समाज की आधारशिला है। जब एक महिला सशक्त होती है तो परिवार ही नहीं संपूर्ण समाज प्रगति की ओर बढ़ता है। मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण पर पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। मेरा ऐसा मानना है कि महिलाओं को उनके अधिकार, अवसर और समानता मिले कि वे स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें, समाज परिवार में अपनी पूर्ण क्षमता से भागीदारी दिखा सकें। तभी यह सही मायने में सफल होगा। इससे महिलाएं संपूर्ण क्षेत्र में सक्षम हो सकेंगी।

नारी शक्ति केवल शब्द नहीं बल्कि समाज की आधारशिला है। जब एक महिला सशक्त होती है तो न केवल परिवार, बल्कि संपूर्ण समाज प्रगति की ओर बढ़ता है। मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के सर्वांगीण विकास और सशक्तिकरण के लिए संकल्पबद्ध है। मेरा मानना है कि महिलाओं के सशक्तिकरण के सही मायने महिलाओं को उनके अधिकार, अवसर और समानता देना है ताकि वे स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकें, समाज परिवार में अपनी पूर्ण क्षमता से भागीदारी दिखा सकें। महिलाओं का सशक्तिकरण, उनकी शिक्षा, उनके स्वास्थ्य, राजनीतिक व आर्थिक अवसरों, समानताओं और उनकी सामाजिक स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। अब जब हम महिलाओं के विकास और सशक्तिकरण की दिशा में किए गए कार्यों की समीक्षा करते हैं, तो हम पाएंगे कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में देश-प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक और महत्वपूर्ण प्रयास किए गए हैं।

महिलाएं अपनी पूरी क्षमता को समझ कर उसका उपयोग कर सके, महिलाओं को विभिन्न संस्थागत व्यवस्थाओं जैसे स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा, कैरियर एवं व्यावसायिक परामर्श / प्रशिक्षण, वित्तीय समावेशन, उद्यमिता आदि से जोड़ने, उन्हें मार्गदर्शन उपलब्ध कराने विभिन्न प्रयास किए जा रहे हैं। मध्यप्रदेश में किशोरी बालिकाओं, महिलाओं के सर्वांगीण विकास, संरक्षण, सामाजिक आर्थिक सशक्तिकरण, बेहतर स्वास्थ्य, पोषण के लिए विभिन्न योजनाएं और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं, जिनका उद्देश्य उन्हें हर क्षेत्र में सशक्त बनाना है।

इनमें मिशन शक्ति अंतर्गत हब, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, वन स्टॉप सेंटर, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, महिला हेल्पलाइन 181, सखी निवास, के साथ ही मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना-2023 और मुख्यमंत्री लाड़ली लक्ष्मी योजना आदि योजनाएं प्रमुख है। इसी अनुक्रम में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की मंशा अनुसार प्रदेश में बालिकाओं और महिलाओं की उन्नति में चुनौतियों और बाधाओं के समाधान व समग्र सशक्तिकरण के लिए नारी सशक्तिकरण मिशन आरंभ किया जा रहा है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं व बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक विकास व सुरक्षा के साथ ही विभिन्न सरकारी सेवाओं की पहुंच सुनिश्चित करना है। मिशन के माध्यम से महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन व समाज में आर्थिक भागीदारी बढ़ाने हेतु प्रयास किए जाएंगे। विभिन्न विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं से सम्बंधित विभागों के समन्वय से मिशन गतिविधि का संचालन होगा।

प्रदेश में आंगनवाड़ी सेवाओं और स्वास्थ्य कार्यक्रमों के माध्यम से महिलाओं को स्वास्थ्य, पोषण और स्वच्छता के बारे में जागरूक किया गया है, जिससे कुपोषण दर में भी कमी आई है। राज्य सरकार ने गर्भस्थ महिलाओं और शिशुओं की सुरक्षा के लिए वित्तीय संसाधनों की कोई कमी बाकी नहीं रखी। आंगनवाड़ी केंद्रों का उन्नयन, रखरखाव एवं संचालन मध्यप्रदेश सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में हमेशा से रहा है। इस दिशा में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की अध्यक्षता में हुई मंत्रिपरिषद ने प्रदेश की 12 हजार 670 मिनी आंगनवाड़ी केंद्रों को पूर्ण आंगनवाड़ी के रूप में उन्नयन किए जाने का निर्णय लिया है। इसके



लिए पर्यवक्षको के 476 नवीन पद. 12 हजार 670 आंगनबाड़ी सहायिका सहित कुल 13 हजार 146 नवीन पद स्वीकृत किए गए है। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य-पोषण लिए संचालित प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के क्रियान्वयन में मध्यप्रदेश को योजना प्रारंभ से वर्ष 2022-2023 तक लगातार 5 साल राष्ट्रीय स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है।

वन स्टॉप सेंटर, महिला हेल्पलाइन 181 इसी उद्देश्य को लेकर कार्यरत हैं। प्रदेश के समस्त जिलों में संकट ग्रस्त महिलाओं की सहायता के लिए जिलों में 57 वन स्टॉप सेंटर संचालित हैं, जिनके माध्यम से लगभग 1 लाख से अधिक महिलाओं को निशुल्क सहायता उपलब्ध कराई गई है। महिला हेल्पलाइन नंबर 181 जैसी योजनाओं के जरिए महिलाएं अपनी समस्याओं का समाधान तुरंत पा रही है। महिला अपराधों को रोकने तथा उसे प्रभावी बनाने के उद्देश्य से शौर्य दल बनाए गए हैं। प्रदेश में ग्राम/वार्ड स्तर की प्रत्येक आंगनवाड़ी क्षेत्र में कुल 22.52 लाख से अधिक बालिकाएं/ महिलाएं शौर्या दल की सदस्य है। मासूम बच्चियों के साथ दुष्कर्म करने वालों को मृत्यु दंड देने वाला देश का पहला राज्य मध्यप्रदेश है। प्रदेश में मुख्यमंत्री लाडली लक्ष्मी योजना, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना 2023 जैसी योजनाएं महिलाओं के सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित हुई हैं। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना से प्रदेश में लगभग 1.27 करोड़ महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। योजना अंतर्गत प्राप्त सहायता राशि से वे आर्थिक रूप से सशक्त होते हुए परिवार के निर्णयों में अपनी भागीदारी बढ़ा रही हैं। लाड़ली लक्ष्मी योजना में बालिकाओं को रुपए 1,43,000 का आश्वासन प्रमाण पत्र दिया जाता है। इस योजना ने बालिका शिक्षा को व्यापक स्तर पर प्रोत्साहित किया है। बेटियों को स्कूल जाने के लिए साइकिल और कॉलेज के लिए स्कूटी वितरण का कार्य किया जा रहा है जिससे उनकी शिक्षा की सुविधा में कोई कठिनाई न आए।

राज्य सरकार ने बेटियों को डॉक्टर, इंजीनियर, जेईई, जज, सीए आदि परीक्षाओं की तैयारी का खर्च उठाने का जिम्मा स्वयं ले रखा है ताकि माता-पिता को इसके बोझ तले न दबना पड़े। लाडली बालिकाओं को कक्षा 12वीं के स्नातक अथवा व्यावसायिक पाठ्यक्रम में (पाठ्यक्रम अवधि न्यूनतम दो वर्ष) प्रवेश लेने पर राशि रूपये 25,000/- की प्रोत्साहन राशि, दो समान किस्तों में (पाठ्यक्रम अवधि के प्रथम एवं अंतिम वर्ष में) दिए जाने का प्रावधान किया गया है। राज्य सरकार की यही मंशा रही है कि प्रदेश की हर बेटी अपने सपने पूरा कर सके। इसी परिप्रेक्ष्य में मध्यप्रदेश में महिलाओं को निकाय चुनाव एवं शिक्षक भर्ती में 50 प्रतिशत, पुलिस भर्ती में 33 प्रतिशत और अन्य भर्तियों में 35 प्रतिशत आरक्षण दिया जा रहा है।

बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ राज्य सरकार का ध्येय मंत्र है। मध्यप्रदेश में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ वर्ष 2015-2016 में प्रदेश के न्यूनतम शिशु लिंगानुपात वाले 6 जिलों से प्रारंभ होकर अब प्रदेश के समस्त जिलों में संचालित हैं। इन योजनाओं के प्रभाव से प्रदेश के आंकड़ों में सकारात्मक सुधार हुआ है। बाल विवाह की संख्या में कमी आई है।

एनएफएचएस -4 (वर्ष 2015-2016) के 32.4 फीसदी से घटकर एनएफएचएस-5 (2020-2021) में 23.01 फीसदी रह गया है। प्रदेश में जन्म के समय लिंगानुपात एनएफएचएस-4 (वर्ष 2015-2016) अनुसार 927 था जो एनएफएचएस-5 (2020-2021) के अनुसार बढ़कर 957 हो गया है। यह एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज के विकास की अनिवार्य शर्त है। मध्यप्रदेश सरकार महिलाओं के सर्वांगीण उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत है। आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में और अधिक प्रभावी कदम उठाऐंगे।

*(लेखिका मप्र में महिला एवं बाल विकास मंत्री)*

महिला दिवस
संपतिया उइके



# संघर्ष से सशक्त नेतृत्व की ओर अग्रसर जनजातीय महिलाएं

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि यह अवसर है उन उपलब्धियों को सराहने का, जो महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में हासिल हुई हैं। साथ ही, यह दिन हमें यह सोचने का अवसर भी प्रदान करता है कि आगे का रास्ता क्या होना चाहिए। भारत जैसे देश में, जहां नारी को शक्ति और सहनशीलता का प्रतीक माना जाता है, वहां जनजातीय महिलाओं के सशक्तिकरण के लिये प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में संकल्पबद्ध होकर कार्य कर रही है। जनजातीय महिलाएं अपनी संस्कृति, परंपरा और स्वाभिमान की प्रतीक रही हैं। सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों के कारण जनजातीय वर्ग की महिलाएं लंबे समय तक विकास की मुख्यधारा से दूर रहीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार इस दूरी को समाप्त कर रही है। उद्देश्य यह नहीं कि वे केवल लाभार्थी बनें, बल्कि वे समाज की निर्णायक शक्ति बनकर आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश करें।

सरकार की सोच यह नहीं कि महिलाओं को केवल योजनाओं का लाभ मिले, बल्कि वे अपने निर्णय स्वयं ले सकें, अपने व्यवसाय और कार्यक्षेत्र में मजबूती से खड़ी हो सकें। प्रधानमंत्री वन धन योजना के तहत जनजातीय महिलाओं को उनके द्वारा संग्रहित वन उपज का सही मूल्य दिलाने के लिए सशक्त तंत्र विकसित किया गया है। इससे न केवल उनकी आय बढ़ी है, बल्कि वे अब स्वयं का व्यवसाय भी कर रही हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिका शिक्षा को प्राथमिकता दी है, जिससे जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्रों में लड़कियों के स्कूल छोड़ने की दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना गर्भवती महिलाओं को आर्थिक सहायता देकर उनके पोषण और स्वास्थ्य की सुरक्षा कर रही है। स्टैंड-अप इंडिया योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की महिलाओं को स्व-रोजगार हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे वे खुद के व्यवसाय की स्थापना कर सकें। मध्यप्रदेश सरकार भी इस दिशा में भी आगे बढ़कर कार्य कर रही है। पीछे नहीं है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना में राज्य सरकार महिलाओं को प्रत्यक्ष आर्थिक सहयोग प्रदान कर रही है, जिससे उनके जीवन स्तर में बड़ा सुधार हुआ है। मुख्यमंत्री आदिवासी महिला उद्यमिता योजना ने जनजातीय महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हर घर जल योजना ने जल संकट से जूझ रही ग्रामीण और जनजातीय महिलाओं के लिए राहत प्रदान की है, जिससे उनका दैनिक जीवन सरल हुआ है।पेसा अधिनियम ने ग्राम सभाओं में महिलाओं की भागीदारी को मजबूती प्रदान की है, जिससे वे अपने अधिकारों के प्रति अधिक सजग और जागरूक हो रही हैं। अब वे अपनी ग्राम सभाओं में न केवल सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं, बल्कि अपने समुदाय की नीतियां तय करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही हैं। मैं स्वयं एक जनजातीय महिला हूं। जीवन में संघर्ष मेरे लिए नया नहीं है। बचपन में परिवार की मदद के लिए ईंट-भट्टों पर मजदूरी से लेकर सरपंच, जिला पंचायत अध्यक्ष, राज्यसभा सदस्य और अब मध्यप्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री बनने तक का सफर आसान नहीं था। मेरी पार्टी ने सदैव जनजातीय समाज को प्राथमिकता दी है। जब देश को पहली आदिवासी महिला राष्ट्रपति के रूप में द्रौपदी मुर्मू मिलीं, तो यह केवल एक व्यक्ति की नहीं बल्कि पूरे जनजातीय समाज की उपलब्धि थी। यह इस बात का प्रमाण है कि अगर महिलाओं को सही अवसर और संसाधन मिलें, तो वे हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकती हैं। महिला सशक्तिकरण कोई एक दिन की प्रक्रिया नहीं है, यह एक निरंतर चलने वाली यात्रा है। महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि नीति-निर्माण और निर्णय लेने में भागीदार बनाना ही सही मायनों में सशक्तिकरण है। शिक्षा, स्वास्थ्य और आर्थिक स्वतंत्रता के साथ समाज में उन्हें सम्मानजनक स्थान दिलाना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। आज, जब दुनिया नारी शक्ति का सम्मान कर रही है, हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि समाज के सबसे वंचित वर्ग- नजातीय और अनुसूचित जाति की महिलाएं-विकास की मुख्यधारा से जुड़ें। मेरा सभी माताओं, बहनों और बेटियों से आग्रह है कि वे सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ उठाएं, आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम बढ़ाएं और अपने सपनों को पूरा करने के लिए आगे बढ़ें। जब महिलाएं आगे बढ़ेंगी, तो समाज और देश भी नई ऊंचाइयों को छुएगा।

*(लेखिका मप्र में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री)*


## मन अशांत होने पर इष्टदेव के मंत्रों को जपें



संकलित
**दर्शन**

शुकदेव राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, उस समय राजा ने पूछा कि आजकल लोग इतने बेचैन क्यों हैं? लोगों का मन अशांत क्यों है? शुकदेव ने राजा को एक कथा सुनाई कि एक दिन पृथ्वी ने भी भगवान से यही बात पूछी थी। पृथ्वी ने भगवान से कहा था कि ये लोग जो खुद मौत के खिलौने हैं। ये सभी मुझे यानी धरती, राज्य जीतना चाहते हैं। अभी तक मुझे यानी धरती को कोई भी मृत्यु के बाद अपने साथ ऊपर नहीं ले जा सका है। लोग ये बात क्यों नहीं समझते हैं? शुकदेव ने राजा से कहा कि पृथ्वी ने ये सभी बातें भगवान से इसलिए कहीं थीं, कि धरती पर जो धन-संपत्ति है, वही सारे झगड़ों की जड़ है। सभी चाहते हैं कि मेरे पास दूसरों से ज्यादा वैभव हो, सभी इसी में लगे हुए हैं। जिस दिन इस दुनिया से जाएंगे, सब कुछ यहीं रह जाएगा। परीक्षित ने शुकदेव की बातें ध्यान से सुनीं और कहा कि आजकल इतनी अशांति है तो शांति पाने के लिए हमें क्या करना चाहिए? शुकदेव ने कहा कि जब भी हमारा मन अशांत हो, हमें भगवान के नामों का जप करना चाहिए, ध्यान, पूजा-पाठ करना चाहिए। अपने इष्टदेव के नामों का जप करने से नकारात्मकता दूर होती है, मन शांत होता है। मंत्र जप से शरीर में जो परिवर्तन होते हैं, उनसे मन शांत होता है।

## सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित
**प्रेरणा**

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है। योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## जोश के साथ किया वॉकथान



**बीकानेर।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर राजस्थान के बीकानेर में विशेष रूप से महिलाओं के लिए 'वाकथॉन' का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया। महिलाएं गुलाबी रंग के परिधान पहनकर और हाथों में तिरंगा लेकर दौड़ीं।

## आज की पाती

### प्रकृति स्वरूपा है नारी ब्रह्मांड का आधार है नारी

प्रति वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। महिलाओं की सुरक्षा के दावे किए जाते हैं, लेकिन धरातल की सच्चाईयां बहुत ही खौफनाक हैं। महिलाओं पर जुल्म बढ़ते ही जा रहे हैं। इतिहास साक्षी है कि नारी प्रकृति स्वरूपा है, नारी ब्रह्मांड का आधार है, नारी जगत जननी है, न मजबूर न समझो इसे बेचारी। सजीवन एक खूबसूरत यात्रा है। इसी यात्रा में हम संघर्ष करते हुए सदैव गतिमान रहते हैं।

-मदन बाजपेयी, भिलाई

## ट्रेंड

### तमिल में पाठ्यक्रम



तमिलनाडु के मुख्यमंत्री को भी जल्द से जल्द तमिल भाषा में मेडिकल और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम शुरू करना चाहिए। इससे तमिल माध्यम से पढ़ाई करने वाले छात्रों को लाभ होगा।

-अमित शाह, केंद्रीय गृहमंत्री

### विकास का दीप जलाएंगे



विगत सरकारों ने दिल्ली के हर विभाग, हर व्यवस्था को इतना बदहाल कर दिया है। हमें एक जंग लगा हुआ सिस्टम विरासत में मिला है लेकिन हम अपने बुलंद हौसलों और कर्तव्यनिष्ठा से दिन-रात काम करके दिल्ली में विकास का दीप जलाएंगे।

-रेखा गुप्ता, सीएम, दिल्ली

### महिलाओं को प्रोत्साहन



इस पहचान के लिए मैं बहुत आभारी हूँ, मैं और अधिक महिलाओं को आगे आने और अपनी यात्रा की पटकथा लिखने में यथास्थिति को चुनौती देने के लिए प्रोत्साहित करती हूँ।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### उम्र सिर्फ एक संख्या



जिस शख्स ने फिल्मों में 28 साल की उम्र में 65 साल के बुजुर्ग की भूमिका निभाई हो, और ज़्यादातर अपनी उम्र से बड़े किरदारों के रोल किए हों, उसकी जवानी तो अब शुरू हुई है! उम्र सिर्फ़एक संख्या है, मैं इसका आदर्श उदाहरण हूँ।

-अनुपम खेर, अभिनेता

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने सुनीता विलियम्स के घने बालों की प्रशंसा की



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नासा की भारतीय मूल की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स के घने बालों की सराहना की और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर फंसे दो अंतरिक्ष यात्रियों को संदेश दिया कि उन्हें जल्द धरती पर वापस लाया जाएगा। ट्रंप (78) ने अंतरिक्ष स्टेशन में फंसे बुच विल्मोर और विलियम्स को पृथ्वी पर वापस लाने में मदद करने के लिए व्यक्तिगत रूप से एक बचाव दल को कक्षा में भेजने की संभावना का जिक्र किया और आठ दिन के मिशन के नौ महीने तक जारी रहने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन की आलोचना की। ट्रंप ने ओवल ऑफिस में कहा, 'बाइडन ने उन्हें वहीं फंसा छोड़ दिया।' उन्होंने कहा, 'हमारे दो अंतरिक्ष यात्री अंतरिक्ष में फंसे हुए हैं। मैंने एलन (मस्क) से कहा, 'मेरा एक काम करो। क्या तुम उन्हें बाहर निकाल कर ला सकते हो? उन्होंने कहा 'हां'। वह वहां जाने की तैयारी कर रहे हैं, मुझे लगता है कि दो सप्ताह में। ट्रंप ने कहा कि मस्क अभी एक यान तैयार कर रहे हैं जो ऊपर जाएगा और उन्हें वहां से ले जाएगा।

## ऑफ बीट

# पुराना पीठ दर्द मस्तिष्क से होता है उत्पन्न




पुराने पीठ दर्द से पीड़ित अधिकांश लोग स्वाभाविक रूप से सोचते हैं कि उनका दर्द चोट या शरीर में अन्य समस्याओं जैसे गठिया या उभरी हुई डिस्क के कारण होता है। लेकिन हमारी शोध टीम ने पाया है कि मस्तिष्क में होने वाली प्रक्रिया के रूप में दर्द के मूल कारण के बारे में सोचने से रिकवरी को बढ़ावा देने में मदद मिल सकती है। हम दर्द पुनर्संसाधन थेरेपी नामक एक मनोवैज्ञानिक उपचार का अध्ययन कर रहे हैं जो मस्तिष्क में अप्रभावी और अनावश्यक दर्द संकेतों को 'बंद' करने में मदद कर सकता है। पुराने समय से चला आ रहा दर्द आज सबसे बड़ी स्वास्थ्य समस्याओं में से एक है। यह अमेरिका में विकलांगता का प्रमुख कारण है, और इसकी आर्थिक लागत मधुमेह या कैंसर से भी अधिक है। सबसे आम दीर्घकालिक दर्द पीठ दर्द है। कई मरीज़ - और डॉक्टर - पीठ की विभिन्न समस्याओं की पहचान करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिनके बारे में उन्हें संदेह है कि यह दर्द का कारण हो सकता है। इसलिए वे हर तरह के उपचार आज़माते हैं, लेकिन अक्सर कोई फायदा नहीं होता।

**अपने विचार**

हरिभूमि कार्यालय
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## ग्रामीण आजीविका मिशन में कई नवाचारों एवं अभियानों का होगा शुभारंभ

# मुख्यमंत्री आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर समूहों को ऋण, बेटियों को देंगे नियुक्ति-पत्र




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में मप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के स्व-सहायता समूहों को बैंक ऋण राशि वितरण, डीडीयूजीकेवाई अंतर्गत प्रशिक्षण प्राप्त बेटियों को नियुक्ति पत्रों का वितरण करेंगे।

कार्यक्रम में भोपाल शहर में चलित जैविक हाट बाजार के तीन वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना करने के साथ ही मिशन के अन्य कार्यों का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव महिला स्व सहायता समूहों की ओर से लगाए गए उत्पादों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी करेंगे। पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल एवं राज्य मंत्री राधा सिंह भी कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगीं। मप्र ग्रामीण आजीविका मिशन के डिजीटल ई-न्यूज लैटर आजीविका अनुभूति का विमोचन होगा।

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर पढ़ेंगे हम–बढ़ेंगे हम' साक्षरता अभियान का शुभारंभ और भोपाल शहर में चलित जैविक हाट बाजार के लिए तीन वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा। इस अवसर भोपाल जिले के 2 स्व-सहायता समूहों को 10-10 लाख रुपए का बैंक ऋण राशि भी प्रतीक स्वरूप दी जाएगी।

### समूह सदस्यों को 200 ई-साइकिल का वितरण

सीहोर जिले के समूह सदस्यों को आवागमन के लिए 200 ई-साइकिल का वितरण, प्रदेश के छह प्रमुख शहरों भोपाल, इन्दौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन एवं धार में जैविका हाट बाजारों का शुभारंभ, वित्तीय साक्षरता अभियान का शुभारंभ, दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना (डीडीयूजीकेवाय) तहत विशेष रूप से युवितयों के लिए 5 प्रशिक्षण बैच, आरसेटी के माध्यम से बालाघाट, डिण्डोरी एवं अलीराजपुर जिलों में पारंपरिक कला एवं शिल्प के प्रोत्साहन के लिए कौशल प्रशिक्षण का शुभारंभ, डीडीयूजीकेवाय तहत 1000 युवतियों को नियुक्ति-पत्र प्रदाय किए जाएंगे।

**कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में होगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम**

## अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को आज सीएम करेंगे सम्मानित

**समाज सेवा, सुरक्षा वीरता के लिए पुरस्कार**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 8 मार्च महिला दिवस पर उन उत्कृष्ट महिलाओं को सम्मानित करेंगे, जिन्होंने प्रदेश में महिलाओं और बच्चों के क्षेत्र में समाज सेवा, सुरक्षा, वीरता एवं साहसिक कार्यों में उल्लेखनीय कार्य किया है। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे इन्टरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में महिला, बाल विकास विभाग के राज्य स्तरीय पुरस्कार का वितरण करेंगे। महिला बाल विकास विभाग की ओर से वर्ष 2023-24 के लिए राष्ट्रमाता पद्मावती पुरस्कार (2023), राजमाता विजयाराजे सिंधिया समाज सेवा पुरस्कार (2023-24), रानी अवंति बाई वीरता पुरस्कार (2024) और विष्णु कुमार महिला एवं बाल कल्याण समाज सेवा सम्मान पुरस्कार (2024) शामिल हैं।

ब्लॉग
डॉ. मोहन यादव



## महिला सशक्तिकरण... विकसित राष्ट्र के विकास का आधार स्तंभ

नारी अस्य समाजस्य कुशलवास्तुकारा अस्ति 'नारी समाज की आदर्श शिल्पकार है', भारतीय दर्शन का यह उल्लेख नारी शक्ति और निर्माण का आह्वान है। भारत में नारी सदैव अग्रणी रही है, प्रथमा रही है। मातृशक्ति को आदि शक्ति माना जाता है। हमारी परंपरा, संस्कृति और चिंतन में नारी का सम्मान रहा है। यह हमारे लिए गौरव की बात है कि पूरे संसार ने महिला सशक्तिकरण को स्वीकार किया और 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर मैं नारी शक्ति और उनकी उपलब्धियों का अभिनंदन करता हूं। विश्व पटल पर यह दिन चर्चा का विषय हो सकता है, लेकिन देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में महिला सशक्तिकरण का संकल्प कार्य रूप में परिणित किया जा रहा है। मप्र में महिला सशक्तिकरण के लिए कई नवाचार हुए और अनेक योजनाओं को धरातल पर उतारा गया। इन योजनाओं का अनुकरण अन्य प्रांतों ने भी किया। इस तरह मप्र देश में महिला सशक्तिकरण के लिए अग्रणी प्रांत बन गया।

प्रधानमंत्री ने हमें विकास के साथ विरासत का सूत्र दिया है। भारत की वैचारिक विरासत नारी सम्मान की रही है। यदि सामाजिक वातावरण में मर्यादा होगी, नारी सम्मान होगा तो अपराध अपने-आप कम हो जाएंगे और नारी स्वयमेव सुरक्षित हो जाएगी, इसीलिए भारतीय संस्कृति में नारी सम्मान को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। अपनी संस्कृति और परंपरा के अनुरूप हमने प्रदेश में आध्यात्मिक स्थलों की पवित्रता और नारी सम्मान के लिए 19 स्थानों को नशामुक्त करने का निर्णय लिया है। इससे हमारे धार्मिक स्थलों की पवित्रता बनी रहेगी, नैतिक मूल्यों को मजबूती मिलेगी, घरेलू हिंसा में नियंत्रण के साथ महिलाओं के सामाजिक तथा आर्थिक सशक्तिकरण को बल मिलेगा। मुझे उम्मीद है कि शराबबंदी से आध्यात्मिक स्थलों की पवित्रता के साथ महिलाओं के सम्मान को लेकर सकारात्मक बदलाव आएगा।

प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में भारत विकास की नई करवट ले रहा है। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्रों की श्रेणी में अग्रणी बनाने के लिए ज्ञान (जीवाईएएन) के सम्मान का मंत्र दिया है। इसके तहत गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी को सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाना है।

विकास के आधार स्तम्भ में से एक, महिलाओं के समग्र सामाजिक-आर्थिक विकास और विमेन लीड डेवलपमेंट के प्रयास को समन्वित रूप से लागू करने के लिए प्रदेश में पहली बार देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन शुरू किया गया है। मिशन के प्रमुख उद्देश्यों में महिलाओं और बालिकाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, आर्थिक विकास, सुरक्षा, विभिन्न शासकीय सेवाओं की पहुंच में सुनिश्चितता, महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन और समाज में आर्थिक भागीदारी बढ़ाने के लिए एकीकृत प्रयास शामिल हैं। नारी शक्ति मिशन के तहत बालिका शिक्षा, स्वास्थ्य, लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, लखपति दीदी योजना, महिला स्व-सहायता समूहों के सशक्तिकरण आदि कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ किए जा रहे हैं।

भारतीय जीवनशैली में महिलाओं की भूमिका सदैव अग्रणी रही है। हम जितने अधिक अवसर बहन-बेटियों को देंगे, सुविधाएं देंगे तो वे समाज को कई गुना लौटाकर देंगी। महिला शक्ति से देश नई ऊंचाई तक पहुंच सकता है। ग्रामीण अर्थव्यवस्था में महिलाओं की भूमिका महत्वपूर्ण है। समय के साथ शिक्षा, तकनीक और अन्य क्षेत्रों में उनकी भूमिका बढ़ रही है। पीएम मोदी ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास के माध्यम से महिलाओं को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया, जिससे महिलाओं की भूमिका न केवल परिवार और समाज के विकास में अग्रणी रहे, अपितु विकसित भारत अभियान में भी उनकी सहभागिता हो। प्रधानमंत्री ने आवास, उज्ज्वला, आयुष्मान, मातृ वंदना, महिला स्व-रोजगार, सुकन्या समृद्धि आदि योजनाओं की श्रृंखला से महिलाओं के समग्र विकास को सुनिश्चित किया है। मेरा मानना है कि नारी का गौरव राष्ट्र के सपने पूरे करने में बड़ी भूमिका निभाएगा।

मुझे यह बताते हुए संतोष है कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के सम्मान और सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है। जनप्रतिनिधित्व में एक-तिहाई महिलाओं को शामिल किया है। मप्र देश का पहला ऐसा राज्य है, जिसमें शासकीय सेवाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण 33 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत कर दिया है। प्रदेश में लाडो अभियान, शौर्या दल, मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण योजना, मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। बहनों के मान-सम्मान और स्वाभिमान के लिए लाड़ली बहना योजना से महिलाओं को और सैनिटेशन एवं हाइजीन योजना से प्रदेश की 19 लाख बालिकाओं को आर्थिक संबल दिया है। मप्र में किशोरियों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए किए जा रहे प्रयासों की यूनिसेफ ने सराहना की है।

प्रदेश में नए-नए उद्योग आ रहे हैं, इनमें महिलाओं को बड़ी संख्या में रोज़गार मिल रहा है। रेडीमेड गारमेंट उद्योग में कार्य करने वाली बहनों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। हम हाल ही में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 18 नीतियां लेकर आए हैं। इनमें एमएसएमई विकास नीति में महिला उद्यमी इकाई को विशेष लाभ का प्रावधान है। ड्रोन संवर्धन नीति में हमारी ड्रोन दीदी योजना अधिक विस्तारित होगी। हमारी स्व-सहायता समूह की बहनें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकल से ग्लोबल के लक्ष्य को धरातल पर उतार रही हैं। प्रदेश में लगभग पांच लाख से अधिक स्व-सहायता समूह की महिलाओं ने स्वावलंबन का जनांदोलन खड़ा कर दिया है। प्रदेश की बीपीएल श्रेणी की 4 लाख से अधिक महिलाएं लखपति दीदी बन गई हैं। मप्र में महिलाओं के लिए किए जा रहे प्रयासों का परिणाम है कि प्रदेश में महिला सशक्तिकरण के नए आयाम विकसित हुए हैं। वे सशक्त, समृद्ध और स्वावलंबी होकर आत्मनिर्भर हो रही हैं।

(लेखक, मप्र के मुख्यमंत्री हैं)

### खबर संक्षेप



#### एसएन पांडे, मधुसूदन बने आयुर्वेद गुरु

**भोपाल।** राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ (आरएवी) के गुरु सत्र 2025-26 में मध्यप्रदेश के वैद्य एसएन पांडे और वैद्य मधुसूदन देश पांडे का आयुर्वेद गुरु के पद पर मनोनयन हुआ है। नीमा छात्र संघ के राष्ट्रीय संयोजक डॉ. हरेंद्र सिंह भदौरिया ने वैद्य एसएन पांडे और वैद्य मधुसूदन देश पांडे को आयुर्वेद गुरु बनाए जाने पर बधाई दी। डॉ. भदौरिया ने बताया कि राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ (आरएवी) आयुष मंत्रालय के अधीन एक स्वायत्त संस्था है। इसका प्रमुख उद्देश्य आयुर्वेद के पारंपरिक ज्ञान को पुनर्जीवित करना है।

#### 730 स्कूल होंगे पीएमश्री स्कूल के रूप में विकसित

**भोपाल।** प्रदेश में सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ सभी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हों, इस उद्देश्य से प्रदेश के 730 स्कूलों को पीएमश्री स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। राज्य के 313 विकासखण्डों में 626 (प्रति विकासखण्ड 2) और नगरीय निकायों में 104 स्कूल विकसित किए जा रहे हैं। केन्द्र सरकार द्वारा पहले चरण में प्रदेश के स्कूल शिक्षा विभाग को 219 करोड़ रुपए की योजना स्वीकृत की गई है। इन स्कूलों को ग्रीन स्कूल की तर्ज पर विकसित किया जा रहा है। इनमें लैब, लाईब्रेरी, व्यावसायिक शिक्षा, आईसीटी लैब तथा अटल टिकरिंग लैब आदि से साधन सम्पन्न किया जा रहा है।

**प्रधानमंत्री विजन के अनुरूप होगा राजधानी भोपाल और प्रदेश का विकास**

# भोपाल में बड़े आयोजनों के लिए कन्वेंशन सेंटर की थी जरूरत, मुख्यमंत्री ने किया भूमिपूजन

**केन्द्रीय बजट के प्रथम प्रकल्प के रूप में भोपाल को महत्वपूर्ण सौगात**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश की राजधानी भोपाल में बड़े आयोजनों के लिए जिस तरह के कन्वेंशन सेंटर की जरूरत थी, वह कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर (मिंटो हॉल) के विस्तारीकरण और नए कन्वेंशन सेंटर से पूर्ण हो जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन सफल रहा। इस मौके पर भोपाल में एक कन्वेंशन सेंटर की जरूरत अनुभव की गई। इस तरह के सेंटर की स्थापना की घोषणा के कुछ दिन में ही केन्द्र सरकार से इसकी स्वीकृति प्राप्त हो गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शुक्रवार की शाम कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर के मुख्य सभाकक्ष में कन्वेंशन सेंटर परिसर में प्रस्तावित नवीन कन्वेंशन सेंटर का भूमिपूजन कर समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने पर्यटन विभाग के अधिकारियों को 100 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस नए कन्वेंशन सेंटर के निर्माण में वर्तमान कन्वेंशन सेंटर की वास्तुकला और आकल्पन की तरह कार्य सम्पन्न किए जाने के निर्देश दिए। उच्च स्तरीय बैठकों के साथ ही व्यवसायिक आयोजनों और बड़े सम्मेलनों के लिए यह सेंटर उपयोगी सिद्ध होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह नए केन्द्रीय बजट के पहले महत्वपूर्ण प्रकल्प के रूप में सामने आया है। शीघ्र ही इस सेंटर के विकास का कार्य शुरू हो जाएगा।

उच्च स्तरीय बैठक, बड़े सम्मेलनों के लिए उपयोगी होगा सेंटर

100 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा निर्माण



#### ऐसा होगा नया कन्वेंशन सेंटर

*वर्तमान सेंटर के परिसर में आधुनिक तकनीक से नया सेंटर निर्मित और सुसज्जित किया जाएगा। नवीन संरचना में भूतल, निचला तल, प्रथम एवं द्वितीय तल निर्मित होंगे। वर्तमान कुशाभाऊ ठाकरे सभागार और प्रस्तावित भवनों के बीच सांस्कृतिक केन्द्र होगा, जिसमें कियोस्क होंगे, जो सम्मेलनों के दौरान स्थानीय हस्तशिल्प का प्रदर्शन और विक्रय करने में सहायक होंगे। कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर और प्रस्तावित नवीन कन्वेंशन सेंटर दोनों परिसरों को एक कॉरिडोर से जोड़ा जाएगा। वर्ष 2026 में बनकर तैयार होने वाला यह सेंटर निश्चित ही भोपाल के लिए यह अनूठी सौगात होगा।*

#### भोपाल टाइगर कैपिटल, वन्य जीवन पर्यटन में प्रदेश की नई पहचान बनी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पर्यटन मप्र की पहचान है। हाल ही ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से भोपाल की प्राकृतिक सुंदरता प्रतिभागियों के मध्य चर्चा का विषय रही। वन्य जीवन पर्यटन में प्रदेश की नई पहचान बन रही है। देश में सर्वाधिक टाइगर मप्र में है। प्रदेश में माधव राष्ट्रीय उद्यान 9वां टाइगर रिजर्व घोषित हुआ है। मानव और वन्य प्राणी के सह-जीवन का अनूठा उदाहरण राजधानी में देखने को मिलता है, जहां रातापानी अभयारण्य के झिरी-द्वार की दूरी शहर से सिर्फ 4-5 किमी दूर है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने कहा कि इस कन्वेंशन सेंटर के भूमिपूजन से मुख्यमंत्री की 25 फरवरी की घोषणा का 10 दिन के अंदर क्रियान्वयन प्रारंभ हो गया है।

#### भोपाल की सुंदरता शहर की पहचान बनीः सांसद शर्मा



वरिष्ठ सांसद वीडी शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने भोपाल में इस तरह के सुविधाजनक कन्वेंशन सेंटर के निर्माण की जरूरी बताई थी। वर्तमान कन्वेंशन सेंटर की क्षमता कम होने से कई आयोजनों में जो कठिनाई हो रही थी, वह नए सेंटर के निर्माण के बाद खत्म हो जाएगी। भोपाल की सुंदरता शहर की पहचान बनी है। कार्यक्रम में पर्यटन मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने वीडियो संदेश में भोपाल को मिली इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए बधाई दी।

#### 1500 व्यक्तियों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम

नवीन सेंटर में करीब 1500 व्यक्तियों की क्षमता वाला ऑडिटोरियम, 300 व्यक्ति के लिए हॉल, 200 व्यक्तियों के लिए मीटिंग हॉल, भोजन के लिए 2000 व्यक्तियों की क्षमता वाला डाइनिंग हॉल एवं डाइनिंग सुविधा युक्त 2000 व्यक्तियों की क्षमता वाला लॉन, वर्तमान एवं नवीन भवन मिलाकर 3000 व्यक्तियों की क्षमता वाला कन्वेंशन हॉल, जिसमें 4500 व्यक्तियों के भोजन करने की क्षमता, अतिथियों के लिए सर्वसुविधायुक्त 15 कमरे जिनमें 5 सुइटस एवं 10 अतिरिक्त बड़े कुल 40 बेड क्षमता वाले कमरे, पुराने एवं नवीन भवनों के बीच बफर ओपन स्पेस (इनमें सामाजिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और प्रदर्शनियों की सुविधा), 300 व्यक्तियों के लिए डाइनिंग रेस्टोरेंट, बिजनेस सेंटर (प्रेस लॉन्ज, ट्रैवल डेस्क, मनी चेंजर, निजी लॉउन्ज एवं टी लॉउन्ज), मॉडर्न बिल्डिंग मैनेजमेंट, फायर फाइटिंग सिस्टम और ऑडियो-वीडियो युक्त आधुनिक तकनीक एवं एकॉस्टिक इंटीरियर्स के साथ ही 2000 व्यक्तियों की क्षमता का बैंक्वेट हॉल भी बनेगा।

### सांसद ने जन औषधि केंद्र का किया उद्घाटन




## आंबेडकर जयंती पर प्रदेश के ट्राइबल इलाकों में खुलेंगे जन औषधि केंद्रः शर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में 450 जन औषधि केंद्र हैं और 14 अप्रैल को बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती पर ट्राइबल ब्लॉक में और 89 जन औषधि केंद्र खोलने का काम सरकार करेगी। लोग ज्यादा से ज्यादा जेनेरिक दवाइयों का उपयोग करें और लोगों में जागरूकता आए। इसके लिए प्रदेश के सांसद, विधायक और पार्टी के चिकित्सा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता डॉक्टरों से मिलकर जेनेरिक दवाइयां लिखने का आग्रह करेंगे।

यह बात भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने शुक्रवार को जन औषधि दिवस पर रेडक्रॉस अस्पताल में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र का उद्घाटन करते हुए कही। शर्मा ने कहा कि 2014 में जबसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की कमान संभाली है, तब से उन्होंने गरीबों के जीवन को बदलने का काम किया है।

#### आज देश भर में 15 हजार जन औषधि केंद्र

*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि आज देश भर में 15 हजार जन औषधि केंद्र पर 30 से 80 प्रतिशत तक सस्ती दवाईयां मिल रही हैं। आज 5 हजार की दवाइयां जन औषधि केंद्र पर मात्र 500 रुपए में उपलब्ध हो जाती है।*

#### अबू आजमी जैसों को देश में रहने का हक नहीं

*शर्मा ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि यह राम का देश है, भगवान कृष्ण का देश है, महाराणा प्रताप और वीर शिवाजी महाराज का देश है। अबू आजमी जैसे लोगों को इस देश की धरती पर रहने का कोई अधिकार नहीं हैं। ऐसे आततायी जिन्होंने भारत की संस्कृति से लेकर उसके मान-सम्मान पर आक्रमण किया, उन्हें देश की जनता जवाब देती रही है। राहुल गांधी और प्रियंका गांधी कहां हैं, वो बताएं कि क्या वो औरंगजेब को महान मानते हैं? चाहे कांग्रेस हो, सपा हो या कोई और पार्टी हो, इस देश में तुष्टिकरण की राजनीति नहीं चलेगी।*

### भाजपा महिला मोर्चा महिला दिवस पर हर जिले में आयोजित करेगा कार्यक्रम

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर शनिवार को प्रदेश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली बहनों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान फाग उत्सव भी मनाया जाएगा। भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को दोपहर 2 बजे आयोजित होने वाले कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा शामिल होंगे।

**धान उपार्जन घोटाले में सीबीआई जांच की मांग**

## पटवारी ने सीबीआई जांच की मांग को लेकर पीएम मोदी को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्य प्रदेश में धान उपार्जन घोटाले की सीबीआई जांच की मांग को लेकर पीसीसी चीफ जीतू पटवारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है।

पत्र के माध्यम से उन्होंने कहा कि प्रदेश में किसानों के साथ हो रही धोखाधड़ी और व्यापक भ्रष्टाचार को लेकर मैं एक बड़े घोटाले की ओर दिलाना चाहता हूं। प्रदेश में धान उपार्जन में बड़े पैमाने पर घोटाला सामने आया है, जिसमें अधिकारियों की मिलीभगत और सरकारी संरक्षण से किसानों के हक पर डाका डाला गया है। यह घोटाला कई सौ करोड़ रुपए का होने का संदेह है। प्रदेश की ईओडब्ल्यू शाखा द्वारा 12 जिलों में की गई छापेमारी में 150 उपार्जन समितियों और 140 वेयरहाउसों में भ्रष्टाचार के प्रमाण सामने हैं। अब तक की जांच में 19,910.53 मैट्रिक टन धान की हेराफेरी के सबूत मिले हैं, जिसकी कीमत लगभग 5 करोड़ रुपए आंकी गई है।

**कांग्रेस विधायकों ने परिवहन अफसरों की संपत्ति का ब्यौरा मांगा**

## विधानसभा में गूंजेगा सौरभ के भ्रष्टाचार का मुद्दा, दर्जन भर से ज्यादा लगे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आगामी विधानसभा के बजट सत्र के दौरान परिवहन विभाग के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा का नाम भी सदन में गूंजेगा। इस बार कांग्रेस ने सौरभ शर्मा के जरिए सत्ताधारी दल को घेरने की रणनीति बनाई है। विधानसभा सत्र में लगे 4 हजार से ज्यादा सवालों में इस बार सौरभ शर्मा से जुड़े लगभग एक दर्जन प्रश्न लगे हैं।

इसके अलावा परिवहन विभाग में वर्तमान में पदस्थ कुछ अफसरों की संपत्ति की जानकारी भी कांग्रेस विधायकों ने मांगी है। राज्य के विपक्षी दल कांग्रेस ने इन सवालों को लेकर आक्रामक रवैया अपनाने की तैयारी भी की है। इस दौरान इस मामले की जांच कर रही प्रदेश की सरकारी एजेंसियों पर भी सवाल खड़े किए जाएंगे। ऐसे में उम्मीद जताई जा रही है कि इस बार सौरभ शर्मा के नाम पर भी सदन में जमकर हंगामा होगा। सौरभ शर्मा की करोड़ों की अवैध संपत्ति के साथ ही उसकी परिवहन विभाग में नियुक्ति, ईओडब्ल्यू में शिकायत पर कार्रवाई न होने, बेनामी संपत्ति बनाने में मदद करने वालों, उसके साथ मिलकर कालेधन को सफेद करने और सौरभ के फाइनेंसरों की भी जानकारी से जुड़े सवाल लगाए गए हैं। इस बार कांग्रेस सौरभ के जरिए सत्ताधारी दल के मंत्रियों, विधायकों और आला अफसरों को घेरना चाहती है। यही कारण है कि कांग्रेस के विधायकों ने सौरभ के अलावा परिवहन विभाग के वर्तमान अफसरों की संपत्ति की जानकारी मांगी है।

**योजना से शहरी क्षेत्र के पर्यावरण को रखा जा सकेगा प्रदूषण मुक्त**

# ऑटो रिक्शा चलाने वालों की आमदनी बढ़ाने, शहर को प्रदूषण मुक्त रखने मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना लांच होगी

**पहले चरण में मिलेगा 3500 हितग्राहियों को फायदा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र में ऑटो रिक्शा चलाने वाले हितग्राहियों की आमदनी बढ़ाने और शहर को प्रदूषण मुक्त रखने के मकसद से नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने इस वर्ष से मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना लागू करने का निर्णय लिया है। योजना के तहत पहले चरण में 3500 हितग्राहियों को फायदा पहुंचाया जाएगा।

योजना में लाभान्वित हितग्राहियों को ऋण राशि में केन्द्र सरकार और राज्य सरकार की ओर से ब्याज में सब्सिडी भी दी जाएगी। प्रदेश में नगरीय निकायों में मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना का निरंतर वर्ष 2027-28 तक क्रियान्वयन किया जाएगा। नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि योजना के जरिए राज्य सरकार संकल्प-पत्र 2023 के अनुसार ऑटो एवं टैक्सी चालक कल्याण के संकल्प को पूरा करेगी।



#### योजना का यह रहेगा स्वरूप

इस योजना के तहत हितग्राही को नवीन ई-रिक्शा क्रय करने के साथ पुराने डीजल एवं पेट्रोल रिक्शा को पुनः सुसज्जित (रेट्रो फिटिंग) कर ई-रिक्शा में परिवर्तित किया जाकर फायदा पहुंचाया जाएगा। चयनित हितग्राहियों को दीनदयाल जन-आजीविका मिशन-शहरी घटक में 4 लाख रुपए तक ब्याज मुक्त व्यक्तिगत ऋण प्रदान किया जाएगा। इसी के साथ हितग्राही को प्राप्त ऋण पर 8 प्रतिशत का ब्याज अनुदान केन्द्र सरकार की ओर से डीबीटी के माध्यम से खाते में प्रदान की जाएगी।

**शहरी गरीब महिलाओं को विशेष रूप में मिलेगा लाभ**

मुख्यमंत्री ई-रिक्शा योजना के तहत शहरी गरीब महिलाओं को विशेष रूप में लाभ प्रदान कर शासन के नारी सशक्तिकरण मिशन को बल प्रदान किया जाएगा। हितग्राही चयन के लिए नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने शर्तें निर्धारित की हैं। इसके तहत हितग्राही का नगरीय क्षेत्र में निवास करना आवश्यक रखा गया है।

#### आवेदन के निराकरण के लिए टॉस्क फोर्स समिति गठित होगी

*जिले में प्राप्त होने वाले आवेदन-पत्रों के निराकरण के लिये टॉस्क फोर्स समिति गठित होगी। परियोजना अधिकारी शहरी विकास अभिकरण समिति अध्यक्ष होंगे। अन्य सदस्यों में बैंक प्रतिनिधि और योजना प्रभारी को भी शामिल किया गया है। बैंकों की ओर से प्रकरण 30 दिवस में अनिवार्य रूप से निराकृत किया जाएगा।*

नेशनल के साथ ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी, सिविल सर्विसेज के मुकाबलों में लिया हिस्सा

# मन में सोच लिया था कि बच्चों के सामने स्वयं को साबित करना है कि... हम भी किसी से कम नहीं

**मप्र सरकार से उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित होकर 1984 में फॉरेस्ट विभाग में नियुक्ति मिली**



प्रवीण सक्सेना ⏭भोपाल

प्रदेश के फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में कार्यरत और राजधानी में पदस्थ तैराक सूसी जोसेफ ने गत वर्ष अक्टूबर 2024 में रायपुर में हुए ऑल इंडिया फॉरेस्ट टूर्नामेंट में 4 गोल्ड समेत एक ब्रॉन्ज मैडल जीता है। जब सूसी तैराकी प्रतियोगिता में फाइनल जीत के करीब थीं और महज कुछ ही सेकंड पहले उनके मन में विचार आया कि कुछ भी हो जाए, नए खिलाड़ियों और मेरे अपने बच्चों के सामने यह साबित करना ही है कि घर हो या पूल हम किसी से कम नहीं हैं और यह सब इस प्रतियोगिता में अव्वल आने से ही सिद्ध होगा। उन्होंने कहा कि इतना सोचते ही मैं क्या देखती हूं कि मैंने प्रतियोगिता का गोल्ड मेडल अपने नाम कर लिया। इसके अलावा उन्होंने बताया कि स्वीमिंग के ही अलग अलग वर्ग में उन्होंने तीन गोल्ड और एक सिल्वर मेडल भी अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि रायपुर जाने से पहले उन्होंने फॉरेस्ट के ही स्पोर्ट्स क्लब में एक महीना प्रैक्टिस की थी, जिसके बाद उन्हे यह परिणाम मिला। सूसी ने बताया कि स्मिमिंग के अलावा उनकी एथलेटिक्स में भी खासी रुचि रही है और उन्होंने बीते कई वर्षों में 100 मीटर रनिंग में मैडल जीते हैं। इनमें से एक लखनऊ में आयोजित ऑल इंडिया सिविल सर्विसेस में भी ब्रॉन्ज मैडल हासिल कर चुकी हैं।

> जोसेफ ने गत वर्ष ही रायपुर में जीते हैं 4 गोल्ड, एक सिल्वर



### 1979 से शुरू की थी स्वीमिंग

राजधानी निवासी सूसी ने बताया कि उन्होंने 1979 से ही स्विमिंग शुरू कर दी थी। फिर कई ऐसे मुकाम आए, जिसमें उन्हें सफलताएं मिलती गईं। उन्होंने तैराकी स्कूल से लेकर इंटर यूनिवर्सिटी और नेशनल तक के मुकाबलों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है, हालांकि, नेशनल में उनका कोई नंबर नहीं लग सका। लेकिन वर्ष 1984 में उन्हें मप्र सरकार ने उत्कृष्ट खिलाड़ी घोषित किया और फॉरेस्ट डिपार्टमेंट में नियुक्ति दी, जिसके बाद से ही वे विभागीय खेलों में अपना परचम आज तक लहरा रही हैं।

### टेबल-टेनिस में भी आजमाए हाथ

सूसी के मुताबिक टेबल टेनिस भी उनका खास खेल रहा है। इस खेल के लिए उन्होंने लगातार प्रैक्टिस की है और पिछले वर्ष ही रायपुर में आयोजित ऑल इंडिया फॉरेस्ट टूर्नामेंट में डबल्स में गोल्ड मैडल जीतकर अपनी उम्र को मात दी है। इसके अलावा इससे पहले ही उन्होंने टेबल टेनिस में कई मैडल जीते हैं।





## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एमएन आर्ट क्लब में हुआ संगीत संध्या का आयोजन

# सांझ के खूबसूरत राग पूरिया कल्याण में गूंजा विष्णु स्तुति शान्ताकारं भुजंगशयनम्...



हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर चंदनपुरा स्थित एमएन आर्ट क्लब में संगीत संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में एक ओर जहां सुरों की मधुर ध्वनियां सुनाई दीं, वहीं दूसरी ओर ओडिसी नृत्य में भक्तिकाल के विभिन्न प्रसंगों को नृत्यांगना ने बड़ी ही सूझबूझ के साथ मंच पर प्रदर्शित किया। इस संगीत संध्या की शुरुआत वरिष्ठ शास्त्रीय गायिका मधुमिता नकवी के गायन के साथ हुई। उन्होंने राग पूरिया कल्याण में निबद्ध विष्णु स्तुति शान्ताकारं भुजंगशयम् ..., की प्रस्तुति से किया। इसके बाद उन्होंने राग यमन छोटा ख्याल की बंदिश पेश की। शास्त्रीय कलाओं में रची बसी इस प्रस्तुति के क्रम में कलाकारों ने राग देस में होरी... की प्रस्तुति दी।



**एकल ओड़िसी नृत्य ने किया मुग्ध**

प्रस्तुति के अगले क्रम में आर्या नंदा की एकल ओडिसी नृत्य प्रस्तुति हुई। उन्होंने भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार पर केंद्रित प्रस्तुति दी। इसके बाद उन्होंने महाभारत के द्रौपदी चीर हरण प्रसंग को नृत्य के माध्यम से प्रदर्शित किया।

भारत भवन में आद्या समारोह के दूसरे दिन विविध प्रस्तुतियां

## मीता पंडित की खयाल गायकी और भरतनाट्यम् में खोए दर्शक

भोपाल। स्त्री शक्ति और सृजनशीलता पर केन्द्रित आद्या संगीत समारोह के तहत शुक्रवार को दो संगीतिक सभाएं संपन्न हुई। पहली प्रस्तुति ग्वालियर घराने की खयाल गायकी से जुड़ी वरिष्ठ गायिका मीता पंडित का गायन हुआ। इसके बाद डॉ. लता सिंह मुंशी की शिष्याओं सुमन कोठारी और प्रियंका शर्मा ने भरतनाट्यम नृत्य की जुगलबंदी प्रस्तुत की।



**शक्ति के विभिन्न स्वरूपों का किया प्रदर्शन**


भरतनाट्यम के लिए उन्होंने शिवशक्ति का चयन किया। इस प्रस्तुति में उन्होंने बताया कि देवों के देव शिव त्रिलोक के देवता हैं और भगवान ब्रम्हा-विष्णु भी उनकी आराधना करते हैं।

रविंद्र भवन में नाटक 'दोपहरी' का मंचन

## पंकज कपूर ने अपनी एक्टिंग से किया लोगों को भाव-विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

'दोपहरी' किताब लखनऊ में सेट की गई है, लेकिन लखनऊ जाना मेरा हो नहीं पाया, अम्मा बी के आंतरिक परिदृश्य को मार्मिक रूप से चित्रित कहानी 'दोपहरी' में अम्मा बी के जीवन में बदलाव तब आता है जब सबीहा के आगमन के कारण, एक जीवंत युवा महिला जिसे वह किराएदार के रूप में लेती है वो अम्मा के बहुत करीब आती है। भारत और विदेशी मंचों पर 50 से भी अधिक बार मंचित इस नाटक की प्रस्तुति शुक्रवार को रविंद्र भवन सभागार में दी गई। बतौर पंकज कपूर अभीनीत इस नाटक का आयोजन इंडी मूंस ड्रामा फेस्ट के द्वारा किया गया, जिसमें पंकज के अभिनय ने दर्शकों की भाव विभोर कर दिया।



**रंगमंचः युवा आवाजें, नए दृष्टिकोण विषय टॉक शो**

कार्यक्रम में अगली पीढ़ी के लिए रंगमंचः युवा आवाजें, नए दृष्टिकोण विषय पर क्लब लिटराटी द्वारा टॉक शो का आयोजन किया गया, जिसमें रीता वर्मा, मनोज नायर, भूमिका दुबे, मलय जैन और मुमताज खान सहित प्रतिष्ठित थिएटर कलाकार और विशेषज्ञ थे।

**थिएटर केवल कला नहीं**

रीता वर्मा ने कहा, पहले आज की तरह प्रयोग नहीं होते थे। युवा नए दृष्टिकोण और नवाचार लेकर आ रहे हैं। मनोज नायर ने कहा, प्रयोग तभी सार्थक होता है जब वह दर्शकों तक प्रभावी ढंग से पहुंचता है।

**खबर संक्षेप**

### फोटोग्राफर हतवलने की प्रदर्शनी हम, वी द विमेन आज से



**भोपाल।** कई अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कारों से नवाजे गए प्रकाश हतवलने एक स्वतंत्र डॉक्यूमेंट्री फोटोग्राफर हैं, मंजरी हॉल में 'हम, वी द विमेन' में उनकी 30 चुनिंदा तस्वीरें प्रदर्शित की जाएंगी। जिनका क्यूरेशन संरक्षण वास्तुकार और संस्कृति विद डॉ. मीरा दास ने किया है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन शनिवार, 8 मार्च को शाम 5 बजे सेवन हिल्स स्कूल में नव स्थापित मंजरी आर्ट गैलरी में किया जाएगा।

### नाटक 'एक मुलाकात शकुंतला से' का मंचन आज उज्जैन में

**भोपाल।** आहान शिक्षा संस्कृति एवं समाज कल्याण समिति, आलोक चटर्जी, शोभा चटर्जी द्वारा लिखित व निर्देशित नाटक 'एक मुलाकात शकुंतला से' का मंचन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को उज्जैन में किया जाएगा।

### बाल भवन में रविरंग महोत्सव में गायन व नाट्य प्रस्तुति



**भोपाल।** रंगरेज कल्चरल एवं वेलफेयर सोसायटी द्वारा बाल भवन में आयोजित रविरंग महोत्सव के तीसरे दिन फिल्म लाइफ इज ब्यूटीफुल का प्रदर्शन हुआ। वहीं, शाम के सत्र में निर्गुण गायन की प्रस्तुति ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं अलग कड़ी में सृजनात्मक अभिव्यक्ति के अद्भुत संगम के रुप में नाटक 'शनिवार दोपहर 2 बजे' का मंचन किया गया। जिसमें लेखन सुरेंद्र वर्मा का एवं निर्देशन लता सांगड़े का रहा।




## आदिकाल से ही भारतीय समाज ने दिया है स्त्री को सम्मान

### दुष्यंत संग्रहालय में महिला दिवस पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭भोपाल

- स्त्री- चेतना को लेकर किया गया वैचारिक विमर्श का आयोजन

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर दुष्यंत कुमार स्मारक पांडुलिपि संग्रहालय द्वारा स्त्री- चेतना को लेकर वैचारिक विमर्श आयोजित किया गया।

चर्चा में पूर्व आईएएस जयश्री कियावत, उर्दू साहित्य अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहंदी, सामाजिक संस्था तक्षशिला की प्रमुख प्रीति उपाध्याय शामिल हुईं। कार्यक्रम की अध्यक्षता निराला सृजन पीठ के अध्यक्ष डॉ. साधना बलवटे ने की।

डॉ. बलवटे ने कहा कि भारतीय संदर्भों में स्त्री विमर्श की आवश्यकता इसलिए नहीं है, क्योंकि आदिकाल से ही भारतीय समाज ने स्त्री को सम्मान दिया है। आप हमारे वनवासी समाज को ही देखें वहां स्त्री की इच्छा सर्वोपरि है।

### आज होगा 35 महिला प्रतिभाओं का सम्मान, होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम, पैनल डिस्कशन्स

भोपाल। सामाजिक संस्था सरोकार द्वारा 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पितृसत्तात्मक को चुनौती देते हुए अपने-अपने क्षेत्रों में सफलता के आसमान को छूने वाली सरपंचों, शिक्षिकाओं, महिला उद्यमियों, आंगनबाड़ी कार्यकतार्ओं, बैंकर्स सहित कुल 35 महिला प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। ये सभी प्रतिभाएं एनजीओ, सोशल सेक्टर, स्वास्थ्य, शासकीय नीति निमार्ता और शिक्षण क्षेत्र से जुड़ी होंगी।

**400 प्रतिभागियों में से 4 प्रतिभागियों को चयनित किया गया**



### भोपाल की नन्ही लाइब्रेरियन मुस्कान को राष्ट्रीय शिक्षागृह अवॉर्ड

**भोपाल।** बंगलौर के प्रेस्टीज आर्ट सेंटर में 2 दिवसीय कार्यक्रम इनोवोकेड-4 अंतर्गत-2025 का शिक्षागृह अवॉर्ड से भोपाल की कुमारी मुस्कान अहिरवार को भी सम्मानित किया गया है। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय शिक्षाग्रह अवार्ड हेतु इस वर्ष 400 प्रतिभागियों में से 4 प्रतिभागियों को चयनित किया गया। संजय कुमार सेक्रेटरी, डिपार्टमेंट ऑफ स्कूल एजुकेशन मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन, डॉ सुब्रह्मण्य रंजन ने मुस्कान को इस अवॉर्ड से सम्मानित किया। मॉडल स्कूल की कक्षा 12वीं की विद्यार्थी मुस्कान ने यह अवार्ड प्राप्त कर अपने अभिभावकों, शिक्षकों के साथ ही निरंतर उसका सहयोग और मार्गदर्शन करने वाले अधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया ।

**जिला पंचायत सीईओ ने फंदा जनपद की रखी समीक्षा बैठक**




### दस दिन में पूरा होगा पीएम आवास के लिए ईकेवाईसी का काम

**भोपाल।** जिले में पीएम आवास का काम अधूरा चल रहा है। नए लोग जिनको पीएम आवास दिए जाने हैं, उनकी समग्र की ईकेवायसी को दस दिन में पूरा किया जाए। जिससे पीएम आवास का टॉरगेट क्लियर हो सके। शुक्रवार को जिला पंचायत सभागार में जनपद पंचायत फंदा की समीक्षा बैठक ले रहीं थीं।

जिले की पंचायतों में प्रधानमंत्री आवास, सड़क सहित मनरेगा के अनेक विकास कार्य अधूरे पड़े हुए हैं। इनको समय पर पूरा किया जाना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ है। जिससे जिला पंचायत सीईओ इला तिवारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को 10 दिन का समय कार्य पूरा करने के लिए दिया है।

## सुप्रसिद्ध रंग निर्देशक प्रशांत खिरवड़कर को रंगकर्मियों ने दी श्रद्धांजलि दी

**भोपाल।** सुप्रसिद्ध, रंगकर्मी और विलक्षण नाट्य निर्देशक शिखर सम्मान से विभूषित स्व. प्रशांत खिरवड़कर (दादा) का रंगमंच में योगदान अविस्मरणीय है।

मध्य प्रदेश ही नहीं देश-दुनिया में बतौर नाट्य निर्देशक और रंगकर्मी दादा अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। उनके सहज अभिनय और नाट्य विधा में किए गए प्रयोग क्लासिक की श्रेणी में आते हैं और सदैव याद किए जाते हैं। अपने ऐसे ही लाड़ले कलाकार को भोपाल का कला जगत और रंगकर्मियों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मुख्यमंत्री के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीराम तिवारी, राजीव वर्मा, पापिया दासगुप्ता,उदय शहाणे, अशोक बुलानी, मुकेश शर्मा आदि ने प्रशांत खिरवड़कर के साथ अपने अनुभव और यादें साझा कीं।



सदा समर्पित रहे पीपी सरः डॉ. गुप्ता

## एमसीयू पत्रकारिता विभाग ने पीपी सिंह को दी श्रद्धांजलि



**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग के शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने शुक्रवार को पूर्व विभागाध्यक्ष स्व. पुष्पेंद्र पाल सिंह को उनकी द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि अर्पित की।

विभागाध्यक्ष डॉ. संजीव गुप्ता कहा कि पुष्पेंद्र पाल सिंह के जीवन से बहुत कुछ सीखा जा सकता है। उनका विद्यार्थियों से आत्मीय रिश्ता था। वे अच्छे शिक्षक के साथ-साथ बेहतर काउंसलर और मददगार इंसान थे। वे कभी किसी फ्रेम में नहीं बंधे, बल्कि कहते थे कि पत्रकारिता की पढ़ाई क्लास रूम से बाहर ही होनी चाहिए। वे विद्यार्थियों को अक्सर फील्ड विजिट पर ले जाते और वहीं मैदानी रिपोर्टिंग की बारीकियां सीखाते। वे कभी समय देखकर क्लास नहीं लेते थे। एक बार कक्षा शुरू हुई तो फिर 5 से 6 घंटे तक बिना रुके पढ़ाते थे और विद्यार्थी बहुत धैर्य के साथ उनकी बातें सुनते थे। आज देशभर में उनके विद्यार्थी मीडिया के बड़े पदों पर आसीन है। वैसे शिक्षक बहुत कम मिलते हैं, जिन्होंने अपना पूरा जीवन समाज को समर्पित कर दिया। कर्मचारी हो या सहयोगी सभी का उनके साथ आत्मीय नाता था। उन्होंने कहा उनकी गैरमौजूदगी का एहसास हर पल दिल में रहता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के साथ पत्रकारिता विभाग के शिक्षक व कर्मचारी मौजूद थे।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेषः महिला सशक्तिकरण की मिसाल बनीं बिछौली गांव की संगीता मालवीय**

कंपनी का टर्नओवर 5 करोड़ 80 लाख रुपए से अधिक है

# 6 हजार रुपए का लोन लेकर शुरू की औषधीय पौधों की खेती, आज फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी की डायरेक्टर हैं संगीता, महिलाओं को दिया रोजगार



जुगल किशोर पटेल ⏭सीहोर

बीते कुछ सालों में चूल्हा-चौका तक सीमित रहने वाली ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब घर की चार दीवारी से बाहर निकल कर न केवल परिवार की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने में योगदान रे रही हैं, बल्कि आत्म निर्भर और स्वावलम्बी बन रहीं हैं। अब वे घर-परिवार और अपने फैसले खुद ले रहीं हैं। समाज में अपनी एक अलग पहचान भी बना रही हैं। जिले की महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने में स्व-सहायता समूह महत्वपूर्ण रोल अदा कर रहे हैं।



### 5 करोड़ से ज्यादा टर्नओवर

सीहोर के इछावर विकासखण्ड के बिछौली गावं की संगीता मालवीय एक ऐसी सफल महिला है, जिसने स्व-सहायता समूह से जुड़कर आपने काम की शुरूआत की और आज वह एक फॉर्मर प्रोड्यूसर कंपनी की डारेक्टर है। इस फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी का का टर्नओवर 5 करोड़ 83 लाख रूपए है और उनके समूह ने बीते 10 महिनों 12 लाख रूपए की आय आर्जित की है।

### महज 25 रुपए की बचत के साथ शुरू किया था काम

संगीता मालवीय ने न केवल अपनी एक अलग पहचान बनाई है, बल्कि अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा स्त्रोत बन गई हैं। मां गौरी आजीविका स्वसहायता समूह की संगीता मालवीय बताती हैं कि मैंने 25 रुपए की बचत के साथ समूह से जुड़कर ऋण लेकर काम शुरू किया था। मेरी सक्रियता को देखते हुए मुझे ग्राम संगठन में चुना गया। मैने समूह से 06 हजार रूपये का ऋण लेकर औषधीय खेती प्रारंभ की। इससे मेरे परिवार की आर्थिक स्थिति बेहतर होने लगी। अब मेरी आमदनी 01 लाख 20 हजार सालाना हो गई है। इसके साथ ही मैं यहां की फॉर्मल प्रोड्यूसर कंपनी की डायरेक्टर भी बन गई हूं । स्व सहायता समूह के माध्यम से मेरी अपनी एक पहचान बन गई है। संगीता मालवीय अपनी इस सफलता के बारे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलकर उन्हें बता चुकी हैं।

संगीता बतातीं हैं कि उनके समूह द्वारा बनाई गई फॉर्मल प्रोड्यूसर कंपनी में 2000 से अधिक किसान जुड़े हैं। कंपनी द्वारा बीज और गेहूं सोयाबीन, मक्का, खरीदी का काम किया जाता है। कंपनी का अभी तक का टर्नओवर 5 करोड़ 83 लाख तक पहुंच गया है। इसके साथ ही स्वसहायता समूह की इस साल अभी तक 12 लाख से भी अधिक आय हुई है। शसंगीता ने बताया कि हमारे समूह से दो हजार से अधिक महिलाएं जुड़ी हैं। इनमें से 1200 दीदियां लखपति बन चुकी हैं।

# पत्नी के मायके जाने से दुखी शराबी पति ने अपने घर में ही लगाई आग, दमकल गाड़ी पर किया पथराव, पुलिस से भिड़ा

## फायर ब्रिगेड पहुंची तो आरोपी बोला, मैंने अपना नुकसान करने खुद लगाई है आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित गोपाल नगर में एक युवक ने अपने घर में ही आग लगा दी। दरअसल, उसकी पत्नी मायके चली गई थी। जिससे दुखी होकर उसने अपने ही घर में आग लगा ली।

आग भड़ककर पड़ोसी के घर तक पहुंचने लगी तो पड़ोसी ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। आग बुझाने पहुंची फायर ब्रिगेड की मदद करने की बजाय आरोपी कहने लगा कि मैंने अपने घर खुद आग लगाई है और फायर ब्रिगेड की गाड़ी पर पथराव कर दिया। पुलिस ने उक्त मामले में आरोपी के खिलाफ दो प्रकरण दर्ज किए है। एक प्रकरण पड़ोसी की शिकायत पर जबकि दूसरा प्रकरण नगर निगम के फायर ऑफिसर की शिकायत पर दर्ज किया गया। आरोपी आपराधिक प्रवृत्ति का है और उससे मोहल्ले में रहने वाले परेशान हैं।

### फायरमैन से की गाली-गलौज

पुलिस के अनुसार गोपाल नगर निवासी 76 साल की मनोरमा सक्सेना गृहणी हैं। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि उनके मकान के बगल में सचिन मालवीय रहता है। वह पेशे से ऑटो चालक है। वह शराब के नशे का आदी है। गुरुवार सुबह करीब साढ़े 11 बजे सचिन के घर में आग लग गई। आग बढ़कर खिड़कियों से बाहर निकली और उनके घर के कपड़े जल गए। उन्होंने फायर ब्रिगेड बुलाई। आग बुझाने फायर ब्रिगेड पहुंची तो सचिन मालवीय ने उसे रोक लिया और फायरमैन से गाली गलौज करते हुए कहने लगा कि आग मैंने अपने नुकसान के लिए लगाई है। उसने फायर ब्रिगेड की गाड़ी पर पत्थर मारकर कांच तोड़ दिया।

### पुलिस पर भी होने लगा हावी

इधर, आगजनी और हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस पर भी सचिन मालवीय हावी होने लगा। लिहाजा पुलिस और आसपास के लोगों ने उसे पकड़ लिया और थाने ले आए। आरोपी से पूछताछ में पता चला कि उसने पत्नी के मायके जाने से दुखी होकर अपने घर में आग लगाई थी। वह आग लगाकर पत्नी को डराना चाहता था।

## विगल ट्रेजर अपार्टमेंट के फ्लैट में लगी आग, मचा हड़कंप

**भोपाल।** अयोध्या बायपास रोड स्थित विगल ट्रेजर अपार्टमेंट के आठवें फ्लोर के एक फ्लैट में लगी आग से शुक्रवार शाम को हड़कंप मच गया। आग की सूचना अपार्टमेंट में रहने वाले हिमांशु ने फायर कंट्रोल रूम को शुक्रवार शाम करीब साढ़े छह बजे दी। सूचना मिलते ही गोविंदपुरा फायर स्टेशन से एक दमकल आग पर काबू करने के लिए रवाना हुई। हिमांशु ने बताया कि आग फ्लैट के अंदर रखे फ्रिज में लगी थी। चूंकि फ्रिज खिड़की के पास रखा था। जिसे देखकर लग रहा था कि फ्लैट में आग लग गई है। दमकल कर्मी फ्लैट में आग बुझाने पहुंचे तब इस बात का खुलासा हुआ था कि आग पूरे फ्लैट में नहीं लगी। फ्रिज के जलने की वजह से खिड़की से धुआं निकल रहा था। दमकल कर्मियों ने 10 मिनट में फ्रिज में लगी आग को पूरी तरह बुझा दिया। हालांकि इसके अलावा शाहजहांनाबाद नीलकंठ कॉलोनी स्थित अंकुर अस्पताल के पास लगी डीपी में शाम सवा चार बजे आग लग गई। आग को काबू करने के लिए फतेहगढ़ से दमकल रवाना हुई। बिजली की लाइन बंद करने के बाद डीपी की आग को बुझाया गया।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, कमरे में मिला शव

**भोपाल।** श्यामला हिल्स थाना क्षेत्र स्थित कच्चा बंगला में रहने वाले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव उसके साथ काम करने वाले दोस्त ने कमरे में पड़ा देख पुलिस को सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। पश्चिम बंगाल से परिजन के लौटने के बाद शव का पीएम कराया जाएगा। पुलिस के अनुसार 32 साल का रोहित मूलतः पश्चिम बंगाल का रहने वाला था और यहां कच्चा बंगला इलाके में किराया का कमरा लेकर रहता था। रोहित होटलों में बर्तन साफ करने का काम करता था। दो दिन से वह काम पर नहीं गया था। होटल मालिक ने उसे कॉल किया, लेकिन कॉल रिसीव भी नहीं हुआ। होटल मालिक ने कर्मचारी को उसके कमरे पर भेजा तो पता चला कि उसकी लाश कमरे में पड़ी हुई है। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस का कहना है कि लाश करीब दो दिन पुरानी होने के कारण डिकंपोज होने लगी थी।

## खबर संक्षेप



### कानून व्यवस्था को लेकर सेमीनार आयोजित

**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस के अधिकारियों के लिए कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा विषय पर एक दिवसीय सेमीनार पुलिस अकादमी में भोरीं में आयोजित किया गया। सेमीनार का उदघाटन अंशुमान सिंह पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था द्वारा किया गया। इस दौरान उन्होंने कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा पुलिस मुख्यालय भोपाल ने विभिन्न जिलों की पुलिस कप्तानी और पुलिस मुख्यालय की विशेष शाखा एवम विदेशों में प्रतिनियुक्ति के दीर्घकालिक अनुभव के आधार पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए प्रतिभगियों को जानकारी दी गई। इस एक दिवसीय सेमिनार में 31 मैदानी पुलिस अधिकारी उपस्थिति रहे।

### ओपन मेगा कैंपस ड्राइव का आयोजन आज

**संतनगर।** संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज में 8 मार्च शनिवार को ओपन मेगा कैंपस ड्राइव के आयोजन के लिए पूरी तरह तैयार है। यह ऐतिहासिक आयोजन अंतिम वर्ष के स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों को शानदार कॅरियर अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से किया जा रहा है। 35 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों की भागीदारी के साथ, पूरे कैंपस में उत्साह और जागरुकता का माहौल बना हुआ है। महिला दिवस पर, संत हिरदाराम गर्ल्स कॉलेज न केवल सशक्तिकरण की भावना का जश्न मना रहा है।

### जहरीला पदार्थ खाने से युवक की मौत

**भोपाल।** छोला मंदिर इलाके में रहने वाले एक युवक ने जहरीला पदार्थ खा लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन उसे इलाज के लिए अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने चेक करने के बाद मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। जानकारी के अनुसार इंदरसिंह कहार (20) शंकर नगर छोला मंदिर में रहता था और माली का काम करता था। मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### प्रथम वनरक्षक को वन विहार में दी श्रद्धांजलि

**भोपाल।** वन विहार राष्ट्रीय उद्यान भोपाल के प्रथम वनरक्षक राम मनोहर वर्मा, उर्फ रामू की 7 मार्च को 42 वीं पुण्यतिथि थी। इस अवसर पर वन विहार के अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा स्व. राममनोहर वर्मा को श्रद्धांजली दी गई। इस अवसर पर वन विहार के निदेशक अवधेश मीना, संचालक कार्यालय के समस्त स्टाफ मौजूद थे। उल्लेखनीय है कि राम मनोहर वर्मा, वनरक्षक अपनी सेवाएं वन विहार में देते हुए वन्यजीव नीलगाय के हमले में दिवंगत हो गए थे।

### शुभांक

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 3816 | | |
| दिनः | 129 | 20 | 460 |
| रातः | 456 | 57 | 890 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 479 | 00 | 479 |
| रातः | 224 | 81 | 236 |

## अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सेमरा कलारी के पास हुई वारदात

# सड़क पर खड़े निगरानी बदमाश ने युवक पर किया बका से हमला, गंभीर रूप से घायल

◆ बाएं हाथ पर दो जगह लगा बका, अस्पताल में उपचार के बाद आशीष को छुट्टी दे दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र स्थित सेमरा कलारी के पास खड़े निगरानी बदमाश ने अपने साथी के साथ मिलकर बाइक सवार युवक से मारपीट करते हुए उस पर बका से हमला कर दिया। बका बाइक सवार युवक के हाथ में दो जगह लगने से उसे गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपी और उसके साथी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपी आदतन हैं।

पुलिस के अनुसार विदिशा निवासी 19 साल का आशीष लोधी, सेमरा में रिश्तेदार विक्रम लोधी के मकान में किराए से रहता है और किराए का ऑटो लेकर चलाता है। उसने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि सेमरा कलारी के पास एक दुकान से वह टिफिन लेता है। गुरुवार रात करीब 9 बजे वह अपने साथी सागर और रोहित लोधी के साथ बाइक से टिफिन लेने पहुंचा। कलारी के पास बीच सड़क पर खड़े होकर दो बदमाश गाली-गलौज कर रहे थे। उन्हें किसी बाइक वाले ने कट मारकर गया था। आशीष को सड़क पर जगह नहीं दिखी और उसने हॉर्न बजाया। इस पर आरोपी भड़क गए। आशीष ने उन्हें हटने का कहा तो मारपीट करने लगे। मारपीट होती देख आशीष के दोनों दोस्त भाग निकले, जिससे आरोपियों का साहस और बढ़ गया और उन्होंने आशीष के साथ जमकर मारपीट करते हुए हाथ पर बके से हमला कर दिया। बका लगने से आशीष डर के कारण नीचे गिर गया था। यह देख आरोपी वहां से फरार हो गए। सागर और रोहित आशीष को लेकर अस्पताल पहुंचे, वहां इलाज के बाद आशीष को छुट्टी दे दी गई।

### बीच सड़क पर खड़े होकर कर रहे थे गाली-गलौज, हटने के लिए कहा तो की मारपीट

» एक निगरानी तो दूसरा गुंडा लिस्ट में है शामिल



पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर पूछताछ की तो पता चला कि मारपीट और हमला राजकुमार यादव और उसके साथी राहुल शाक्य ने किया है। राजकुमार थाने की गुंडा लिस्ट में शामिल है और उस पर करीब पंद्रह अपराध दर्ज है। इसी प्रकार राहुल शाक्य निगरानी बदमाश है। उसके खिलाफ भी करीब 10 अपराध पंजीबद्ध है।

## ट्रेन से उतरकर दूसरी ट्रैक पर पहुंचे छात्र की ट्रेन से कटकर मौत



भोपाल। सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र स्थित चौपड़ा कलां गांव में गुरुवार शाम ट्रेन की चपेट में आने से 11वीं के छात्र की मौत हो गई। दरअसल, आउटर पर ट्रेन रुकी थी और छात्र नीचे उतरकर दूसरी रेलवे ट्रैक पर पहुंच गया। इसी बीच दूसरी ट्रैक पर आई ट्रेन उसे चपेट में ले लिया। इस घटना में छात्र की मौके पर ही मौत हो गई थी। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। एसआई गयाराम शाक्य ने बताया कि यश रघुवंशी पिता सुनील रघुवंशी (16) पीएनटी कॉलोनी, नेहरू नगर में रहता था। यश विदिशा में रहने वाली अपनी मौसी के घर गया था। शाम करीब पौने पांच बजे उसके पिता ने उसे कॉल किया। कॉल पर यश ने कहा कि वह भोपाल पहुंचने वाला है। यह सुनते ही पिता उसे लेने भोपाल रेलवे स्टेशन पहुंच गए। यश के साथ उसके मामा नीरज रघुवंशी भी थे, लेकिन ट्रेन में भीड़ भाड़ होने के कारण वह दूसरे कोच में बैठे थे।

### ट्रेन पहुंची पर नहीं पहुंचा यश

ट्रेन भोपाल स्टेशन पर पहुंची तो यश के मामा नीरज मिल गए, लेकिन यश का पता नहीं था। नीरज से पूछा गया तो उसने बताया कि वह दूसरे कोच में बैठा था। पिता ने यश को कॉल किया, लेकिन उसका कॉल नहीं लग रहा था। वे जीआरपी थाने पहुंचे और यश के गुम होने की बात बताई। जीआरपी ने रेलवे स्टेशन पर लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए तो पता चला कि वह ट्रेन से भोपाल पहुंचा ही नहीं था। इस बीच आरपीएफ को सूचना मिली कि सूखीसेवनिया में चौपड़ा में थू ट्रेन की चपेट में आने से किसी बच्चे की मौत हो गई। आरपीएफ की सूचना पर पहुंचे परिजन ने यश की शिनाख्त कर ली। यश इकलौता बेटा था।

## अश्लील वीडियो देखने का झांसा देकर की थी ठगी

# आत्महत्या के लिए उकसाने वाले दो आरोपी हरियाणा के पलवल से अरेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

छिंदवाड़ा की देहात पुलिस ने साइबर ठगी और आत्महत्या के लिए उकसाने वाले 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने एक बुजुर्ग को अश्लील गतिविधियों में शामिल होने का झूठा आरोप लगाकर ब्लैकमेल किया था।

इस बात से डरकर बुजुर्ग ने अपने बैंक खातों में जमा 95,500 रुपए आरोपियों को दिए थे। आरोपियों ने बुजुर्ग को लगातार ब्लैकमेल करना जारी रखा, जिससे परेशान होकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने हरियाणा के पलवल निवासी मोहम्मद युसूफ पिता कासम खान और मन्नान हाकम को अरेस्ट किया है। पिछले साल 19 नवंबर को छिंदवाड़ा के रहने वाले 75 साल के वामनराव माहोरे ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली थी। छिंदवाड़ा जिले की देहात थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की। जांच में पाया कि वामनराव के मोबाइल पर आत्महत्या से पहले लगातार 9109179453 और 7576909168 नंबर से कॉल आए थे। जब साइबर सेल जांच की तो सीडीआर में पाया कि इन नंबरों से वामनराव को अश्लील गतिविधियों में शामिल होने का झूठा आरोप लगाकर पैसे मांगे गए थे।

# सुरक्षित शहर और सार्वजनिक स्थल पर पहली रीजनल कॉन्फ्रेंस आज

## उप निरीक्षक से लेकर आईजी तक होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला सुरक्षा शाखा एवं यूएन विमन द्वारा संयुक्त रूप से शनिवार को सुरक्षित शहर एवं सार्वजनिक स्थल पर प्रथम क्षेत्रीय सम्मेलन का आयोजन आरसीवीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी, भोपाल में किया जाना है।

उक्त सम्मेलन में प्रदेश के इंदौर, भोपाल, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम, ग्वालियर एवं सागर जोन के पुलिस महानिरीक्षक, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक, समस्त जोन से निरीक्षक-उप निरीक्षक, जनसाहस, संगिनी, उदय, आरंभ, चैतन्य, आवाज, आईजेएम एवं आस स्वयंसेवी संस्थान के कार्यकर्ता, पर्यटन विभाग, ग्रामीण आजीविका मिशन, शहरी आजीविका मिशन एवं मुख्यमंत्री कार्यालय के प्रतिभागी भाग लेंगे। सम्मेलन में सोनाली मिश्रा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, शिव शेखर शुक्ला प्रमुख सचिव पर्यटन, यूएन विमन से कांता सिंह आदि चर्चा करेंगे।

## होली, ईद, रंग पंचमी व अन्य त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित

# एसडीएम ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों को व्यवस्थाएं सुनिशिचत करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप



औद्योगिक नगर में प्रशासन द्वारा अगामी त्यौहारों हर्षोल्लास और सद्भावना के साथ मनाए जाने के उद्देश्य से एसडीएम चन्द्रशेखर श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एसोसिएशन ऑफ ऑल इंडस्ट्रीज के कार्यालय में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में होलिका दहन, धुलेडी और रंगपंचमी, ईद, गुडी पड़वा, चेती चांद, रामनवमी, महावीर जयंती त्योहारों पर चर्चा की गई।

बैठक में एसडीएम चन्द्रषेखर श्रीवास्तव ने होलिका दहन के दूसरे दिन धुलेंडी तथा रंग पंचमी पर निकलने वाले जुलुसों के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका, विद्युत कंपनी सहित अन्य विभागों को सभी जरूरी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। साथ ही होलिका दहन के स्थान पर विद्युत तथा केबल के तारों को पर्याप्त ऊंचाई पर व्यवस्थित करने के लिए निर्देश विद्युत अधिकारी को दिए गए। उन्होंने कहा कि पर्वों के दौरान बच्चे बिना बताए नदी, तालाबों में नहाने के लिए चले जाते हैं तथा कई बार दुर्घटना के शिकार हो जाते हैं। माता-पिता, परिवार के बड़े सदस्य बच्चों को नदी, तालाबों के पास न जाने दें। ग्राम पोलहा में आयोजित होने वाले मेले के संबंध में चर्चा के दौरान दौरान बेरीकेड्स, रौशनी सहित अन्य व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी से शांति, सौहार्द्र और सद्भाव के साथ समस्त त्यौहार और पर्व मनाने की अपील की है।

## पटवारी 10 हजार की रिश्वत लेते किया ट्रेप

**भोपाल।** इंदौर में लोकायुक्त ने 10 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पटवारी को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। पटवारी ने जमीन सीमांकन के एवज में पैसों की मांग की थी। दरअसल, आवेदक और उसके दादा की ग्राम रुणावदा में कृषि भूमि है। उन्होंने इस जमीन का सीमांकन करने के लिए देपालपुर पटवारी अक्षत जैन के पास आवेदन दिया था। इसके एवज में उसने 40 हजार रुपए की मांग की थी, जिसके बाद 25 हजार देना तय हुआ। आरोपी पटवारी ने आवेदक पक्ष पर दबाव बनाकर पहली किश्त के तौर पर 15 हजार रुपए ले लिए। इसके बाद 6 मार्च को उन्होंने इंदौर लोकायुक्त पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय से पटवारी की शिकायत कर दी। लोकायुक्त ने शिकायत सही पाए जाने पर जाल बिछा कर पकड़ा।

# 'द सिंध स्टोरी' फिल्म लव जिहाद पर युवतियों के साथ भी अत्याचार का जीता जागता दस्तावेज

## फिल्म निर्माता आनंद मनवानी, निर्देशक तारिक भट ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



'द सिन्ध स्टोरी' लव जिहाद पर आधारित फिल्म का कथानक पाकिस्तान में सिंधी युवतियों के साथ अत्याचार और जबरदस्ती धर्मांतरण का जीता जागता दस्तावेज होगा। इसके लेखक व निर्माता आनंद मनवानी हैं। फिल्म का निर्देशन तारिक भट ने किया है। यह बड़े पर्दे की फिल्म इंदौर में प्रदर्शित हो चुकी है, जबकि भोपाल में 16 मार्च से प्रदर्शित की जाएगी।

फिल्म निर्माता आनंद मनवानी, निर्देशक तारिक भट व आनंद सबधानी व नरेश ज्ञानचंदानी ने शुक्रवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि फिल्म हिन्दी व सिंधी भाषा में बनाई गई है। इसके मुख्य कलाकार नील तलरेजा, सिमरन आहूजा, नैना लालवानी, चंदा वीरानी और प्रीत खत्री हैं। इस फिल्म का निर्माण सिंधी समाज को जागरूक और एकजुट करने के लिए किया गया है, ताकि पाकिस्तान में सिंधी बेटियों के साथ हो रहे अत्याचारों के खिलाफ विश्व पटल पर आवाज बुलंद कर सकें। नारी जागरण और सशक्तिकरण वाली ये फिल्म विश्व महिला दिवस पर प्रदर्शित की जा रही है। इसके गीत व संगीत नील तलरेजा ने तैयार किए है। फिल्म में आज की युवा पीढ़ी को सोशल मीडिया पर हर गतिविधि को पोस्ट करने के खतरों से भी आगाह किया गया है। फिल्म की शूटिंग मुंबई व पीओके में की गई है। इस फिल्म की आय से सिंधी फिल्मों, रंगमंच और संगीत से जुड़े व्यक्तियों के बच्चों की स्कूल फीस भरने में मदद की जाएगी।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर क्षेत्र की प्रमुख महिलाओं से की बातचीत

# मप्र जन अभियान परिषद से जुड़कर बेहतर नेतृत्व कौशल एवं उद्यमिता की ओर बढ़ रही हैं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

हरिभूमि चर्चा

विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के प्रति सम्मान, प्रशंसा और प्रेम प्रकट करते हुए, महिलाओं के आर्थिक, राजनीतिक और सामाजिक उपलब्धियों एवं कठिनाइयों की सापेक्षता के उपलक्ष्य में शनिवार को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस उत्सव के तौर पर मनाया जा रहा है।

इसी कड़ी में विकासखंड औबेदुल्लागंज में भी मप्र सरकार की एनजीओ नोडल एजेंसी मप्र जन अभियान परिषद से जुड़कर महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर नेतृत्व कौशल कर रही है। मप्र जन अभियान परिषद के सामुदायिक नेतृत्व कौशल विकास पाठयक्रम से महिलाओं में अपने कार्य क्षेत्र में कार्य प्रतिभा का निखार हुआ है। परिषद की समन्वयक निशा बहेकार बतातीं है, हम महिलाओं को जो कि अलग-अलग क्षेत्र में कार्य कर रहीं हैं उन्हें चिन्हित कर प्रमाणिकता के साथ कुशल लीडर बनाने का प्रयास कर रहे हैं। हम सरकारी एवं गैरसरकारी विभागों के कार्यकार्ताओं जो की विकास सेक्टर से जुड़े हैं, उन्हें चिन्हित कर प्रशिक्षित कर रहे हैं, जिससे की वे अपने कार्यक्षेत्र में प्रभावी तरीके से सामुदायिक विकास के क्षेत्र में आगे बढ़े।

### ये महिलाएं कर रहीं प्रभावी नेतृत्व



#### नगर को अतिक्रमण मुक्त एवं मॉडल बनाना चाहती हैं

नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने की दिशा में सामुदायिक प्रयास कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्र के गैर सरकारी संगठनों की महिलाओं के साथ मिलकर नगर को अतिक्रमण मुक्त एवं मॉडल बनाना चाहती हैं। वहीं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास भी जारी हैं।

**लक्ष्मी सोनू चौकसे**, नगर परिषद अध्यक्ष, औबेदुल्लागंज

#### बच्चों में कुपोषण मिटाने के प्रयास में जुटीं



कला एवं कौशल से बच्चों में कुपोषण मिटाने को लेकर प्रयास जारी हैं। अपने सेवाकाल के बाद समाजसेवा भी की है। पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट को भी नेतृत्व कौशल की शिक्षा प्रदान कर रही हैं।

**सुनीता** मालवीय

#### महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बनी



अपने संघर्ष से महिलाओं के लिए प्रेरणादायक बनी हुई हैं। धार्मिक-आयोजनों के साथ-साथ महिलाओं को उद्यमिता से जोड़ने का प्रयास कर रही हैं। कम शिक्षित होने का बाद भी इनका नेतृत्व कौशल उन महिलाओं के लिए प्रभावकारी हैं, जो समाज में नेतृत्व करने से डरती हैं।

**आरती यादव,** अध्यक्ष, भोजपुर गरीब कल्याण संगठन

# विधायक पटवा ने महिला दिवस की मातृशक्ति को दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

विधायक सुरेंद्र पटवा ने धाकड़ नागर समाज की मातृशक्ति और प्रदेश महिला धाकड़ समाज अध्यक्ष पूर्व पार्षद प्रीति नागर के साथ ग्राम इकलामा में अंतरराष्ट्रीय महिता दिवस की महिलाओं को बधाई दी।

पटवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मातृशक्ति, छात्र-छात्राओं और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की योजना चलाई है। पटवा ने महिला दिवस पर सभी महिलाओं को शुभकामना देते हुए कहा कि देश की महिलाओं के सम्मान से देश और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2047 तक देश के साथ महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बढ़ रहे हैं।

## हरिभूमि समाचार पत्र और आईएनएच न्यूज चैनल द्वारा महिला सम्मान समारोह एवं टॉक शो का आयोजन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

# सभी महिलाओं ने कहा कि सब अपने-अपने बेटों को सिखाएं कि 'बेटियों' से वे कैसा व्यवहार करें?

'नो एब्यूज डे' की शपथ के साथ सेलिब्रेट किया गया महिला दिवस

**भोपाल।** एलएनसीटी कैंपस का सभागार। दोपहर के 3 बजे। शुक्रवार एक खास दिन। महिला दिवस के पूर्व हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल ने महिला सम्मान समारोह व टॉक शो आयोजित किया था। सभागार समाज के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतरीन काम करने वाली महिलाओं से खचाखच था। कार्यक्रम के पहले चरण में सामूहिक चर्चा में सभी महिलाओं ने एक ही आवाज उठाई कि हम सभी अपने बेटों को यह सिखाएं कि बेटियों से वे कैसा व्यवहार करें। हम सब समाज में बदलाव की शुरुआत अपने घर से ही शुरू करें। इन सभी महिलाओं से चर्चा कर रहा था हरिभूमि व आईएनएच न्यूज चैनल का खास पैनल। इसमें शामिल थे- अनुराग मालवीय, मधुरिमा राजपाल, स्वाति शर्मा, अंजलि सिंह व अंकुश मौर्या। इस मौके पर संपादक प्रमोद भारद्वाज व महाप्रबंधक नीरज पांडेय भी मौजूद थे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि के रूप में महापौर भोपाल मालती राय मौजूद थीं और उन्होंने महिलाओं को सशक्तिकरण का संदेश दिया।

सबने कहा- हम सब समाज में बदलाव की शुरुआत अपने घर से ही शुरू करें

सागर की डॉ. वंदना गुप्ता की मुहिम को सभी महिलाओं से किया गया साझा



'हरिभूमि' ने किया अपने स्टाफ की मातृशक्ति का भी सम्मान...

### सभागार में 'नो एब्यूज डे' की ली शपथ



सार्वजनिक स्थलों (बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, कार्यालय, स्कूल-कॉलेज) पर नो एब्यूज के साइन बोर्ड अनिवार्य किए जाएं, जिनमें मां-बहन-बेटी की गालियों पर कानूनी दंड और जुर्माने का स्पष्ट उल्लेख हो। 'नो एब्यूज डे' (17 सितंबर) को राष्ट्रीय मान्यता दी जाए, ताकि इस विषय पर समाज में व्यापक जनजागृति हो, इसके लिए संकल्प लिया जाए। जब सभागार में मौजद सभी महिलाओं और पुरुषों ने 'नो एब्यूज डे' को राष्ट्रीय मान्यता देने के साथ ही इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करने की शपथ ली तो संपूर्ण सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। यह मुहिम वास्तव में सागर की डॉ. वंदना गुप्ता चला रही हैं। उनका भी सारे सभागार ने आभार माना।



### महिलाओं को हौसले से आगे बढ़ते रहना चाहिए





इस अवसर पर महापौर मालती राय ने कहा कि महिला कहीं से भी कमतर नहीं हैं, उसे अपने भीतर की शक्ति को पहचानकर आगे बढ़ने का संकल्प लेना चाहिए और बुलंद हौसले से आगे बढ़ते रहना चाहिए, एक न एक दिन जीत आपकी ही होगा।









## इनका हुआ सम्मान

- डॉ. बबीता शर्मा, प्रोफेसर खुशीलाल शर्मा, शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय
- नीता पासपोल, समाज सेविका, कैंसर रिसर्च एवं एसोसिएशन की सदस्य
- अंशु गुप्ता, एनएच 12 क्रिएटिव वूमन हेड
- अनु श्रीवास्तव, एचओडी, पत्रकारिता, एलएनसीटी
- आरती सिन्हा, सिंगिंग बाउल थैरेपिस्ट
- डॉ. पूजा त्रिपाठी, डेंटिस्ट
- डॉ. संगीता शर्मा, शासकीय अधिकारी
- रत्ना शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता
- डॉ. गीता रानी, पोस्टमार्टम करने वाली पहली महिला
- जाग्रति अग्रवाल, मिसेस इंटरनेशनल
- सीमा कुशवाह, विदेशी में शिक्षा के लिए कार्यरत
- नम्रता माहेश्वरी, एड गुरु
- कृष्णा कटेवा, कृष्णा कैंसर केयर हॉस्पिटल की डायरेक्टर
- संघमित्रा तायवाड़े, नृत्यांगना, जवाहर भवन
- शिवांगी पंवार, रंगमंच कलाकार
- सुमन पुरोहित, सामाजिक कार्यकर्ता
- स्वाति पाठक, एसडीआरएफ में कार्यरत
- उमा विश्वकर्मा, विश्वकर्मा महापंचायत संगठन महिला मोर्चा प्रदेश की अध्यक्ष











### अलग-अलग विषयों पर टॉक शो का आयोजन

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण केंद्र पैनल डिस्कशन के रूप में टॉक शो का आयोजन था, जिसमें आमंत्रित सभी महिलाओं ने भाग लिया और अपने विचार स्पष्ट किए। इस अवसर पर किसी ने मेंटल हेल्थ पर तो किसी ने महिला सशक्तिकरण पर और किसी ने महिला स्वास्थ्य पर अपने विचार स्पष्ट किए।





युवा भाजपा नेता महेंद्र दवे ने भी शिरकत की।

### अपने-अपने क्षेत्र की चुनौतियों के बारे में भी की गई चर्चा



इस अवसर पर जहां पोस्टमार्टम करने वाली प्रदेश की पहली महिला डॉ. गीता रानी उपस्थित थीं, जिन्होंने अपने क्षेत्र की चुनौतियों के बारे बताया तो वहीं खुशीलाल शर्मा शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय की प्रोफेसर डॉ. बबीता शर्मा, एनएच 12 क्रिएटिव वुमन हेड अंशु गुप्ता के साथ डेनशिया हेड डॉ. पूजा त्रिपाठी भी मौजूद थीं। साथ ही सोशल वर्कर नीता पासपोल और सेंट्रल इंडिया की पहली सिंगिंग बाउल थैरेपिस्ट आरती सिन्हा ने महिला दिवस पर अपने विचार प्रस्तुत किए।





बरसाना में सीएम योगी ने खेली फूलों की होली

# अयोध्या और काशी के बाद अब मथुरा की बारी...

## मुख्यमंत्री ने रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया, राम-कृष्ण दोनों की भूमि उत्तर प्रदेश में

### श्रीराधारानी के श्रीचरणों में विकास का निवेदन किया

एजेंसी ⏭ बरसाना

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा के बरसाना में 'रंगोत्सव 2025' का शुभारंभ किया। योगी ने कहा कि ब्रज की रज में कन्हैया के दर्शन हर कोई करता है। मेरा सौभाग्य है कि मुझे बार-बार यहां आने का मौका मिलता है। महाकुंभ ने सारे रिकॉर्ड तोड़ डाले। सनातन की एकता का अकल्प समागम दुनिया ने देखा। राम की जन्मभूमि भी इसी उत्तर प्रदेश में है और कृष्ण कन्हैया की पावन जन्मभूमि भी उत्तर प्रदेश में है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में विरासत और विकास की परंपरा शुरू हुई, जो महाकुंभ में दिखी। उन्होंने कहा कि काशी और अयोध्या के कायाकल्प के बाद अब मथुरा और ब्रज भूमि के विकास का समय आ गया है। योगी ने श्री लाडली जी महाराज मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फूलों व लड्डूमार होली के जरिए रंगोत्सव की शुरुआत की।

**लोगों को दिया बड़ा आश्वासन**

**होली एकता और सद्भाव का त्योहार**

योगी ने होली को एकता का सूत्र बताते हुए कहा कि होली आपसी सद्भाव और दूरियों को मिटाने का त्योहार है। बरसाना की विश्व प्रसिद्ध लड्डमार होली का जिक्र करते हुए सनातन धर्म की अद्भुत परंपराओं की सराहना की।



योगी ने कहा कि इस बार के बजट में ब्रज भूमि के विकास के लिए विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि करोड़ों की योजनाओं के साथ बरसाना को विकास से जोड़ा जा रहा है। पहली बार बरसाना में रोपवे की सुविधा शुरू हुई है। सीएम ने आश्वस्त किया कि मथुरा, बरसाना, ब्रजभूमि के विकास के लिए कोई सीमा नहीं है।

**सनातन के विरोधियों को महाकुंभ से जवाब मिल गया :** मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश का सौभाग्य है कि यहां काशी, अयोध्या और मथुरा, ये तीनों तीर्थ स्थल सनातन एकता के प्रतीक के रूप में मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि जो जितना सनातन धर्म के खिलाफ बोलता था, अफवाह फैलाता था और तर्कहीन बातें करता था, उन्हें सनातन धर्मावलंबियों ने महाकुंभ के जरिए करारा जवाब दिया है। महाकुंभ सनातन धर्म का दुर्लभतम क्षण बन गया है।

**बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक**

योगी ने संतों का सम्मान किया और देश-दुनिया से आए लोगों को होली व रंगोत्सव की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि बरसाना ब्रह्मा, नंदगांव शिव और गोवर्धन विष्णु जी का प्रतीक है। यह ब्रज भूमि हर सनातन धर्मावलंबी के लिए आशीर्वाद का केंद्र हैडबल इंजन की सरकार सुरक्षा, विकास और समृद्धि की गारंटी है। होली के इस पावन अवसर पर ब्रज भूमि के विकास को नई गति मिलेगी। सीएम ने श्री लाडली जी महाराज के मंदिर में दर्शन पूजन कर पूरे प्रदेश के कल्याण की कामना की।



---

## खबर संक्षेप

### स्टालिन ने दक्षिण भारत के 7 मुख्यमंत्रियों को पत्र लिख मांगा समर्थन



**चेन्नई।** तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन ने दक्षिण भारत के राज्यों समेत विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखा है। स्टालिन ने केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक समेत कई राज्यों के मुख्यमंत्रियों को पत्र लिखकर राष्ट्रीय शिक्षा नीति और परिसीमन के मुद्दे पर समर्थन मांगा है। इसमें ममता बेनर्जी और भाजपा सीएम मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी शामिल हैं। इसके पहले भी वे कई कार्यक्रमों में हिंदी के प्रति अपनी असमर्थता जता चुके हैं।

### इलाहाबादिया और अपूर्वा ने महिला आयोग से लिखित माफी मांगी



**नई दिल्ली।** समय रैना के शो 'इंडियाज गॉट लैटेंट' में की गई अश्लील टिप्पणी, मजाक को लेकर रणवीर इलाहाबादिया और अपूर्वा मुखीजा लंबे समय से पुलिस शिकायतों और सोशल मीडिया पर मिल रही आलोचना का सामना कर रहे हैं। महिला आयोग ने उनके बयान दर्ज किए। अब खबर है कि रणवीर और अपूर्वा ने अपने किए की माफी महिला आयोग के सामने मांग ली है। इन पर भद्दी टिप्पणी करने के कई मामले दर्ज किए गए हैं।

### नारायणपुर माइंस में आईईडी ब्लास्ट से एक मजदूर की मौत



**जगदलपुर।** नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र स्थित आमदई में संचालित निको जायसवाल लौह अयस्क खदान के जीरो पाइंट में शुक्रवार सुबह नक्सलियों द्वारा प्लांट प्रेशर आईईडी की चपेट में 2 मजदूर घायल हो गए। ब्लास्ट इतना जबरदस्त था कि एक मजदूर के पैर के चीथड़े उड़ गए। दोनों घायलों को गंभीर स्थिति में अस्पताल लाया जा रहा था तभी एक मजदूर की मौत हो गई वहीं दूसरे मजदूर को जिला रेफर किया गया था।

---

## दादरा नगर हवेली में पीएम ने किया नमो अस्पताल का लोकार्पण

यहां के लोगों ने मुझ पर पूरा भरोसा जताया

# यहां तेजी से नए अवसरों का विकास हुआ, यह हमारा गौरव और विरासत

**यहां हिंदी, मराठी, अंग्रेजी और गुजराती सहित चार भाषाएं पढ़ाई का माध्यम**

एजेंसी ⏭ सिलवासा

पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दादरा एवं नगर हवेली के सिलवासा में 2,587 करोड़ की विभिन्न विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। उन्होंने नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने कहा कि सिलवासा और केंद्र शासित प्रदेश को आधुनिक पहचान मिल रही है। यह ऐसा शहर है जहां हर जगह के लोग रहते हैं। यहां का महानगरीय मिजाज दिखाता है कि कैसे यहां बहुत तेजी से नए अवसरों का विकास हुआ है। दादरा और नगर हवेली, दमन और दीव हमारे लिए सिर्फ केंद्र शासित प्रदेश नहीं हैं, बल्कि हमारा गौरव और विरासत हैं।

ये एक शिक्षा केंद्र के रूप में उभरे हैं। पहले मुझे यह देखकर खुशी होती थी कि यहां हिंदी, मराठी, अंग्रेजी और गुजराती सहित चार भाषाएं पढ़ाई का माध्यम हैं। अब मुझे इस बात पर गर्व है कि प्राथमिक और जूनियर स्कूलों में भी बच्चों को स्मार्ट कक्षाओं में शिक्षा मिल रही है। मुझे यहां के लोगों के सामर्थ्य पर भरोसा था, आप पर भरोसा था।

**सिलवासा में 2,587 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया**

### यह एक आदर्श प्रदेश बनेगा



उन्होंने कहा कि 2014 में केंद्र में सरकार बनने के बाद हमारी सरकार ने इस भरोसे को शक्ति में परिवर्तित कर दिया, उसे आगे बढ़ाया। आज हमारा सिलवासा और यह प्रदेश एक आधुनिक पहचान के साथ उभर रहा है। आज यहां 2.5 हजार करोड़ से ज्यादा की अनेक परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्चर, कनेक्टिविटी, हेल्थकेयर, शिक्षा और टूरिज्म, यानी हर क्षेत्र से जुड़े प्रोजेक्ट इस क्षेत्र के विकास को और गति देंगे। यहां नए अवसर पैदा होंगे। यह आदर्श प्रदेश बनेगा।

**460 करोड़ से 450 बिस्तरों वाला अस्पताल तैयार होगा**

पीएम मोदी ने सिलवासा में नमो अस्पताल के पहले चरण का उद्घाटन किया। 460 करोड़ से अधिक की लागत से निर्मित 450 बिस्तरों वाला यह अस्पताल दादरा नगर हवेली में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करेगा। साथ ही क्षेत्र के लोगों खासकर जनजातीय समुदायों को अत्याधुनिक चिकित्सा देखभाल प्रदान करेगा।

**सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी को मिल रहा**

पीएम मोदी ने कहा कि वन नेशन, वन राशन कार्ड योजना से हर व्यक्ति को भोजन की गारंटी मिली है। जल जीवन मिशन से स्वच्छ जल सुनिश्चित हुआ है, जबकि भारतनेट ने डिजिटल कनेक्टिविटी को बेहतर बनाया है। पीएम जन धन योजना ने हर घर को बैंकिंग सेवाओं से जोड़ा है। इन योजनाओं की सफलता से लोगों में विश्वास पैदा हुआ है और इन सरकारी पहलों से आए सकारात्मक बदलावों ने प्रभावी परिणाम दिखाए हैं। जीवन के हर आयाम में, हर जरूरत के लिए सरकार की योजना का लाभ हर लाभार्थी को मिल रहा है।

**'हमने दाम कम, दवाई में दम' का मंत्र दिया**

उन्होंने कहा कि बीते वर्षों में इस क्षेत्र में आधुनिक स्वास्थ्य सेवाओं का काफी विस्तार हुआ है। पीएम मोदी ने कहा कि आज जन औषधि दिवस भी है। जन औषधि यानी-सस्ते इलाज की गारंटी। जन औषधि का मंत्र है - दाम कम, दवाई में दम। हमारी सरकार अच्छे अस्पताल भी बनवा रही है, आयुष्मान योजना के तहत मुफ्त इलाज की सुविधा भी दे रही है और जन औषधि केंद्रों के जरिए सस्ती दवाएं भी दे रही है। आने वाले वर्षों में हम देशभर में 25,000 जन औषधि केंद्र खोलने का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं।

**माईगवइंडिया पोर्टल के पोस्ट को साझा किया**

प्रधानमंत्री मोदी ने माईगवइंडिया पोर्टल के पोस्ट को साझा करते हुए एक्स पर कहा कि जन औषधि दिवस लोगों को उच्च गुणवत्ता वाली और सस्ती दवाइयां उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

**प्रशासक पटेल ने किया पीएम का अभिनंदन**

केंद्र शासित प्रदेश के प्रशासक प्रफुल्ल के. पटेल ने पीएम मोदी का अभिनंदन किया। इस अवसर पर राज्य के कई बड़े अधिकारी और कर्मचारी, साथ ही पार्टा पदाधिकारी आदि मौजूद थे।

**सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ**

**यह संतुष्टिकरण की भावना को बढ़ाएगा**

**सूरत।** पीएम मोदी ने शुक्रवार को सूरत में खाद्य सुरक्षा संतृप्ति अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि यह संतृप्ति अभियान तुष्टिकरण की भावना को छोड़कर संतुष्टिकरण की भावना को आगे बढ़ाएगा। सूरत देश का एक अग्रणी शहर है। यह दूसरे जिलों और राज्यों के लिए भी प्रेरणा बनेगा। उन्होंने कहा कि यह अभियान सुनिश्चित करता है कि न कोई भेदभाव, न कोई छूटे, न कोई रूठे और न कोई किसी को ठगे। इससे संतुष्टि मिलेगी।

---

## ओडिशा विधानसभा में भारी हंगामा

# विधायक पोडियम पर चढ़े नारेबाजी व हंगामा किया

बीजद-कांग्रेसियों ने माइक तोड़ने का भी किया प्रयास



एजेंसी ⏭ भुवनेश्वर

ओडिशा में बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस विधायकों ने राज्य विधानसभा में जमकर हंगामा किया। विधायक विधानसभा अध्यक्ष के आसन के बेहद करीब आ गए। उन्होंने जमकर नारेबाजी की। विधायकों के हाथ में तख्तियां भी दीं। बीजद विधायकों ने पंचायती राज दिवस की तिथि 5 मार्च से बदलकर 24 अप्रैल करने के फैसले का विरोध किया है। कांग्रेस विधायकों ने राज्य में महिला अत्याचारों में कथित वृद्धि के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिराज पानीग्रही और ताराप्रसाद बहिनीपति ने स्पीकर के पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की और वहां माइक्रोफोन तोड़ने की कोशिश की।

**यह वजह आई सामने**

विपक्षी बीजद और कांग्रेस विधायकों ने भाजपा सरकार की ओर से ओडिशा के दिग्गज नेता बीजू पटनायक के प्रति कथित अनादर को लेकर हंगामा किया। स्पीकर को दोपहर तक कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। प्रश्नकाल शुरू होते ही विपक्षी सदस्यों ने मोहन चरण माझी सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और पंचायती राज दिवस न मनाने के फैसले की निंदा की।बीजद सदस्यों ने दावा किया कि 1993 से ही पंचायती दिवस बीजू पटनायक जयंती पर मनाया जाता रहा है। राज्य सरकार ने ओडिशा के बाहर की तरह 24 अप्रैल को पंचायती राज दिवस मनाने का फैसला किया है। सरकार ने एक आदेश के जरिए 5 मार्च की छुट्टी भी रद्द कर दी है।

**फैसले को वापस लेने की मांग**

सरकार के फैसले को वापस लेने की मांग करते हुए विपक्षी सदस्यों ने भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी की और सदन में तख्तियां लेकर प्रदर्शन किया। बीजद विधायक अधिराज पानीग्रही और वरिष्ठ कांग्रेस विधायक ताराप्रसाद बहिनीपति ने स्पीकर के पोडियम पर चढ़ने की कोशिश की और वहां माइक्रोफोन तोड़ने की कोशिश की।

**कांग्रेस विधायकों ने विरोध प्रदर्शन किया :** कांग्रेस सदस्यों ने पिछले साल जून में ओडिशा में भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद राज्य में महिलाओं के खिलाफ अपराध में कथित वृद्धि को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया। सदन स्थगित होने के बाद बीजद विधायकों ने बीजू पटनायक की प्रतिमा के पास धरना दिया, जबकि कांग्रेस सदस्यों ने विधानसभा परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के पास शांतिपूर्ण प्रदर्शन किया।

---

## नकली मतदाता पहचान पत्र को लेकर ईसी का दावा

# हम 3 महीने में सुलझाएंगे दशकों पुरानी समस्या, अब 'नया सिस्टम' करेंगे लागू

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

चुनाव आयोग (ईसी) ने कहा कि वह दशकों पुरानी डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को 3 महीने में हल कर लेगा। ईसी ने कहा कि चुनावी रजिस्टर दुनिया का सबसे बड़ा मतदाता डेटाबेस है, जिसमें 99 करोड़ से अधिक मतदाता हैं। हमने तकनीकी टीमों और संबंधित राज्य मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद हल करने का निर्णय लिया है।

**ईपीआईसी नंबरों की परेशानी को जल्द दूर करेंगे**

**ईपीआईसी नंबर के मामले का आयोग ने लिया संज्ञान**



ईसी ने कहा कि डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों के मामले में आयोग ने पहले ही संज्ञान लिया है। ईपीआईसी नंबर चाहे जैसा भी हो, एक मतदाता जो एक विशेष मतदान केंद्र के चुनावी रजिस्टर से जुड़ा हुआ है, केवल उसी मतदान केंद्र पर मतदान कर सकता है, और कहीं नहीं।

**टीएमसी ने शिकायत की थी:** बंगाल में सत्ताधारी दल टीएमसी ने एक ही मतदाता फोटो पहचान पत्र नंबर के बारे में शिकायतें की थी। चुनाव आयोग पर कवर-अप का आरोप भी लगाया है। टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल नेकोलकाता में चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की थी।

---

# कांग्रेस जिन्ना के विचारों को आगे बढ़ा रही: एंटोनी

## भाजपा ने कांग्रेस की कर्नाटक सरकार के बजट को बताया 'हलाला बजट'

हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली

भाजपा ने कर्नाटक सरकार द्वारा शुक्रवार को पेश बजट की कड़ी आलोचना करते हुए इसे हलाला बजट करार दिया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल एंटोनी ने एक पत्रकार वार्ता में कांग्रेस पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 50 साल से ज्यादा समय तक भारत पर राज किया है, कांग्रेस अब मोहम्मद अली जिन्ना के विचार को आगे बढ़ा रही है। बजट में कर्नाटक सरकार ने 4 प्रतिशत सरकारी कामों के ठेके मुस्लिम ठेकेदारों के लिए आरक्षित करने का ऐलान किया है। बजट में एक हजार करोड़ अल्पसंख्यक कल्याण के लिए आवंटित किए गए हैं। 150 करोड़ वक्फ संपत्ति सुरक्षा के लिए और 100 करोड़ रुपए उर्दू के स्कूलों के लिए देने का ऐलान किया गया है और इमामों को 6 हजार रुपए महीना देने की घोषणा की है।

**कहा, राहुल गांधी और अखिलेश औरंगजेब को अपना आदर्श मान सकते हैं, हम नहीं**

बजट पर कांग्रेस पर हमला बोला



**कांग्रेस तुष्टिकरण का नया चेहरा बनी**

कर्नाटक सरकार इस देश में अब तुष्टिकरण का नया चेहरा बनती जा रही है। 2023 में जबसे कांग्रेस सरकार बनी है तबसे राज्य की हालत और खराब होती जा रही है। मुस्लिम विधायकों ने ज्ञापन सौंपकर मुसलमानों के लिए सरकारी ठेकों में आरक्षण की मांग की थी।

**बजट औरंगजेब से प्रभावित**

कर्नाटक सरकार के बजट को लेकर निशाना साधते हुए भाजपा प्रवक्ता अनिल के. एंटनी ने कहा कर्नाटक सरकार का ये बजट उनके नए आदर्श औरंगजेब से प्रभावित है। राहुल गांधी और अखिलेश यादव औरंगजेब को अपना आदर्श मान सकते हैं, हम और देश की जनता नहीं मान सकती। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी जब पहली बार प्रधानमंत्री बने तब से ही वो देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास के रास्ते पर आगे बढ़ रहे हैं।

---

## स्टेशनों पर भीड़ को नियंत्रित करने रेलवे ने बनाई खास रणनीति

# 'प्लान 60' के तहत स्टेशनों के बाहर ही स्थायी प्रतीक्षालय बनेंगे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव की अध्यक्षता में अहम बैठक हुई। इसमें रेलवे स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण को लेकर कई अहम फैसले लिए गए। इसमें रेलवे ने भीड़ नियंत्रण के लिए तैयार की गई रणनीतियों पर भी विस्तार से चर्चा की और उनकी समीक्षा की गई। इसमें तय किया गया कि महाकुंभ के अनुभवों के आधार पर देशभर के ऐसे 60 स्टेशनों के बाहर स्थायी प्रतीक्षालय बनाए जाएंगे, जहां समय-समय पर भारी भीड़ रहती है। नई दिल्ली, आनंद विहार, वाराणसी, अयोध्या और पटना स्टेशनों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू हो गए हैं। प्लेटफॉर्म पर ट्रेन आने पर ही यात्रियों को प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी।

### रेल मंत्री वैष्णव की अध्यक्षता में लिया गया फैसला



**कई स्टेशनों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू**



**कन्फर्म टिकट वाले यात्री ही जा सकेंगे**

60 स्टेशनों पर पूर्ण प्रवेश नियंत्रण शुरू किया जाएगा। केवल कन्फर्म रिजर्व टिकट वाले यात्रियों को ही प्लेटफॉर्म पर जाने की अनुमति दी जाएगी और सभी दूसरे प्रवेश बिंदुओं को सील कर दिया जाएगा।

**चौड़े एफओबी लगाए जाएंगे**

बैठक में यह भी फैसला लिया गया कि 12 मीटर चौड़े (40 फीट) और 6 मीटर चौड़े (20 फीट) मानक एफओबी के दो नए डिजाइन विकसित किए गए हैं। रैंप वाले ये चौड़े एफओबी महाकुंभ के दौरान भीड़ प्रबंधन में बहुत प्रभावी रहे। ये नए मानक-चौड़े एफओबी सभी स्टेशनों पर लगाए जाएंगे।

**बड़ी संख्या में कैमरे लगाए जाएंगे**

यह भी फैसला लिया गया कि महाकुंभ के दौरान कैमरों ने भीड़ प्रबंधन में बड़ी मदद की। सभी स्टेशनों और आसपास के इलाकों में कड़ी निगरानी के लिए बड़ी संख्या में कैमरे लगाए जाएंगे। बड़े स्टेशनों पर वॉर रूम बनाए जाएंगे।

**टिकटों की बिक्री को नियंत्रित किया जाएगा**

बैठक में तय किया गया कि सभी बड़े स्टेशनों पर स्टेशन निदेशक के तौर पर एक वरिष्ठ अधिकारी होगा। स्टेशन निदेशक को वित्तीय रूप से सशक्त बनाया जाएगा, ताकि वह स्टेशन को बेहतर बनाने के लिए मौके पर ही फैसले ले सके। स्टेशन निदेशक को स्टेशन की क्षमता और उपलब्ध ट्रेनों के हिसाब से टिकटों की बिक्री को नियंत्रित करने का अधिकार भी दिया जाएगा।

---

## नीतीश ने एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट का शुभारंभ किया

# अमेरिका में बिकेगा बिहार के मखाने के साथ घी व कनाडा में गुलाब जामुन

एजेंसी ⏭ पटना

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सुधा के पहले एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट का शुभारंभ कर दिया। गुरुवार को सीएम ने एक अणे मार्ग से पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग के तहत सुधा के पहले एक्सपोर्ट कंसाइनमेंट का शुभारंभ किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दो वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिनमें विशेष रूप से मखाना, घी और गुलाब जामुन भेजे जा रहे हैं। कार्यक्रम में पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की अपर मुख्य सचिव डॉ. एन. विजयालक्ष्मी ने मुख्यमंत्री को इस पहल के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर राज्य सरकार के कई प्रमुख मंत्री और अधिकारी उपस्थित थे।

**निर्यात की पहली खेप को दिखाई हरी झंडी**

**समुद्री मार्ग से गंतव्य तक पहुंचाया जाएगा**



मुख्यमंत्री ने इस दौरान इन सामानों का अवलोकन किया और जानकारी प्राप्त की कि एक वाहन में मखाना और घी को अमेरिका के लिए जबकि दूसरे वाहन में गुलाब जामुन को कनाडा के लिए भेजा जा रहा है। यह सामान पहले समुद्री पोर्ट तक पहुंचाया जाएगा, उसके बाद समुद्री मार्ग से इसे अमेरिका और कनाडा के गंतव्य तक भेजा जाएगा।

**खबर संक्षेप**

## कर्नाटक हाईकोर्ट ने रद्द किया ईडी का समन



**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने सीएम सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती और राज्य सरकार में मंत्री भैरती सुरेश को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी समन को रद्द कर दिया है। जस्टिस हेमंत चंदनगौडर की बेंच ने ईडी की कार्रवाई को अवैध करार देते हुए कहा था कि 28 और 29 अक्टूबर को नटेश के बयान दर्ज करना नियमों के खिलाफ था। ईडी ने दिसंबर में लोकायुक्त को पत्र लिखकर 700 करोड़ रुसे अधिक के भूमि घोटाले में भ्रष्टाचार और मनी लॉन्ड्रिंग के आरोप लगाए थे और पूछताछ के लिए समन भेजा था, जिसे अब हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया है।

## पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध का बम मिला



**पेरिस।** फ्रांस की राजधानी पेरिस में रेल पटरियों के पास द्वितीय विश्व युद्ध के समय का एक बम मिलने के बाद लंदन और उत्तरी क्षेत्र जाने वाली यूरोस्टार की सभी रेलगाड़ियों का परिचालन शुक्रवार को रोक दिया गया। यूरोस्टार ब्रिटेन की एक ट्रेन सेवा है। फ्रांस के राष्ट्रीय रेल संचालक 'एसएनसीएफ' ने एक बयान में कहा कि पुलिस के अलर्ट के बाद गारे डू नॉर्ड पर अगले आदेश तक रेल परिचालन रुका रहेगा। हम यात्रियों से अपनी यात्रा स्थगित करने का अनुरोध करते हैं। गारे डू नॉर्ड एक प्रमुख यूरोपीय पारगमन केंद्र (ट्रांजिट हब) है।

## पाक में 'लव' की समाधि के शुक्ला ने किए दर्शन



**लाहौर।** बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने पाकिस्तान में लाहौर के प्राचीन किले में स्थित प्रभु राम के पुत्र लव की समाधि के दर्शन किए। उन्होंने लिखा कि लाहौर के प्राचीन किले में प्रभु राम के पुत्र लव की प्राचीन समाधि है। लाहौर नाम भी उन्ही के नाम से है। वहां प्रार्थना का अवसर मिला था। यही नहीं लाहौर के म्युनिसिपल रिकॉर्ड में दर्ज है कि यह नगर (लाहौर) भगवान राम के पुत्र लव के नाम से बसाया गया था और कसूर शहर उनके दूसरे पुत्र कुश के नाम से बसा था। उन्होंने आगे कहा इस बात को पाकिस्तान सरकार भी मानती है।

*समुद्र में भी भारत से पार नहीं पाएगा दुश्मन*

# तीन महीने तक चले ट्रोपेक्स एक्सरसाइज में नौसेना ने अपनी क्षमताओं का किया प्रदर्शन, कई नई शक्तियां अपने साथ जोड़ीं

ट्रोपेक्स परिचालन स्तर का अभ्यास है, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक युद्धपोतों के साथ-साथ सभी युद्धक भारतीय नौसेना इकाइयां शामिल होती हैं। इसे हर दो साल में आयोजित किया जाता है

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना के कैपस्टोन थिएटर लेवल ऑपरेशनल एक्सरसाइज (ट्रोपेक्स) का 2025 संस्करण पूरा हो चुका है। लगभग तीन महीने तक चले इस अभ्यास में नौसेना ने अपनी क्षमताओं का प्रदर्शन किया और कई नई शक्तियां अपने साथ जोड़ीं। इसे जनवरी से मार्च तक तीन महीने की अवधि में आयोजित किया गया था। मार्च 2025 की शुरुआत में संपन्न हुई इस अन्यास ने नौसेना के संचालन की कई अवधारणाओं को मान्य करने में मदद की। ट्रोपेक्स परिचालन स्तर का अभ्यास है, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय वायु सेना और तटरक्षक युद्धपोतों के साथ सभी युद्धक भारतीय नौसेना इकाइयां शामिल होती हैं।

अरब सागर, बंगाल की खाड़ी और हिंद महासागर में किया युद्धाभ्यास

70 जहाजों, 10 पनडुब्बियों और 80 से अधिक विमानों ने भाग लिया





### एकीकृत तरीके से चुनौतियां का जवाब देने का अभ्यास

ट्रोपेक्स 25 में 65-70 भारतीय नौसेना के जहाजों, 9-10 पनडुब्बियों और विभिन्न प्रकार के 80 से अधिक विमानों ने भाग लिया। इसमें सुखोई-30, जगुआर, सी-130, फ्लाइट रिफ्यूलर, एडब्ल्यूएसीएस विमान, 600 से अधिक पैदल सेना के सैनिक और 10 से अधिक आईसीजी जहाज शामिल थे। इस एक्सरसाइज से राष्ट्रीय समुद्री सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए समन्वित और एकीकृत तरीके से विविध चुनौतियों का जवाब देने की नौसेना की क्षमता का एक अहम मूल्यांकन किया गया।

### *थलसेना और नौसेना ने खास तरह का अभ्यास किया*

*इस दौरान थलसेना और नौसेना के जवानों ने एक खास तरह का अभ्यास किया, जिसे एम्फेक्स नाम दिया गया था। यह एक्सरसाइज ऐसी स्थितियों के लिए होती है, जब किसी जहाज को बंधक बना लिया जाता है। इसमें एक संयुक्त कार्य चरण शामिल था जो लक्ष्य पर तोपों के सटीक निशाने, साइबर और इलेक्ट्रॉनिक युद्ध और टैक्टिकल फेज पर केंद्रित था। अरब सागर और बंगाल की खाड़ी सहित हिंद महासागर में आयोजित इस एक्सरसाइज का संचालन क्षेत्र उत्तर से दक्षिण तक 35 डिग्री दक्षिण अक्षांश तक लगभग 4300 समुद्री मील और पश्चिम में होर्मुज जलडमरूमध्य से पूर्व में सुंडा और लोम्बोक जलडमरूमध्य तक 5000 समुद्री मील तक फैला हुआ था।*

आयरलैंड में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

# आतंकवाद सार्वकालिक चुनौती, इससे निपटा जाए



**एजेंसी ⏭ डबलिन**

आयरलैंड में भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने यूनिवर्सिटी कॉलेज डबलिन में अपने संबोधन में कहा कि संघर्ष आज एक प्रमुख मुद्दा है और भारत का मानना है कि मतभेदों को बातचीत और कूटनीति के जरिए सुलझाया जाना चाहिए, न कि युद्ध के मैदान में। इस दौरान उन्होंने कई विदेशी नीति मुद्दों पर बात की और 1985 में हुए एयर इंडिया विमान आतंकवादी हमले का जिक्र किया, जिससे भारत और आयरलैंड के बीच आतंकवाद के खिलाफ साझा दृष्टिकोण को उजागर किया। उन्होंने बताया कि आयरलैंड के वेस्ट कॉर्क गांव अहाकिस्ता में उस हमले में मारे गए 329 लोगों की याद में एक स्मारक स्थापित है। विदेश मंत्री ने कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि हम संवाद और कूटनीति के माध्यम से समस्याओं का समाधान निकालें, चाहे यह कितना भी कठिन क्यों न हो

### ईयू के साथ एफटीए को तैयार

विदेश मंत्री जयशंकर ने भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) के मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर चल रही लंबी बातचीत का भी उल्लेख किया, जो अब लगभग 23 वर्षों से चल रही है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस साल के अंत तक इसे अंतिम रूप दिया जा सकता है। भारत और आयरलैंड के बीच मजबूत आर्थिक और शैक्षिक संबंधों पर चर्चा करते हुए उन्होंने बताया कि आयरलैंड में लगभग 13,000 भारतीय छात्र पढ़ाई कर रहे हैं, जो आयरलैंड के राष्ट्रीय विकास में योगदान दे रहे हैं।

### भारत आतंकवाद का शिकार रहा

विदेश मंत्री ने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई पर भी चर्चा करते हुए कहा कि भारत लंबे समय से आतंकवाद का शिकार रहा है और इसे समाप्त करने के लिए समर्पण और संकल्प की आवश्यकता है। उन्होंने ने भारत की आर्थिक वृद्धि की दर के बारे में बात करते हुए कहा कि देश अगले दशकों में सात फीसदी के आसपास विकास की गति बनाए रखेगा।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी जानकारी

# मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में शामिल होंगे पीएम मोदी, भारतीय रक्षा बल भी जाएगा

**हरिभूमि ब्यूरो ⏭ नई दिल्ली**

पीएम नरेंद्र मोदी 11 और 12 मार्च को मॉरीशस की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यहां वह मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। पीएम को मॉरीशस के पीएम नवीनचंद्र रामगुलाम ने इस यात्रा के लिए विशेष तौर पर आमंत्रित किया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को बताया कि मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भारत की सशस्त्र सेनाओं का दस्ता और नौसेना का एक युद्धपोत शामिल होगा। इस यात्रा में पीएम मोदी की मॉरीशस के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, वरिष्ठ नेताओं और सरकार के अन्य महत्वपूर्ण प्रतिनिधियों से मुलाकात होगी। पूर्व में पीएम मोदी ने वर्ष 2015 में मॉरीशस का दौरा था। उन्होंने कहा कि फरवरी 2025 में पीएम की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत-अमेरिका ने लाभकारी बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत करने की घोषणा की। वाणिज्य और उद्योग मंत्री अमेरिका में थे और उन्होंने अपने समकक्षों से मुलाकात की। दोनों सरकारें बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर चर्चा को आगे बढ़ाने की प्रक्रिया में हैं। इस समझौते के जरिये हमारा उद्देश्य माल और सेवा क्षेत्र में भारत-अमेरिका दोतरफा व्यापार को मजबूत और गहरा करना, बाजार पहुंच बढ़ाना, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना और दोनों देशों के बीच आपूर्ति श्रृंखला को गहरा करना है।

> विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा है कि हमारा उद्देश्य माल और सेवा क्षेत्र में भारत-अमेरिका दोतरफा व्यापार को मजबूत और गहरा करना, बाजार पहुंच बढ़ाना, टैरिफ और गैर-टैरिफ बाधाओं को कम करना और दोनों देशों के बीच आपूर्ति श्रृंखला को गहरा करना है

1 भारत यूएस द्विपक्षीय व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने को तैयार

2 बांग्लादेश में बिगड़ती कानून और व्यवस्था की स्थिति चिंताजनक



### राणा के प्रत्यर्पण के लिए कर रहे काम

विदेश मंत्रालय ने कहा कि आपने तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के बारे में राष्ट्रपति ट्रंप की टिप्पणियों को देखा होगा। संयुक्त वक्तव्य में भी यही भावना झलकती है। हम भारत में उसके प्रत्यर्पण की अनुमति देने के लिए आवश्यक औपचारिकताओं को पूरा करने के लिए अमेरिकी सरकार के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।

### ललित मोदी के खिलाफ मामला आगे बढ़ा रहे

*विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि ललित मोदी ने लंदन स्थित भारतीय उच्चायोग में अपना पासपोर्ट जमा करने के लिए आवेदन किया है। मौजूदा नियमों और प्रक्रियाओं के तहत इसकी जांच की जाएगी। हमें पता लगा है कि उन्होंने वानुअतु की नागरिकता हासिल कर ली है। हम कानून के तहत उनके खिलाफ मामले को आगे बढ़ा रहे हैं।*

### भारत प्रगतिशील बांग्लादेश के समर्थन में

बांग्लादेश को लेकर उन्होंने कहा कि हम एक स्थिर, शांतिपूर्ण, समावेशी और प्रगतिशील बांग्लादेश का समर्थन करते हैं। यहां सभी मुद्दों का समाधान लोकतांत्रिक तरीकों, समावेशी और भागीदारीपूर्ण चुनावों के माध्यम से किया जाए। हम इस देश की बिगड़ती कानून और व्यवस्था की स्थिति के बारे में चिंतित हैं। यह गंभीर अपराधों के लिए सजा पाए हिंसक चरमपंथियों की रिहाई से और भी बदतर हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत और बांग्लादेश के बीच गंगा जल संधि के लिए गठित संयुक्त समिति की 86वीं बैठक छह मार्च को कोलकाता में हुई। यह नियमित तकनीकी बैठक है। जो साल में तीन बार की जाती है। बैठक में दोनों पक्षों ने गंगा जल संधि से संबंधित तकनीकी मुद्दों, जल प्रवाह की माप और आपसी हित के अन्य मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि हमने बार-बार कहा है कि हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों के साथ-साथ उनकी संपत्तियों और धार्मिक संस्थानों की सुरक्षा करना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है। हम उम्मीद करते हैं कि बांग्लादेश पूरी तरह से जांच करेगा और बिना किसी भेदभाव के हत्या, आगजनी और हिंसा के सभी अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाएगा।

### गाजा में मिले 10 भारतीय कामगार

रणधीर जायसवाल ने कहा कि निर्माण क्षेत्र में काम करने वाले 10 भारतीय कामगार गाजा पश्चिमी तट पर मिले हैं। इजराइल के अधिकारी उन्हें वापस इजराइल ले आए। मामले की जांच की जा रही है और दूतावास इजराइल अधिकारियों के संपर्क में है। उनकी देखभाल की जा रही है।

ट्रंप के टैरिफ वार से टूटी कनाडा की कमर

# विदाई भाषण में पत्रकारों के सामने ही फूट-फूटकर रोए जस्टिन ट्रूडो

**एजेंसी ⏭ ओटावा**

कनाडा में जस्टिन ट्रूडो पीएम पद से इस्तीफा दे चुके हैं। अपने विदाई भाषण में ट्रूडो की आंखों में आंसू आ गए। दरअसल, कनाडा के निवर्तमान पीएम ट्रूडो आखिरी बार पीएम के तौर पर भाषण दे रहे थे, क्योंकि जल्द ही लिबरल पार्टी एक नया उत्तराधिकारी चुनने वाली है। ट्रूडो ने कहा कि व्यक्तिगत स्तर पर, मैंने यह सुनिश्चित किया है कि इस पद पर हर दिन मैं कनाडाई लोगों को प्राथमिकता दूं।



### लोगों के बीच एकता का आह्वान किया

ट्रूडो ने चेताते हुए कहा कि ट्रंप टैरिफ के जरिए कनाडा की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करना चाहते हैं ताकि कनाडा को अमेरिका में मिलाया जा सके। उन्होंने आने वाले कठिन समय से उबरने के लिए कनाडाई लोगों के बीच एकता का आह्वान किया। ट्रूडो ने ट्रंप की आक्रामक राजनीति की निंदा की और कहा कि कनाडाई और मैक्सिकन को समृद्ध होना चाहिए।

## नौ देशों की महिला शक्ति



**अहमदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नो देशों की महिला राजदूतों ने गुजरात के कच्छ जिले में अडानी समूह की एक फैक्टी का दौरा किया, जहां उन्होंने सोलर परियोजना का अवलोकन किया।

राज्य सिविल सेवा अधिकारियों ने राष्ट्रपति से की मुलाकात

# जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने पर्यावरण अनुकूल पहल करें

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को सिविल सेवा अधिकारियों से कहा कि जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण क्षरण की चुनौतियों से निपटने के लिए पर्यावरण अनुकूल पहलों को बढ़ावा देना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि विकास का लाभ समाज के सभी वर्गों, विशेष रूप से वंचितों और हाशिए पर पड़े लोगों तक पहुंचना चाहिए। एलबीएसएनएए में 126वें इंडक्शन ट्रेनिंग प्रोग्राम में भाग ले रहे राज्य सिविल सेवा अधिकारियों ने आज राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।



### राष्ट्रीय और समावेशी दृष्टिकोण अपनाएं

*राष्ट्रपति ने अधिकारियों को उनकी पदोन्नति और भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि अधिकारियों को अपनी नई भूमिका में दूसरों को प्रेरित करना चाहिए तथा अपने आस-पास के लोगों को सार्वजनिक सेवा में उत्कृष्टता के लिए प्रयास करने के लिए प्रेरित करना चाहिए।*

### लोगों की जरूरतों के प्रति संवेदनशील हों

राष्ट्रपति ने कहा कि शासन का सार लोगों की जरूरतों के प्रति जवाबदेही और संवेदनशीलता में निहित है। नागरिक-केंद्रित प्रशासन लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देता है, गरीबों और वंचितों पर ध्यान केंद्रित करता है। उन्होंने उन्हें यह सुनिश्चित करने की सलाह दी कि नीतियों और कार्यक्रमों को इस तरह से लागू किया जाए, जिससे उनकी चिंताओं का प्रभावी ढंग से समाधान हो। उन्होंने कहा कि वे जो निर्णय लेते हैं और जो नीतियां लागू करते हैं, उनसे हमारे देश और लोगों के विकास में योगदान मिलना चाहिए।

# हवाई सफर पर 'जीपीएस हैकिंग' का मंडराया बड़ा खतरा

जीपीएस जैमिंग की स्थिति में लैंडिंग या टेकऑफ में बढ़ सकता है खतरा

## हाईजैक, क्रैश और विमान की दिशा भी बदल सकते हैं साइबर हमलावर

वैज्ञानिक ऑप्टिकल घड़ियां बनाने में जुटे जो जीपीएस पर निर्भर नहीं

**एजेंसी ⏭ नई दिल्ली**

हाल में लंदन से लिथुआनिया जा रहे एक विमान को लैंडिंग से पहले जीपीएस (जीपीएस) सिग्नल में खराबी आने के चलते पोलैंड की मोड़ना पड़ा। दरअसल, विमान के जीपीएस को हैक कर लिया गया था। इसके साथ ही कमर्शियल एयरलाइंस को प्रभावित करने वाली जीपीएस हैकिंग (जैमिंग) और स्पूफिंग की घटनाओं में भारी इजाफा देखने को मिला है। साल 2024 के आखिरी तीन महीनों में इस तरह की 800 से ज्यादा घटनाएं हुई हैं। ब्रिटेन के वैज्ञानिक नई तकनीक विकसित करने में जुटे हैं, जो जैमिंग को बेअसर कर सकती है। नई ऑप्टिकल घड़ियां मौजूदा परमाणु घड़ियों से 100 गुना अधिक सटीक हैं। ये जीपीएस पर निर्भर हुए बिना खुद सटीक समय बताएंगी।



### विमान को गलत रास्ते पर ले जा सकते

*जीपीएस सिस्टम गलत दिशा या डेटा दिखा सकता है। इससे विमान को वैकल्पिक रूट लेना पड़ता है, जो सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है। जीपीएस जैमिंग के चलते पायलट को सटीक दिशा नहीं मिलती, जिससे विमान गलत रास्ते पर जा सकता है। पायलट को गलत लोकेशन और समय डेटा मिलने से दूसरे विमानों से टकराने का खतरा बढ़ जाता है। खराब मौसम में दृश्यता कम होने पर जीपीएस की बहुत जरूरत होती है, लेकिन जैमिंग की स्थिति में लैंडिंग या टेकऑफ में खतरा बढ़ सकता है। विमान और एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) के बीच समन्वय में परेशानी हो सकती है।*

### जीपीएस सिग्नल को करते हैं बाधित

*जीपीएस हैकिंग जैमिंग, एक साइबर हमला है। इसमें किसी डिवाइस के जीपीएस सिग्नल को बाधित किया जाता है। साइबर अपराधी जैमर डिवाइस से हाई-पावर रेडियो वेव्स भेजते हैं, जो असली जीपीएस सिग्नल को ओवरराइड कर देती हैं और रिसीवर (जैसे- विमान, कार, मोबाइल) को सटीक लोकेशन का डेटा मिलने में बाधा डालती हैं। वहीं, जीपीएस स्पूफिंग भी साइबर हमला है। इसमें साइबर अपराधी नकली जीपीएस सिग्नल भेजे जाते हैं।*

उमर अब्दुल्ला ने पेश किया जम्मू-कश्मीर का बजट

# मुफ्त बिजली और बस यात्रा का ऐलान, पीएम मोदी की प्रशंसा की

**एजेंसी ⏭ श्रीनगर**



जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने शुक्रवार को विधानसभा में शून्य घाटे वाला बजट पेश किया, जिसमें 2025-2026 के लिए 1,12,310 लाख करोड़ रुपए के खर्च की घोषणा की गई। इसमें बहु-क्षेत्रीय कल्याण और विकास पर जोर दिया गया गया। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेतृत्व वाली सरकार में वित्त विभाग भी संभाल रहे अब्दुल्ला ने बजट में अंत्योदय अन्न योजना परिवारों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने की घोषणा की। कहा सभी महिलाओं को एक अप्रैल से ई-बसों सहित सभी सरकारी परिवहन में मुफ्त सफर की सुविधा प्रदान की जाएगी। अब्दुल्ला ने पीएम नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की प्रशंसा की।

### *समावेशी विकास को प्राथमिकता*

*अनुमानों के बारे में बातते हुए अब्दुल्ला ने कहा कि सकल प्राप्तियां 1,40,309.99 करोड़ रुपए होने का अनुमान है, जिसमें 28,000 करोड़ रुपए के ओवरड्राफ्ट के प्रावधान शामिल हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बजट में समावेशी विकास, राजकोषीय विवेक और बुनियादी ढांचे, कृषि, उद्योग, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और डिजिटल शासन में रणनीतिक निवेश को प्राथमिकता दी गई है।*

## खबर संक्षेप



### डब्लूपीजीए रद्द : दीक्षा प्रणवी, अवनि निराश

**गोल्ड कोस्ट।** भारतीय महिला गोल्फरों दीक्षा डागर, प्रणवी उर्स और अवनि प्रशांत के लिए यह सप्ताह निराशाजनक रहा क्योंकि अल्फ्रेड तूफान के प्रभाव की आशंका से आस्ट्रेलियाई डब्लूपीजीए चैंयनशिप और गोल्ड कोस्ट गोल्फ फेस्टिवल रद्द कर दिया गया। मौसम के अनुमान और आयोजकों से मशविरे के बाद लेडीज यूरोपीय टूर ने यह अभूतपूर्व फैसला लेते हुए पहले दिन के खेल से पूर्व टूर्नामेंट रद्द कर दिया। दीक्षा लेडीज यूरोपीय टूर पर दो बार की विजेता है जबकि प्रणवी और अवनि ने घरेलू टूर पर अच्छा प्रदर्शन किया है।

### युवा साक्षी की नजरें जूनियर विश्व कप पर

**नई दिल्ली।** हॉकी प्रो लीग में सीनियर टीम के साथ सफल पदार्पण के बाद युवा फॉरवर्ड साक्षी राणा अब अपनी रफ्तार पर काम कर रही है और उनकी नजरें चिली में इस साल के आखिर में होने वाले जूनियर विश्व कप में अच्छे प्रदर्शन पर लगी है।



सत्रह वर्ष की साक्षी ने स्पेन के खिलाफ पदार्पण मैच में गोल किया हालांकि भारत वह मुकाबला 3-4 से हार गया था। साक्षी ने कहा, 'मैं लंबे समय से पदार्पण का इंतजार कर रही थी लिहाजा इसे लेकर बहुत खुश हूं। मैं मैच से पहले इतनी नर्वस नहीं थी क्योंकि सीनियर खिलाड़ियों ने मेरा समर्थन किया और मुझे कहा कि तुम्हारे पहले मैच में कोई गलती नहीं है लिहाजा खुलकर खेलो।'

### हरमनप्रीत पर लगा 10 फीसदी जुर्माना

**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत पर यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ महिला प्रीमियर लीग मैच के दौरान अंपायर के फैसले पर असंतोष जताने के लिए मैच फीस का दस प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।



यह घटना यूपी की पारी के 19वें ओवर की है जब अंपायर अजितेष अर्गल ने हरमनप्रीत से कहा कि धीमी ओवरगति के कारण आखिरी ओवर में सिर्फ तीन फील्डर सर्कल के बाहर रह सकते है। इससे खफा हरमनप्रीत ने अंपायर से संक्षिप्त बहस की और उनकी साथ एमेलिया केर भी इसमें जुड़ गई ।

### अराविंद प्राग मास्टर्स खिताब के करीब

**प्राग।** ग्रैंडमास्टर अराविंद चिदंबरम प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट में चेक गणराज्य के डेविड नावारा से आसान ड्रॉ खेलने के बाद पहला बड़ा टूर्नामेंट जीतने के करीब पहुंच गए हैं।



अराविंद के अब 5.5 अंक हो गए हैं और वह आर प्रज्ञानानंदा से आधा अंक आगे हैं जिन्होंने वियतनाम के कुआंग लीम ली से ड्रॉ खेला। आखिरी दौर में अराविंद का सामना तुर्किए के एडिज गुरेल से और प्रज्ञानानंदा का नीदरलैंड के अनीश गिरि से होगा। पहले तीन मुकाबले हारने के बाद चीन के ग्रैंडमास्टर वेइ यि ने शानदार वापसी करते हुए स्थानीय खिलाड़ी एंगुयेन थाइ दाइ वान को हराकर तीसरा स्थान हासिल किया।

### प्रवीण, नवदीप, धरमबीर करेंगे भारतीय चुनौती की अगुवाई

**नई दिल्ली।** भारत के शीर्ष पैरा-एथलीट 11 से 13 मार्च तक यहां होने वाली विश्व पैरा एथलेटिक्स ग्रां प्री में हिस्सा लेंगे जिसमें देश के अभियान की अगुआई ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार हासिल कर चुके प्रवीण कुमार के अलावा नवदीप सिंह और धरमबीर करेंगे। तीन दिवसीय प्रतियोगिता में 90 से अधिक स्पर्धायें होंगी और 20 देशों का प्रतिनिधित्व करने वाले शीर्ष पैरा-एथलीट भाग लेंगे।

# विलियमसन बनाम भारतीय स्पिनर, चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में कल होगा रोचक मुकाबला

**भारत ने 2013 के बाद से नहीं जीती है चैंपियंस ट्रॉफी**

एजेंसी ▶▶| दुबई

फॉर्म में चल रहे भारतीय स्पिनरों और न्यूजीलैंड के धाकड़ बल्लेबाज केन विलियमसन के मुकाबले पर भी चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में सभी की नजरें होंगी और यह मैच का निर्णायक पहलू भी साबित हो सकता है। न्यूजीलैंड ने आखिरी बार आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी वर्ष 2000 में जीती थी जब भारत को चार विकेट से हराया था। इसके बाद से आईसीसी 50 ओवरों के खिताब के लिए टीम इंतजार कर रही है। दूसरी ओर भारत ने 2013 के बाद से चैंपियंस ट्रॉफी नहीं जीती है और इस मैच में टीम फिर चार स्पिनर उतार सकती है।

फाइनल मैच दुबई अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम की उसी पिच पर खेला जाएगा जिस पर पाकिस्तान के खिलाफ मैच हुआ था। उसमें स्पिनरों को काफी मदद मिली थी। ऐसे में हालात के अनुकूल ढलने का विलियमसन का कौशल और तकनीकी महारत न्यूजीलैंड के लिए अहम होगी। भारत के खिलाफ आखिरी ग्रुप मैच में 81 रन बनाकर वह इसे फिर साबित कर ही चुके हैं। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड का मानना है कि भारत का चौतरफा स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण होगा।



### स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण

स्टीड ने कहा, 'हमारे खिलाफ शायद वह स्पिन रणनीति को अपनाएंगे लेकिन हमारे पास भी चार स्पिनर हैं। हमारी टीम संतुलित है लेकिन चौतरफा स्पिन आक्रमण चुनौतीपूर्ण होगा। उनके पास बेहतरीन स्पिनर हैं। हमें हालात के अनुरुप ढलना होगा और हमारे सभी बल्लेबाज अपनी रणनीति बनाकर भारतीय स्पिनरों के सामने उतरेंगे।'

### केन में काबिलियत

भारत के वरुण चक्रवर्ती के पास विविधता है जिसमें लेग ब्रेक और सीम लेती गेंदें शामिल हैं। उन्होंने मिचेल सेंटनेर को 113 किमी की रफ्तार वाली गेंद पर आउट किया था। ऐसे में स्टीड की रणनीति का अहम हिस्सा विलियमसन होंगे जिन्होंने वनडे क्रिकेट में स्पिनरों के खिलाफ 47 की औसत से 2952 रन बनाए हैं। स्टीड ने कहा, 'वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है और कई बार न्यूजीलैंड के लिए बेहतरीन प्रदर्शन कर चुका है। क्रिकेट के खेल में रनों की गारंटी नहीं होती लेकिन मुझे पता है कि केन रन बनाने की पूरी कोशिश करेगा। वह दुनिया के चुनिंदा क्रिकेटरों में से है जिनमें विभिन्न पिचों के अनुरुप ढलने की कमाल की काबिलियत है।'



### हेनरी चोटिल
### न्यूजीलैंड को लगा बड़ा झटका

**दुबई।** न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी कंधे की चोट चोट के कारण भारत के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल से बाहर हो सकते हैं हालांकि कोच गैरी स्टीड को उम्मीद है कि वह रविवार को फाइनल तक ठीक हो जाएंगे। हेनरी ने अब तक टूर्नामेंट में सर्वाधिक दस विकेट लिए हैं जिसमें भारत के खिलाफ ग्रुप मैच में पांच विकेट शामिल है। तैतीस वर्ष के हेनरी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ लाहौर में बुधवार को सेमीफाइनल के दौरान घायल हो गए थे। स्टीड ने कहा, 'मैट के कंधे में चोट लगी है और वह असहज महसूस कर रहा है। उसका स्कैन कराया गया है और उम्मीद है कि वह मैच तक फिट हो जाएगा।'



### रोहित बड़ा स्कोर बनाने का रखें लक्ष्य

**नई दिल्ली।** महान क्रिकेटर सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित शर्मा को सिर्फ 25-30 रन बनाकर संतुष्ट नहीं होना चाहिए और लंबी पारी खेलने पर ध्यान देना चाहिए क्योंकि क्रीज पर उनकी मौजूदगी भारत के लिए मैच का रूख बदलने वाला असर डाल सकती है। गावस्कर ने कहा, ' वह 25 ओवर भी बल्लेबाजी करते हैं तो भारत 180-200 रन के आसपास होगा। सोचिए कि अगर उन्होंने तब तक सिर्फ दो विकेट खो दिए तो जरा सोचिए कि वे क्या कर सकते हैं। वे 350 रन या इससे अधिक के स्कोर तक पहुंच सकते हैं।'

## जीत के साथ विदाई लेने उतरेंगे वारियर्स



एजेंसी ▶▶| लखनऊ

टूर्नामेंट से बाहर होने की कगार पर खड़ी यूपी वारियर्स शनिवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के खिलाफ मैच में जीत के साथ महिला प्रीमियर लीग के इस सत्र से विदा लेना चाहेगी और इसके लिये मध्यक्रम के उसके बल्लेबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा।

यूपी की टीम ने कई मौके गंवाए और एक ईकाई के रूप में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रही। सात मैचों में महज चार अंक के साथ वह तालिका में सबसे नीचे है और तकनीकी दौर पर ही दौड़ में बनी हुई है।

### फाइनल में वरुण सबसे बड़ा खतरा

**दुबई।** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने स्वीकार किया कि भारत के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में उनकी टीम के लिए वरुण चक्रवर्ती सबसे बड़ा खतरा होंगे तथा इस रहस्यमयी स्पिनर से निपटने के लिए उनकी टीम को अपनी सोच का दायरा बढ़ाना होगा। स्टीड ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा, 'उसने हमारे खिलाफ पिछले मैच में 42 रन देकर पांच विकेट लिए थे इसलिए हमें पूरी उम्मीद है कि वह खेलेगा। वह बहुत अच्छा गेंदबाज है और हमारे खिलाफ पिछले मैच में उसने अपने कौशल का शानदार नमूना पेश किया था। वह इस मैच में हमारे लिए सबसे बड़ा खतरा है।'



### चक्रवर्ती विश्व स्तरीय गेंदबाज बनने के करीब

**मुंबई।** भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज मुरली विजय ने मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में शानदार प्रदर्शन कर रहे वरुण चक्रवर्ती की जमकर प्रशंसा करते हुए कहा कि कैरम बॉल और फ्लिपर पर अपने नियंत्रण के कारण यह रहस्यमयी स्पिनर विश्व स्तरीय गेंदबाज बनने की राह पर है। चक्रवर्ती ने चैंपियंस ट्रॉफी में अभी तक जो दो मैच खेले हैं उनमें उन्होंने सात विकेट लिए हैं। इनमें न्यूजीलैंड के खिलाफ ग्रुप चरण के मैच में लिए गए पांच विकेट भी शामिल हैं। भारत रविवार को होने वाले फाइनल में न्यूजीलैंड का सामना करेगा जिसमें चक्रवर्ती की भूमिका महत्वपूर्ण होगी।



## वाणी कपूर ने जीता लगातार दूसरा डब्लूपीजीटी खिताब

एजेंसी ▶▶| गुरुग्राम

भारतीय गोल्फर वाणी कपूर ने शुक्रवार को यहां बैक नाइन पर एक बर्डी और आठ पार से एक अंडर 71 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह आसानी से हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के पांचवें चरण का खिताब जीतने में कामयाब रहीं। वाणी इस तरह रिद्धिमा दिलावारी(70) और रिया झा (73) पर तीन शॉट से आगे रहीं और लगातार दूसरा खिताब हासिल किया। उन्होंने पिछले महीने चौथा चरण भी जीता था। डब्ल्यूपीजीटी के इतिहास में सबसे सफल खिलाड़ियों में शुमार वाणी ने 70-75-71 के कार्ड खेले जिससे 54 होल में उनका कुल स्कोर इवन पार 216 का रहा।



## इंग्लैंड के सफेद गेंद के नए कप्तान हो सकते हैं स्टोक्स

एजेंसी ▶▶| लंदन

जोस बटलर के इस्तीफे के बाद इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स सीमित ओवरों के प्रारूप में अगले कप्तान हो सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी में इंग्लैंड के एक भी जीत दर्ज नहीं कर पाने के बाद बटलर ने टूर्नामेंट के बीच में ही कप्तानी छोड़ दी थी। इससे पहले भारत में श्रृंखला में भी उसे पराजय मिली। तैतीस बरस के स्टोक्स हैमस्ट्रिंग चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर थे। उन्होंने 2023 विश्व कप के बाद से वनडे क्रिकेट नहीं खेली है जब उन्होंने इस प्रारूप से विदा लेने का अपना फैसला वापिस ले लिया था। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड में पुरुष क्रिकेट निदेशक की ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो से कहा, बेन स्टोक्स सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से है। उसके नाम पर विचार नहीं करने वाला मूर्ख होगा। वह अविश्वसनीय रूप से अच्छा रणनीतिकार है जो हमने टेस्ट क्रिकेट में देखा।




**Govt. of Bihar**

**Bihar Forestry Development Corporation Limited, Patna.**
K/6, Officers Flat, New Punaichak, Patna-800023.
Email ID-dmbfdcpatna@gmail.com.
SHORT NOTICE INVITING E-AUCTION
(Through e-procurement mode only over (https://eproc2.bihar.gov.in)
**Tender Notice No.06/BFDCL/e-Proc/2025-26**

E-Tendering/E-Procurement is being introduced from last few years in 'Bihar Forestry Development Corporation Limited' for making the tendering/process of Kendu Leaves lots sale of 2025 collection season more efficient and transparent.

**Agencies/contractors interested in the advance purchase of Kendu leaves lots of 2025Kendu leaves collection season from 'Bihar Forestry Development Corporation Limited' are required to get themselves registered with Bihar Govt. centralized E-Procurement portal** https://eproc2.bihar.gov.in/

**Tender Schedule/Programme:**

| Sl. No. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Organization | 'Bihar Forestry Development Corporation Limited' Patna. |
| 2 | Name of the Assignment | Selection of Contractors for operation of Kendu Leaves Lots-23Advance Sale. |
| 3 | Tender Processing Fee/Cost(Non-Refundable) | INR 590/3540/5900(Including of GST) payable online through e-payment mode i.e. NEFT/RTGS/Credit/ Debit Card on (https://eproc2.bihar.gov.in ) Up to 70 Lacs-INR 590.00, As per eproc2. |
| 4 | Tender Fee/Cost(Non-Refundable) | Rs. 10,000.00(inclusive of GST @18%) to be paid through (RTGS/NEFT) In DivisinolManager, Bihar Forestry Development Corporation Ltd, Patna Divison, Patna के इंडियन बैंक(इलाहाबाद बैंक), पाटलिपुत्र. कोलनी, पटना के Account no-50452834949,IFSC Code No–IDIB000P613. |
| 5 | Date of issue of NIT | 06-03-2025 |
| 6 | Date of uploading of tender document | 12-03-2025 |
| 7 | Date of Submission of Technical bid& Financial Bid. | 13-03-2025 to 20-03-2025 (Time-10:00PM) |
| 8 | Date and Time of Opening of Technical Bid. | 21-03-2025(Time-11:00AM) |
| 9 | Date and Time of Opening of Financial Bid. | 24-03-2025 (Time-11:00AM) |
| 10 | Uploading of names of successful bidders for Participating in E-Auction | 26-03-2025 |
| 11 | Incremental Value will be | I. Upto 05 Lacs of Base Price incremental Value will be 2%<br>II. Above 05 Lacs of Base Price incremental Value will be 1% |
| 12 | Date and Time of E-Auction | 27-03-2025 to 28-03-2025 |
| 13 | Up Loading of Final Result | 29-03-2025 |
| 14 | Contact person for queries | Administrative Officer Bihar Forestry Development Corporation Limited Patna.Email ID-dmbfdcpatna@gmail.com. |
| 15 | Addressee and address at which Hard Copy of proposal in response to RFP notice is to be submitted. | Administrative Officer Bihar Forestry Development Corporation Limited Patna.Email ID-dmbfdcpatna@gmail.com. |

- Detailed descriptions of the item and instructions for submitting the offer can be downloaded from e-auction/tender website(https://eproc2.bihar.gov.in/).
- For support related to e-tendering process, bidders may contact at following address "e-Procurement HELP DESK - **eProc 2.0 Help Desk Address: mjunction services limited RJ Complex, 2nd Floor, Canara Bank Campus, Khajpura, Ashiana Road, P.S. - Shastri Nagar, Patna 800 014, Bihar, (Toll Free Number: 1800 572 6571. Email Id: eproc2support@bihar.gov.in Working Hours: 8AM to 7PM (All days in week except few selected state holidays)** or may visit the link "Vendor Info" at (https://eproc2.bihar.gov.in/).
- Contact office of 'Bihar Forestry Development Corporation Limited' Patna-23. for Registration/Renewal visit and other information (Divisional Manager Mobile no.-8986153282) Suresh Kumar Deo, Asstt. 7979079152.**Corrigendum/ Addendum,** if any, will be published on the departmental website e-Procurement, Bihar https://eproc2.bihar.gov.in/itself.

This information is available on **www.state.bihar.gov.in/prdbihar also**

PR. No. 21184 (B & C) 2024-25

Managing Director
Bihar Forestry Development Corporation Limited

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



**केनरा बैंक Canara Bank**
भारत सरकार का उपक्रम — A Govt. of India Undertaking
सिंडिकेट Syndicate

क्षेत्रीय कार्यालय -I :
पर्यावास भवन, अरेरा हिल्स, भोपाल

**ऋणी / जमानतदार / बंधककर्ता को धारा [धारा 13(2)] के अन्तर्गत मांग सूचना**
**वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) एवं प्रतिभूतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अन्तर्गत मांग सूचना (सरफेसी एक्ट)**
केनरा बैंक **की संबंधित शाखा** के माध्यम से निम्नवर्णित ऋणियों द्वारा लोन / साख सुविधा समय-समय पर प्राप्त किये गये।

| ऋणी/जमानतदार/ बंधककर्ता का नाम | मांग सूचना दिनांक / बकाया राशि/ एनपीए दिनांक | संपत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| **केनरा बैंक, बंगरसिया शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः (1) **श्रीमती माया सिंह सिसौदिया** पत्नि सवाई सिंह सिसौदिया (2) **श्री सवाई सिंह सिसौदिया** पुत्र अनुप सिंह दोनों का पताः 236-ए, बी-सेक्टर, बीडीए कॉलोनी, शाहपुरा, वार्ड नंबर 51, तह.-हुजूर जिला-भोपाल (म.प्र.) | मांग सूचना दिनांक : 01.03.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 15,69,648.97/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 28/02/2025 | कोलेटरल बंधक संपत्ति **236-ए, बी-सेक्टर, बीडीए कॉलोनी, शाहपुरा वार्ड क्रमांक 51, तह.-हुजूर जिला भोपाल (म.प्र.)** संपत्ति मालिक का नाम- माया सिंह सिसोदिया पुत्र सवाई सिंह सिसोदिया |
| **केनरा बैंक, बैरसिया शाखा, बैरसिया** | | |
| ऋणीः **मेसर्स शिखा इलेक्ट्रिकल इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड निदेशकः (1) श्री अरुण पांडे (2) श्रीमती अंजू पांडे पंजीकृत पता-** एच-07, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, विश्वकर्मा नगर, बैरसिया रोड, भोपाल, म.प्र.-462001 **यूनिट/फैक्टरी का पता-** खसरा नंबर 41/1/1/1 और 41/1/1KA, प.ह. नंबर 21, 80 फीट रोड, छोला ब्रिज के पास, नवीन कृषि मंडी के पास, करोंद, भानपुर, भोपाल-462038 जमानतदारः **(1) श्री अरुण पांडे पुत्र श्री सतीश चंद्र पांडे (2) श्रीमती. अंजू पांडे पत्नि श्री अरुण पांडे** दोनों निवासीः (1) सी-288, न्यू मिनाल रेजीडेंसी, भोपाल-462023 दोनों का पताः (2) एच-07, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, विश्वकर्मा नगर, बैरसिया रोड, भोपाल-462001 | मांग सूचना दिनांक : 03.03.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 2,39,00,875.17/- + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 02/03/2025 | **बंधक संपत्ति भूमि एवं भवन स्थित खसरा नंबर 41/1/1/1 और 41/1/1ka, पीएच नंबर 21, 80 फीट रोड, छोला ब्रिज के पास, भानपुर, भोपाल। चर्तुसीमाएंः उत्तर - जेएमडी कॉम्पलेक्स, श्री आशीष सप्रे और श्री राहुल जैन की जमीन** पूर्व - शिव नगर कॉलोनी की जमीन, दक्षिण - श्री अक्षय कुमार, श्री अरविंद शर्मा, श्री साहू जी की जमीन, पश्चिम- गल्ला मंडी 80 फीट चौड़ी सड़क संपत्ति मालिक का नाम- श्री अरुण पांडे पुत्र श्री सतीश चंद्र पांडे |
| **केनरा बैंक, बीएचईएल शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **मेसर्स मीना बकरी पालन केंद्र प्रोपराइटर : सूरज सिंह देशवाली पुत्र श्री गप्पूलाल देशवाली,** ग्राम पंचायत, खाम खेड़ा, तह हुजूर, भोपाल, 462038 | मांग सूचना दिनांक : 03.03.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 1,14,06,323.71 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 02/03/2025 | **बंधक संपत्ति व्यावसायिक डायवर्टेड भूमि स्थित खसरा नंबर 659/2/1/1/2 (एस) क्षेत्रफल- 2020 वर्गमीटर, ग्राम-खामखेड़ा, पटवारी हल्का नंबर 15, तहसील-हुजूर, जिला-भोपाल चर्तुसीमाएं-** पूर्वः सूरज सिंह की भूमि, पश्चिमः रास्ता, उत्तरः करण सिंह की भूमि, दक्षिणः सूरज सिंह की भूमि, संपत्ति मालिक का नाम- श्री सूरज सिंह देशवाली पुत्र श्री गप्पू लाल देशवाली |
| **केनरा बैंक, सांची शाखा, सांची** | | |
| ऋणीः **1. शर्मा ट्रेडर्स** बस स्टैंड, साँची, म.प्र **2. सत्येन्द्र शर्मा पुत्र सतानन्द शर्मा,** 3 श्रद्धानन्द पथ, दण्डपुरा विदिशा | मांग सूचना दिनांक : 03.03.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 11,83,191.73 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 28/02/2025 | **व्यावसायिक एवं आवासीय मकान/प्लाट क्रमांक ए-10, वार्ड क्रमांक 13, हेडगेवार कॉलोनी सांची तहसील एवं जिला रायसेन (म.प्र.) क्षेत्रफल-600 वर्गफीट। चर्तुसीमाएं-** पूर्वः 30 फीट रोड, पश्चिम-25 फीट रोड, उत्तर- श्री असफाक मोहम्मद का मकान क्रमांक ए-9, , दक्षिण- श्री गुलाब सिंह का मकान क्रमांक ए-11, संपत्ति मालिक का नाम-सत्येंद्र शर्मा पुत्र सतानंद शर्मा |
| **केनरा बैंक, एम.पी. नगर शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणीः **श्रीमती वैशाली सिंह उर्फ श्रीमती वैशाली तायडे पत्नि राहुल सिंह** 347, दुर्गेश विहार, सिपेट कॉलेज के पास, जे के रोड, हुजूर भोपाल म.प्र.-462023 | मांग सूचना दिनांक : 04.03.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 21,78.512.84 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 28/02/2025 | **बंधक संपत्ति स्थित फ्रीहोल्ड आवासीय फ्लैट नंबर-एस-02, द्वितीय तल, 'अरिहंत टॉवर' अमलतास गृह निर्माण सहकारी संस्था मर्यादित भोपाल विकासखंड फंदा तह. हुजूर भोपाल, क्षेत्रफल 44.14 वर्गमीटर चर्तुसीमाएं-** पूर्वः फ्लैट नंबर एस-04, पश्चिम- रोड, उत्तर- फ्लैट नंबर एस-01, दक्षिण- अन्य प्लॉट, संपत्ति मालिक का नाम- श्रीमती वैशाली सिंह उर्फ श्रीमती वैशाली तायडे पत्नि राहुल सिंह |
| **केनरा बैंक, एयरपोर्ट रोड-1 शाखा, भोपाल** | | |
| ऋणी/बंधककर्ताः (1) **श्रीमती ममता मेवाड़ा पत्नी श्री केदार मेवाड़ा,** पताः मकान नंबर 77 वार्ड नंबर 04, तहसील कालापीपल, भराड़ी भोपाल शाजापुर म.प्र. 465337 (2) **श्री केदार सिंह मेवाड़ा पुत्र श्री मेवाड़ा देवकरण** पताः निवासी मकान नंबर 350 जैन नगर लालघाटी भोपाल (म.प्र.) सहऋणीः **मैसर्स तृप्ति मेडिकल प्रो. श्री केदार सिंह मेवाड़ा** पताः दुकान नंबर 1, तृप्ति मेडिकल, तृप्ति अस्पताल लालघाटी भोपाल | मांग सूचना दिनांक : 28.02.2025 दिनांक को बकाया राशि ₹ 21,77.521.91 + ब्याज एवं अन्य खर्चे NPA : 24/02/2025 | **बंधक संपत्ति स्थित फ्लैट क्रमांक जी-01, साईलीला अपार्टमेंट, वल्लभ नगर, ग्राम नयापुरा, लालघाटी के पास, वार्ड क्रमांक 6, पटवारी हल्का/ क्रमांक 4, भोपाल, क्षेत्रफल 600 वर्गफीट, क्षेत्रफलः 750.00 वर्गफीट चर्तुसीमाएं-** पूर्वः प्लॉट क्रमांक 23, शांति प्लाजा, पश्चिमः प्लॉट क्रमांक 21, अमित अपार्टमेंट, उत्तरः फ्लैट क्रमांक जी-2, दक्षिणः रोड, संपत्ति मालिक का नाम-श्रीमती ममता मेवाड़ा और श्री केदार सिंह मेवाड़ा |

उपरोक्त वर्णित ऋण / साख सुविधा संबंधित दस्तावेजों द्वारा बैंक के पक्ष में संपत्ति को बंधक रखकर सुरक्षित किया गया था। चूंकि आप ऋण चुकाने में असफल रहे हैं। अतः बैंक द्वारा उपरोक्त तालिका में वर्णित दिनांक को ऋण को एन.पी.ए. वर्गीकृत किया गया है। उपरोक्त वर्णित ऋणियों एवं जमानतदारों को विस्तृत माँग सूचना सरफेसी अधिनियम 2002 की धारा 13(2) के तहत जारी की गई एवं नोटिस में उपरोक्त तालिका में वर्णित राशि एवं उस पर देय ब्याज एवं अन्य खर्च नोटिस की तारीख से 60 दिवस की अवधि के भीतर अदा करने के लिए सूचित करते हैं। अन्यथा बैंक द्वारा उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के प्रावधानों के तहत कार्यवाही की जावेगी।
इसके अतिरिक्त आप सरफेसी अधिनियम की धारा के तहत उक्त रक्षित आस्तियों का या तो विक्रय का लीज करने इत्यादि के द्वारा अन्तरण करने और किसी अन्य प्रकार बाधा डालने से प्रतिबंधित हैं। विस्तृत मांग नोटिस की प्रति हेतु बैंक की शाखा से संपर्क करें।
उधारकर्ताओं को एक्ट की धारा 13 एवं उपधारा 8 के प्रावधान के अन्तर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के एवज में उपलब्ध समय की ओर ध्यान आकर्षित किया जाता है।
मांग सूचना की प्रति रजिस्टर्ड पोस्ट द्वारा शाखा में उपलब्ध आपके अंतिम ज्ञात पते पर भेजी जा रही है।

**स्थान : भोपाल**
**दिनांक : 07/03/2025**

**प्राधिकृत अधिकारी**
**केनरा बैंक**

# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस विशेष



**डॉ. कृष्णा कटेवा**
डायरेक्टर
कृष्णा कैंसर हॉस्पिटल
चेयरपर्सन
एल.एस. हेल्थ सोसायटी

महिला दिवस प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं के अधिकारों और स्वतंत्रता की लड़ाई के लिए समर्पित है। महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं। वे हमारी माताएं, बहनें, पत्नियां और बेटियां हैं। लेकिन फिर भी उन्हें हमारे समाज में कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। महिलाओं को शिक्षा, रोजगार और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत अधिकारों से वंचित रखा जाता है। उन्हें घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न और भेदभाव जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। आज महिला दिवस के अवसर पर, हमें महिलाओं के प्रति अपना सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करनी चाहिए। हमें उनके अधिकारों की रक्षा करनी चाहिए और उन्हें समाज में समान अवसर प्रदान करने चाहिए।

1. हर महिला यह प्रण लें की वह न दहेज देगी और न ही लेगी।
2. प्रत्येक महिला अपने पुत्र के विवाह में पुत्रवधु को संतानवती होने का आशीर्वाद देना शुरू करें न की पुत्रवती। पुत्र या पुत्री होना महिला के वश में नहीं ये तो पुरुष के जीन Decide करते हैं। फिर हमारा पुत्रवती कहना मतलब हम पुत्र चाह रहे हैं। जब ईश्वर ने महिला को सिर्फ देने योग्य बनाया है लेकिन लिंगभेद करने योग्य नहीं तो हम ये भेद क्यों पैदा करें तथा हम स्वयं महिला हो कर पुत्री के जन्म पर खुश क्यों न हों।
3. अपने पुत्र व पुत्री की परवरिश में कोई भेद न करे। पुत्र से न केवल सभी गृह कार्य करवाएं जाएं बल्कि उन्हें सभी महिलाओं का सम्मान कैसे करना है सिखाया जाये।
4. नशामुक्ति के लिए हम सभी को मिल कर कार्य करना पड़ेगा। शराब गुटका, तथा अन्य ड्रग्स से मुक्त समाज बने इसकी Awareness लानी होगी तथा मोबाइल पर फैलने वाली अश्लील कंटेंट से अपने बच्चों व परिवार का बचाना होग।
5. हर बच्ची पढ़े तथा आगे बढे इसकी ज़िम्मेदारी लेनी होगी।

अंत में मैं कहना चाहूंगी की महिला चाहे तो सम्पूर्ण देश ही नहीं संसार को अपराध मुक्त तथा प्रगतिशील बनाने में मुख्य भूमिका अदा कर सकती है।



**ज्योति चौधरी**
प्रोपराइटर
गुनगुन एडवोटाइजिंग एजेंसी
भोपाल

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च को मनाया जाता है। इसका 108 वर्ष पुराना समृद्ध इतिहास है। इस दिन दुनिया भर में महिलाओं के जीवन में सुधार लाने, उनकी जागरुक्ता बढ़ाने जैसे कई विषयों पर जोर दिया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की थीम Choose to Challenge यानि (चुनौती के लिए चुनें) रखी गयी है। यह दिवस सामाजिक आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनितिक क्षेत्रों में महिलाओं की उपलब्धियों का जश्न मनाने के लिए समर्पित है। इस वर्ष की थीम पर कार्य करने की आवश्यकता है।

Choose to Challenge : पहला चैलेंज है महिलाएं आपस में एक दूसरे का सम्मान करना सीखें देखिये जब तक हम आपस में एक नहीं होंगे हमारे अधिकार हमे कोई नहीं देगा। कुछ विषय हैं जिनमें हमे सुदृढ़ होगा। जैसे 1. हर महिला यह प्रण लें की वह न दहेज देगी और न ही लेगी। होना

2 . प्रत्येक महिला अपने पुत्र के विवाह में पुत्रवधु को संतानवती होने का आशीर्वाद देना शुरू करें न की पुत्रवती। पुत्र या पुत्री होना महिला के वश में नहीं ये तो पुरुष के जीन ड्रीी करते हैं। फिर हमारा पुत्रवती कहना मतलब हम पुत्र चाह रहे हैं। जब ईश्वर ने महिला को सिर्फ देने योग्य बनाया है लेकिन लिंगभेद करने योग्य नहीं तो हम ये भेद क्यों पैदा करें तथा हम स्वय महिला हो कर पुत्री के जन्म पर खुश क्यों न हों।

3. अपने पुत्र व पुत्री की परवरिश में कोई भेद न करे। पुत्र से न केवल सभी गृह कार्य करवाएं जाएं बल्कि उन्हें सभी महिलाओं का सम्मान कैसे करना है सिखाया जाये।

4. नशामुक्ति के लिए हम सभी को मिल कर कार्य करना पड़ेगा। शराब, गुटका, तथा अन्य ड्रग्स से मुक्त समाज बने इसकी Awareness लानी होगी तथा मोबाइल पर फैलने वाली अश्लील कंटेंट से अपने बच्चों व परिवार का बचाना होग।

## चुनौतियाँ तो हमेशा रहेंगी ... आप बस निडर होकर कर्म करो



**डॉ. रेणु शर्मा**
(इंटेसिविस्ट एवं क्रिटिकल केअर स्पेशलिस्ट)
समाजसेवी

आज की महिला बहुत सशक्त है। किंतु है तो इस समाज से ही। चाहे वह होम मेकर हो या किसी पेशे में, चुनौतियां हर समय होती है। कभी कभी परिस्थिति से असहज होकर या घबराकर महिलाएं कुछ अनचाहे निर्णय ले लेती हैं। वर्क प्लेस में दिक्कत आने पर उसे छोड़ देती है या शादी के बाद परिवार वालो या पति से सामंजस्य न बनने पर रिश्तों में खटास ले आती हैं। अनेक बार तो लोगों की बातों को सुनकर ही अपने फैसले बदल देतीं हैं। हमे यह विचार करना चाहिए कि लोगों को बातें बनाने की आदत होती है। समय आने पर वे सृष्टि की रचना करने वाले सर्वशक्तिमान भगवान को कोसने का मौका नही छोड़ते तो हमारी क्या ही हैसियत। इसलिए दूसरों की बातों पर ध्यान न दें। हमे अपने जीवन की नाव की पतवार को अपने हाथ मे रखना चाहिए और नदी के बहाव के साथ ही बहते हुए अपने जीवन को आगे बढ़ाना चाहिए। जब कोई बड़ी लहर आये तो पतवार से अपनी कश्ती को सम्हाले। आप स्वयं शक्ति स्वरूपा है किसी से भयभीत होने की आवश्यकता नही है आपको। बस स्वयं पर विश्वास रखे फिर देखिए लोग कैसे आपमे विश्वास जगाते हैं। जय हो



**डॉ. छाया झा**
बी.एच.एम.एस, सी.जी.ओ,
एस.वी.डी,
एम डी. ई एम एस (पुणे)
नेचर क्योर

मैं डॉ. छाया झा, एक होम्योपैथिक डॉक्टर और एक शिक्षक के साथ साथ एक गृहणी भी हूँ, मैं अपने दैनिक कार्यो और जिम्मेदारियों को निभाते हुए सामाजिक कार्यों में भी हिस्सा लेती हूँ, मुझसे बेहतर कौन समझ सकता है कि प्रत्येक नारी अपने जीवन में किन कठिनाइयों के साथ संघर्ष करके एक नारी शब्द की परिभाषा को पूर्ण करती है।

भारतीय संस्कृति में नारी को बहुत महत्व दिया है, कहा है 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' अर्थात जहाँ नारी की पूजा होती है, वहाँ देवता निवास करते हैं। किन्तु वर्तमान के जो हालत हैं उसमें नारी का हर जगह अपमान होता चला जा रहा हैं, धरती पर सबसे पवित्रतम रूप हैं "नारी" क्योकि ईश्वर की जन्मदात्री भी नारी ही है। किसी समय नारी को कमजोर समझा जाता था, पर आज के दौर में नारी ने अपनी मेहनत और मेधा शक्ति के बल से हर क्षेत्र में प्रवीणता अर्जित कर ली है, नारी सदैव पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर तो चलती ही है, बल्कि उनसे भीअधिक जिम्मेदारियों का निर्वाह करती है। अंत में मैं यही कहना चाहूँगी कि हर महिला का सम्मान करें, नारी अवेहलना, भ्रूण हत्या जैसे कार्यों को न करें और न बढ़ावा दें। नारी के अपमान को रोकें और उसे उचित सम्मान दें।

**नेचर क्योर मल्टी स्पेशलिटी होम्योपैथिक एवं वैकल्पिक चिकित्सा केंद्र**
**ए-346, न्यू मीनाल रेसीडेन्सी, नियर गेट नं. 4 , अपोजिट डी-मार्ट भोपाल म. प्र.**

## भोपाल शहर के घरों को नया लुक देने में अहम भूमिका निभा रहा है इंटीरियर इनसाइड : रेणुका वर्मा

भोपाल में इंटीरियर डेकोर की दुनिया में तेजी से उभरता हुआ नाम 'इंटीरियर इनसाइड' आज शहर की पहली पसंद बन गया है। इस स्टोर की फाउंडर एंड डायेक्टर रेणुका वर्मा ने अपने बिजनेस्स स्किल्स और यूनिक अप्रोच से इसे एक सक्सेसफुल ब्रांड में तब्दील कर दिया है। हाल ही में रेणुका वर्मा को हरिभूमि द्वारा वुमन अवॉर्ड 2025 से नवाजा गया, जो उनकी कड़ी मेहनत और डेडिकेशन का प्रमाण है। यह सम्मान मध्यप्रदेश के शहर की प्रमुख हस्तियों की मौजूदगी में प्रदान किया।



रेणुका वर्मा
फउंडर एवं डायरेक्टर
इंटीरियर इनसाड

### वन-स्टॉप सॉल्यूशन

इंटीरियर इनसाइडश भोपाल के जे.के. रोड पर स्थित है और यह होम डेकोरेशन से संबंधित हर प्रकार के प्रोडक्ट्स और सॉल्यूशंस उपलब्ध कराता है। यहां ट्रेडिशनल, मॉडर्न और वेस्टर्न सभी स्टाइल्स में वैरायटी मिलती है। रेणुका वर्मा के विजन के अनुसार, हर कस्टमर का घर खास होना चाहिए और इसी सोच को ध्यान में रखते हुए यहां आपको दीवारों की डेकोरेशन से लेकर लिविंग रूम और बेडरूम के लिए बेस्ट फर्नीचर मिल जाएगा।

### ड्रीम टू सक्सेस : रेणुका वर्मा की जर्नी

रेणुका वर्मा का इंटीरियर डेकोरेशन के प्रति इंटरेस्ट बचपन से ही था। उनका सपना था कि वो अपने घर को खूबसूरत और कंफर्टेबल बनाएं। हालांकि, फैमिली की जिम्मेदारियों ने उनके इस ड्रीम को कुछ वक्त के लिए थाम लिया, लेकिन सही टाइम पर उन्होंने इसे पूरा करने की ठानी। पति के सपोर्ट से उन्होंने 'इंटीरियर इनसाइड' की शुरुआत की, जो अब सेंट्रल इंडिया का तेजी से बढ़ता हुआ होम डेकोर स्टोर बन गया है।

रेणुका वर्मा की लीडरशिप में 'इंटीरियर इनसाइड'' ने सिर्फ बिजनेस नहीं किया, बल्कि समाज में भी एक पॉजिटिव इम्पेक्ट छोड़ा है। कस्टमर्स के लिए उनकी बेहतरीन सर्विस और यूनिक प्रोडक्ट्स ने भोपाल और उसके आसपास के क्षेत्रों में एक भरोसेमंद नाम बन चुका है।

### नारी सशक्तिकरण की मिसाल: रेणुका वर्मा

रेणुका वर्मा का ये सफर उन सभी महिलाओं के लिए एक इंस्पिरेशन है जो अपने ड्रीम्स को पूरा करना चाहती हैं। उन्होंने साबित किया है कि एक महिला फैमिली की जिम्मेदारियों को निभाते हुए भी अपने प्रोफेशनल ड्रीम्स को पूरा कर सकती है। रेणुका वर्मा का धैर्य, समर्पण और स्ट्रॉन्ग लीडरशिप उनके बिजनेस और समाज में उनकी अहमियत को दिखाता है।

### महिलाओं के लिए प्रेरणा बनी रेणुका

रेणुका वर्मा और उनका 'इंटीरियर इनसाई' न केवल एक सक्सेसफुल बिजनेस मॉडल है, बल्कि यह उन तमाम महिलाओं के लिए प्रेरणा है जो अपने ड्रीम्स को हकीकत में बदलना चाहती हैं। उनकी कड़ी मेहनत, डेडिकेशन और लीडरशिप ने उन्हें यहां तक पहुंचाया है। उनकी कहानी बताती है कि अगर आपके पास संकल्प और सही दिशा है. तो आप किसी भी मंजिलको पास सकते हैं।



**सीमा कुशवाह**
डायरेक्टर
वर्ल्ड वाईड एजुकेशन

**महिला सशक्तिकरण क्या है ?**
महिला सशक्तिकरण को बेहद आसान शब्दों में परिभाषित किया जा सकता है कि इससे महिलाएं शक्तिशाली बनती है जिससे वह पअने जीवन से जुड़े हर फैसले स्वयं ले सकती है और परिवार और समाज में अच्छे से रह सकती है। समाज में उनके वास्तविक अधिकार को प्राप्त करने के लिए उन्हें सक्षम बनाना महिला सशक्तिकरण है। इसमें ऐसी ताकत है कि वह समाज और देश में बहुत कुल बदल सके। वह समाज में किसी समस्या को पुरुषों से बेहतर ढंग से निपट सकती है। 'महिला सशक्तिकरण' के बारे में जानने से पहले हमें ये समझ लेना चाहिये कि हम 'सशक्तिकरण' से क्या समझते है। 'सशक्तिकरण' से तात्पर्य किसी व्यक्ति की उस क्षमता से है जिससे उसमें ये योग्यता आ जाती है जिसमें वो अपने जीवन से जुड़े सभी निर्णय स्वयं ले सके। महिला सशक्तिकरण में भी हम उसी क्षमता की बात कर रहे है। जहाँ महिलाएँ परिवार और समाज के सभी बंधनों से मुक्त होकर अपने निर्णयों की निमार्ता खुद हो।

## डेनेशिया अलाइनर्स से आपके दांतों को मिलेगा सही शेप



**डॉ. पूजा त्रिपाठी**



**डॉ. प्रशांत त्रिपाठी**

अगर आप अपने दांतो के आकार से खुश नहीं हैं और खूबसूरत मुस्कान पाना चाहते हैं तो अलाइनर्स ट्रीटमेंट आपके लिए एक बेहतरीन विकल्प हो सकता है। यह तकनीक ब्रेसिज का आधुनिक और सुविधाजनक विकल्प है, जो न केवल समय की बचत करता है बल्कि दर्द और असुविधा से भी दूर रखता है। इसी विषय पर चर्चा के लिए हमने भोपाल स्थित डेनेशिया सुपरमल्टीस्पेशलिटी डेंटल हॉस्पिटल के डायरेक्टर और अलाइनर एक्सपर्ट डेंटिस्ट प्रशांत त्रिपाठी एवं पूजा त्रिपाठी से खास बातचीत की। सवाल-जवाब के जरिए जानें अलाइनर्स की खासियत

**प्रश्नः अलाइनर्स क्या होते हैं?**
उत्तर (डॉ. प्रशांत) असान शब्दों में कहां तो जो भी चीज किसी को सही लाइन या आकार में ला सके, उसे अलाइनर्स कहते है। यह एक पारदर्शी प्लेट की तरह होता है, दांतों को धीरे-धीरे आकार में लाने में मदद करता है।

**प्रश्नः ब्रेसिज और अलाइनर्स में क्या फर्क हैं?**
उत्तर (डॉ. प्रशांत) ब्रेसिज में तारों के जरिए को सीधा किया जाता है। इसमें हर महीने डेंटिस्ट के पास जाना पड़ता है और लगभग के साल का समय लगता है। वहीं, अलाइनर्स में तारों की कोई जरूरत नहीं होती। यहीं पारदर्शी प्लेट के जरिए बिना दर्द और तकलीक के दांतों को सही शेप में लाता है।

**प्रश्नः डेनेशिया अलाइनर्स क्यों बेहतर है?**
उत्तर (डॉ. पूजा) अलाइनर्स कई वजहों से ब्रेसिज से बेहतर है। इसमें दर्द बिल्कुल नहीं होता, समय की बचत होती है और बार-बार डेंटिस्ट के पास जाने की जरूरत नहीं होती। साफ-सफाई आसान होती है और यह किसी भी उम्र के व्यक्ति के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। खासतौर पर वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए यह बेहतरीन विकल्प है।

**प्रश्नः अलाइनर्स के और क्या फायदे हैं?**
उत्तर (डॉ. पूजा) इसे खाने और ब्रश करने के समय आसानी से निकाला जा सकता है एवं रिजल्ट एक्यूरेट रहता है। इसमें बदबू या खून आने जैसी समस्या नहीं होती। दांतों की सफाई अच्छी रहती है। यह किसी भी उम्र के व्यक्ति के लिए उपयुक्त है।

**प्रश्नः इस ट्रीटमेंट की कीमत क्या है?**
उत्तर (डॉ. पूजा): पहले अलाइनर्स की कीमत काफी ज्यादा थी, लगभग 5 लाख रूपये थी। लेकिन अब यह तकनीक किफायती हो गई है। शुरूआत केवल 1500 प्रतिमाह से होती है। ट्रीटमेंट को कुल अवधि 6 महीने से 2 साल के बीच होती है, जो दांतों की स्थिति पर निर्भर करती है।

**प्रश्नः क्या ट्रीटमेंट के नतीजे पहले से देखे जा सकते हैं?**
उत्तर (डॉ. पूजा) हाँ, डेनेशिया की टीम आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल करके फोटोग्राफ के जरिए केवल दो मिनट में आपकी भविष्य की मुस्कान दिखा सकती है।

**प्रश्नः क्या यह ट्रीटमेंट भोपाल में उपलब्ध है?**
उत्तर (डॉ. पूजा): बिल्कुल, डेनेशिया सुपरस्पेशालिटी हस्पिटल की भोपाल में 8 ब्रांच हैं। आप 9200200300 पर कॉल या व्हाट्सएप के जरिए अपॉइमेंट बुक कर सकते हैं। अब इंतजार क्यों? अगर आप भी अपनी मुस्कान को खूबसूरत और आत्मविश्वास से भरी बनाना चाहते हैं, तो अलाइनर्स ट्रीटमेंट आपके लिए सही विकल्प है। डेनेशिया की टीम से जुड़े और अपनी मुस्कान को नई पहचान दें।








**श्रीमती श्वेता चौकसे**
डायरेक्टर
एल.एन.सी.टी. समूह

भारतीय धर्म - संस्कृति महिलाओं को सशक्तता प्रदान करती है, आज हम महिला सशक्तिकरण की बात कर रहे है, यह सशक्तिकरण तो हमारे धर्म ग्रंथो, पुराणों, वेदों, ऋचाओं में पहले से ही विद्धमान है। इतिहास इसका साक्षी है। वर्तमान में भी हमारे देश के विभिन्न संवेदनशील और उत्तरदायित्वपूर्ण पदों पर महिलाएं पूर्ण जिम्मेदारी से अपनी भूमिका निभा रही है, चाहे वह केन्द्र सरकार में हमारी वित्त मंत्री हो या महामहिम माननीय राष्ट्रपति महोदया।

सर्व शक्तिशाली प्रकृति जिसमें पंच तत्व निहित है और वह इन्ही से संपूर्ण विश्व का सृजन करती है। एक तरफ गोरी स्वरूप में शिवजी की भार्या ओर गणेश जी की माता है तो दूसरी तरफ दुष्टों का दमन करने वाली महाकाली है, हमारे ईश्वर को भी हम सीता - राम, लक्ष्मी नारायण, राधे - कृष्ण के रूप में पूजते है। इतिहास की बात करें तो शहीद रानी लक्ष्मीबाई जी, स्व. अहिल्याबाई जी, सभी के लिए प्रेरणा है,

हमें यह भी मानना होगा कि कुछ लोगों के निहित स्वार्थों और मानसिकता के कारण भारतीय समाज, महिलाओं के साथ भेदभाव करने के लिए बदनाम हुआ है।

आज नारी को वास्तविकता में अपने आत्मबोध की आवश्यकता है क्योंकि हमारे भारत का संविधान भी उसे समानता का दर्जा प्रदान करता है चाहे वह शिक्षा हो या कार्य करने का अधिकार, उसे आवश्यकता है अपनी सोच तथा कौशल विकास की ताकी एक ऐसे समाज का निर्माण कर सके जिसमें उसे अपनी सोच रखने, आत्मनिर्भर बनने की आजादी हो ओर किसी अनिष्ट का भय न हो, नारी की क्षमता का दायरा इतना वृहद ओर विशाल है कि हम उन्हें सर्वगुण संपन्न कहते है, ग्रंथों में भी कहा गया है देवता भी वही निवास करते है जहाँ नारी का सम्मान होता है, हमारी संस्था में भी छात्राऐ, शिक्षिकाए एवं महिला कर्मचारी सभी कार्यों में बढ़ चढ़कर अपनी हिस्सेदारी बखूबी निभा रही है, ओर हमारी एलएनसीटी समूह की एलुमनाई ने सेना, प्रशासनिक सेवा, चिकित्सा शिक्षा, खेल-कूद, चिकित्सा - सेवा, विज्ञान, तकनीक, राजनीति, समाज सुधार आदि सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। सभी को महिला दिवस की शुभकामनाएं, आइए एक बार पुन: संकल्प ले महिलाओं के सम्मान का !

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930